हिन्दी दैनिक

प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 13.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 230 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

पर्व-त्योहारों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री सोरेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि होली, सरहुल, ईद, रामनवमी सहित अन्य त्योहारों के दौरान राज्य में विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों का उत्सव अपराधमुक्त वातावरण में, आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाया जाना चाहिए।

बुधवार को झारखंड मंत्रालय में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य के किसी भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव या विवाद उत्पन्न न हो। पुलिस को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश देते हुए उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने को कहा।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित संवेदनशील क्षेत्रों में शांति समिति के साथ निरंतर बैठक कर समन्वय स्थापित करें। भीड़-भाड़ वाले जगहों, धार्मिक स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती करें तथा शरारती तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि पर्व-त्योहारों के समय सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखें। अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्यमंत्री के समक्ष राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक विशेष शाखा प्रभात कुमार, पुलिस महानिरीक्षक अभियान एवी होमकर, पुलिस महानिरीक्षक अपराध अनुसंधान विभाग असीम विक्रांत मिंज, पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय मनोज कौशिक सहित अन्य वरीय पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने दिये ये निर्देश

- आगामी पर्व-त्योहार (होली, ईद, रामनवमी, सरहुल) के मद्देनजर अपेक्षित निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
- विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए दण्डाधिकारी/बलों की उपलब्धता एवं प्रतिनियुक्ति करें।
- धार्मिक स्थलों के आस-पास की सुरक्षात्मक कार्रवाई और सीसीटीवी का लगाने एवं इलेक्ट्रॉनिक सर्विलास की व्यवस्था की जाए।
- जुलूस मार्गों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें।
- जुलूस मार्गों में पड़ने वाले संवेदनशील स्थानों और अन्य संवेदनशील स्थानों में दण्डाधिकारी- बलों की प्रतिनियुक्ति एवं विडियोग्राफी-ड्रोन के जरिये एरियल सर्विलांस की व्यवस्था सुनिश्चित करने।
- जुलूस के साथ दण्डाधिकारी -बलों की प्रतिनियुक्ति एवं क्यूआरटी दफ्फर की व्यवस्था करने।
- जुलूस मार्गों में लगातार प्रकाश और लाउड स्पीकर की व्यवस्था करने।
- संयुक्त नियंत्रण कक्ष और आपातकालीन योजना सुनिश्चित करने।
- जिला स्तरीय थाना की ओर से शांति समिति की बैठक करने।
- जिलों में दंगा रोधी सुरक्षा उपकरणों, दंगा रोधी वाहन, वॉटर केनन की उपलब्धता का सत्यापन और एंटी रॉयट कन्ट्रोल ड्रील की व्यवस्था करने।
- अवैध मादक पदार्थों-शराब के विरूद्ध छापेमारी करने
- डीजे सहित अन्य साउण्ड सिस्टम के जरिये उत्तेजक भडकाउ गानों के प्रसारण पर रोक लगाने।
- सुरक्षा बलों के लिए भोजन,आवास और पानी की व्यवस्था करने।
- पर्व-त्योहार के दौरान आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने।

मंत्री इरफान अंसारी ने 166 लोगों को सौंपा नियुक्ति पत्र, बोले- जल्द होगी 10 हजार बहाली

इन्हें मिला नियुक्ति पत्र

- 56 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी
- 24+17 चिकित्सा पदाधिकारी
- 57 ओटी टेक्नीशियन
- 11 डेंटल सर्जन
- 1 विधि परामर्शी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बुधवार को विभाग के नवनियुक्त कर्मियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया। बता दें कि सभी कर्मचारी की बहाली अनुबंध पर की गई है। इस कार्यक्रम में कुल 166 लोगों को नियुक्ति पत्र दिया गया। आज के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, ओटी टेक्नीशियन और दंत चिकित्सक के पदों पर नियुक्त किया गया है। मंत्री इरफान अंसारी ने इस दौरान कहा झारखंड में बहुत जल्द स्वास्थ्य विभाग में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। डॉक्टर की कमी से भी सरकार जल्द निपटेगी। आने वाले समय में स्वास्थ्य विभाग और भी नियुक्ति करने जा रही है। सभी जिले से रिक्वायरमेंट मांगा गया है। आने वाले समय में करीब 10 हजार नियुक्ति होने जा रही है। रिटायर्ड डॉक्टर की भी सेवा लिया जाएगा। कॉलेज में पढ़ने के बाद 3 साल काम करना पड़ेगा। ऐसा नियम बनाया जाएगा।

रिम्स के लोड को कैसे कम किया जाए इसपर भी विभाग काम कर रही है। आने वाले दिनों में कई मेडिकल कॉलेज, डॉक्टर की सीट भी बढ़ाए जाएंगे। हर पंचायत में बनेंगे मेडिकल कॉलेज। उन्होंने कहा कि अकटेक्नोलॉजी रोबोटिक टेक के मदद से झारखंड के लोगों का इलाज होगा। जल्द मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी होगी। 108 एंबुलेंस के संख्या में बढ़ेगी। बाइक एंबुलेंस की भी व्यवस्था की जा रही है ताकि जहां बड़ी एंबुलेंस नहीं जा सकती वहां बाइक एंबुलेंस का इस्तेमाल किया जाएगा। हर जिले में हेलिकॉप्टर एंबुलेंस की सेवा शुरू होगी। प्राइवेट हॉस्पिटल में मरीज के मरने के बाद अनाप शनाप बिल दे देते है। ये परिजन की लिए पीड़ादायक होता है। प्राइवेट हॉस्पिटल को मरीजों के प्रति सहानुभूति होना चाहिए। प्राइवेट हॉस्पिटल ने इलाज को कॉमर्शियल कर दिया है। उन्होंने सख्त निर्देश दिया है कि जब मरीज की मौत हो जाती है तो शव को बिना बिल लिए छोड़ दिया जाए। ऐसा नहीं करने पर करवाई होगी। सभी नवनियुक्त कर्मचारी को बधाई दी।

देश में डिजिटल अरेस्ट और साइबर अपराध तीन गुना बढ़े : सरकार

नयी दिल्ली : केंद्र सरकार ने राज्यसभा में बताया कि देश में डिजिटल अरेस्ट के मामले और उससे संबंधित साइबर अपराधों में पिछले तीन वर्ष में तीन गुना बढ़ोतरी दर्ज की गई। वहीं सरकार ने साइबर अपराधों से निपटने के लिए उठाए गए कदमों के तहत 13.36 लाख से अधिक शिकायतों में 4,386 करोड़ रुपये से अधिक की राशि को बचाया गया है। गृह राज्यमंत्री बंडी संजय कुमार ने राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर डिजिटल अरेस्ट और ब्लैकमेल के दर्ज अपराधों के आंकड़े प्रस्तुत किए। आंकड़ों के अनुसार एनसीआरपी पर 2022 में 39,925 ऐसी घटनाएं दर्ज की गईं जिनमें कुल 91.14 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई। वर्ष 2023 में 60,676 ऐसे अपराध दर्ज किए गए जिनमें कुल 339.03 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई।

एक नजर

दिल्ली के बदरपुर इलाके में महिला ने दो बेटियों के साथ की खुदकुशी

नयी दिल्ली : दक्षिण पूर्वी जिले के बदरपुर इलाके में एक महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी दो बेटियों के साथ खुदकुशी कर ली। बुधवार शाम पड़ोसियों ने तेज बदबू आने के बाद पुलिस को कॉल किया। पुलिस ने दमकल विभाग की मदद से दरवाजे को खोला। कमरे के अंदर जाने पर पता चला कि एक कमरे में एक महिला व दो बच्चियों का शव सड़ी-गली अवस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। मरने वालों की पहचान पूजा (40) और उनकी दो बेटियों (उम्र 16 एवं 18 वर्ष) के रूप में हुई है। डीसीपी रवि कुमार सिंह ने कहा कि डॉक्टरों के पैनल द्वारा सभी शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। पुलिस अधिकारी ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

बीजापुर में एक लाख के इनामी सहित पांच नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर : सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के जवानों ने बुधवार सुबह मारुड़बाका के जंगल से एक लाख के इनामी सहित पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने इन नक्सलियों के पास से भारी मात्रा में प्रचार सामग्री, पर्चे और बैटरियां बरामद की हैं। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उसूर, सीआरपीएफ 229 बटालियन और कोबरा 201, 205, 206 की संयुक्त टीम ने नेलाकांकेर, मारूड़बाका और कमलापुर इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया।

पाकिस्तानी सेना ने हाईजैक ट्रेन से 190 यात्री बचाए, बीएलए के 30 लड़ाके ढेर

एजेंसी

क्वेटा : पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के बोलान जिले में सेना और बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों के बीच पिछले करीब 27 घंटे से चल रहा संघर्ष अभी खत्म नहीं हुआ है। पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने बीएलए के कब्जे से 190 बंधकों को मुक्त करा लिया है। इस दौरान अब तक बीएलए के 30 लड़ाके मारे गए हैं। इधर, बीएलए का भी दावा है कि उसने 27 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया है। हालांकि, बीएलए के कब्जे में बाकी बंधकों की संख्या का पता नहीं चल सका है, लेकिन विभिन्न मीडिया रिपोर्ट में इनकी संख्या 59 बताई जा रही है।

अखबार डॉन ने बुधवार को पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के हवाले से बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एयर फोर्स और सेना के जवान बलूच लड़ाकों को घेरे हुए हैं। बीएलए के लड़ाके आत्मघाती जैकेट पहने हुए हैं। इस कारण बाकी बंधकों को मुक्त कराने में कठिनाई हो रही है। वे बंधकों को सुरक्षा कवच के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। अब तक 190 बंधकों को मुक्त करा लिया गया है, जिसमें 37 यात्री जख्मी हो गए हैं। पाकिस्तानी सेना ने बीएलए के 30 लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया है तो दूसरी तरफ बीएलए का कहना है कि उसने भी पाकिस्तान के 27 सैनिकों को मार गिराया है।

बीएलए के लड़ाकों ने क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर मंगलवार को दोपहर करीब 01 बजे हमला करके उसके यात्रियों को बंधक बना लिया था। इस हमले को बोलान जिले के माशकाफ इलाके के गुडालार और पीरू कुनरी के बीच अंजाम दिया गया। यह पहाड़ी इलाका है, जिसके कारण ट्रेन धीमी गति से जा रही थी। ट्रेन की कुल नौ बोगियों में 400 से अधिक यात्री सवार थे।

मयंक और राहुल सिंह करेंगे अमन साव गिरोह का संचालन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : गैंगस्टर अमन साव के एनकाउंटर के बाद अब मयंक सिंह और राहुल सिंह उसके गिरोह का संचालन करेंगे। इस संबंध में अमन साव गिरोह के मयंक सिंह ने सोशल मीडिया पर बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकरी दी है।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि अब गैंग का संचालन मयंक सिंह और राहुल सिंह करेंगे। गैंग से जुड़े सभी लोगों और बॉस अमन साव से व्यक्तिगत रूप से जुड़े हुए सभी लोगों को यह बताना चाहता हूं कि आपलोगों को किसी प्रकार की चिंता नहीं करनी है। बॉस अब हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनका साथ हमेशा हमारे साथ और हमारे ऊपर बना रहेगा।

प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अमन साहू का जेल के अंदर रहना जैसे हमारे लिए कमजोरी थी। उसके ठीक उल्टा अब हमलोग उनके कारण और भी दिव्य, गंभीर और शक्तिशाली बन गये हैं। हमें अपने भाई अमन साव पर गर्व है कि उसने जीते जी पूरे तंत्र को हिला रखा था। इस बात का भी गर्व है कि पूरे सिस्टम का मालिक होने के बाद भी विरोधियों को हमारे भाई को साजिश रचकर मारना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि पलामू पुलिस के अनुसार अमन साव को 11 मार्च की सुबह करीब 09:30 बजे आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) सेंट्रल जेल रायपुर से एनआईए कोर्ट रांची में पेशी के लिए सेंट्रल जेल होटवार ला रही थी। इसी दौरान पलामू के चैनपुर थाना और रामगढ़ थाना के बोर्डर पर चैनपुर थाना अंतर्गत अंधारी ढोढा घाटी में जंगल का फायदा उठाते हुए अमन साव के गुर्गों ने अमन साव को पुलिस के गिरफ्त से छुड़ाने के लिए बम फेकते हुए पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने लगे। इसी बीच अफरा तफरी के माहौल का फायदा उठाते हुए अमन साव एक जवान का हथियार छिन कर गाड़ी से उतर कर फायरिंग करते हुए भागने लगा। फायरिंग के दौरान एक जवान के जांघ में गोली लग गई। इसके बाद एटीएस ने आत्मरक्षा में जबाबी कार्रवाई किया इसी क्रम में अमन साव मारा गया और उसके गुर्गे फायरिंग करते हुए जंगल का फायदा उठा कर वहां से भागने में सफल रहे।

एनकाउंटर के बाद अमन साव के शव से परिजनों का किनारा

रांची : झारखंड में कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के एनकाउंटर के बाद उसका शव लेने से उसके परिजनों ने इनकार कर दिया है। अमन के पिता निरंजन साव का कहना है कि वे पलामू नहीं जाएंगे, बल्कि पुलिस ने जिस तरह उनके बेटे को मारा, उसी तरह शव को घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी भी उनकी है। मंगलवार देर रात मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज, पलामू में डॉक्टरों की 5 सदस्यीय टीम ने अमन साव का पोस्टमॉर्टम किया।

कैबिनेट : प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली रोकने को विशेष कोर्ट गठन की मिली मंजूरी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड सरकार की कैबिनेट बैठक में बुधवार को राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में होने वाली धांधली को रोकने के लिए विशेष कोर्ट के गठन की मंजूरी दी गई। इसके तहत परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम और निवारण के उपाय अधिनियम-2023 की धारा-26 के तहत अपर न्यायायुक्त-एक, रांची के कोर्ट को विशेष कोर्ट के रूप में स्वीकृति दी गई।

कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसले

- झारखंड हाई कोर्ट में दायर मामले में माभगत चरण महांती, भूतपूर्व पदचर की सेवा नियमित करने और उनकी बेटी प्रिया महान्ती को अनुकंपा पर नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई।
- झारखण्ड सम्पूर्ण बिजली आच्छादन योजना के तहत बचे हुए कार्यों को पूरा करने के लिए मार्च, 2025 तक योजना के अवधि विस्तार की स्वीकृति दी गई।
- ऊर्जा विभाग के मुख्ये अभियंता के सचिव अरविन्द कुमार बलदेव प्रसाद के इलाज में हुए 28 लाख रुपये के खर्च की राशि का भुगतान करने का निर्णय लिया गया। उनके कैंसर का इलाज अपोलो प्रोटोन कैंसर सेंटर, चेन्नई में किया गया था।
- गोड्डा के एनआरईपी के पूर्व कार्यपालक अभियंता राधेश्याम मांझी पर लगाए गए दो वेतन वृद्धि की रोक के खिलाफ विरूद्ध समर्पित अपील को स्वीकृत करते लगाए गए दंड के परिमार्जन की स्वीकृति दी गई।
- भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी स्वार्गीय नागेन्द्र कुमार सिन्हा को एयर एम्बुलेन्स से रांची से हैदराबाद ले जाने और इसपर खर्च हुए 14.52 लाख रुपए देने का निर्णय लिया गया।
- जल संसाधन विभाग के विशेष भू-अर्जन और पुनर्वास कार्यालयों के छटनीग्रस्त कर्मियों की सेवा समाप्ति और पुनर्बहाली के बीच की सीमा सेवा के दौरान वेतन देने का निर्णय लिया गया।
- द्वितीय (बजट) सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर घटनोत्तर स्वीकृति दी गई।
- एकीकृत बिहार पंचायत राज वित्त निगम लिमिटेड के कर्मियों के बकाया वेतन के भुगतान की स्वीकृति दी गई।
- राज्य के एसटी, एससी, अल्पसंख्यक और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के नियंत्रण में चलने वाले आश्रम विद्यालयों, पीवीटीजी आवासीय प्राथमिक विद्यालयों, अनुसूचित जनजाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय तथा अनुसूचित जाति आवासीय प्राथमिक विद्यालयों के संचालन गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से कराने की अवधि विस्तारित करने की स्वीकृति दी गई।
- राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट के लिए नियुक्त विधि पदाधिकारियों और उनके एसोसिएट काउंसेल की ओर से हाई कोर्ट के अलावा मुख्यालय के अंदर किसी अन्य कोर्ट या न्यायाधिकरण में पैरवी करने के लिए फीस निर्धारण की स्वीकृति दी गई।

मतदाता पहचान पत्र के लंबित आवेदनों का जल्द करें निष्पादन : के रवि कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि मतदाता पहचान पत्र से संबंधित सभी आवेदनों को ससमय निष्पादित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता को मतदाता पहचान पत्र पंजिकरण से संबंधित कोई शिकायत न रहे। के. रवि कुमार बुधवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के डाटा इंट्री ऑपरेटरों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है कि मतदाता पहचान पत्र बनाने में जीरो एरर के लक्ष्य से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि विगत के चुनावों में मतदाता सूची के निर्माण एवं मतदाताओं के पंजिकरण के लिए बेहतर कार्य हुए हैं।

एक नजर

मध्य विद्यालय में विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण

चौपारण : प्रखंड के कई पंचायत के वर्ग अष्टम के विद्यार्थियों के बीच बुधवार को साइकिल का वितरण किया गया। जगदीशपुर के उमवि में 26 छात्रा एवं 14 छात्र के बीच जगदीशपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर साव एवं शिक्षक महेश यादव ने संयुक्त रूप से साइकिल का वितरण किया। वहीं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय नीमा में दैहर मुखिया ब्रह्मदेव भुईया ने अभिभावक बैठक कर बच्चों मे पोशाक वितरण एवं मध्य विद्यालय पथलगड़ा में कक्षा आठवीं मे पढ़ रहे छात्र एवं छात्राओं के विद्यार्थियों के बीच साईकिल का वितरण किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार ने कहा कि साइकिल के मिलने से दूरी के कारण बच्चों का पढ़ाई बीच में नहीं छूटेगा और उच्च विद्यालय आने जाने में इन्हें काफी सुवीधा मिलेगी। यहां के शतप्रतिशत बच्चे भी आसानी से मैट्रिक की परीक्षा पास कर सकेंगे।

भारत स्काउट एंड गाइड ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन

हजारीबाग : भारत स्काउट और गाइड जिला मुख्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भारत स्काउट और गाइड हजारीबाग जिले के पदाधिकारी गण एवं स्काउट गाइड ने मिलकर इस समारोह को धूमधाम से मनाया। उक्त कार्यक्रम मे राजेश्वर प्रसाद सिन्हा, डॉ प्रभात कुमार प्रधान, मधुसूदन सिंह, उज्जवल कुमार, प्रवीण कुमार जायसवाल, शत्रुंजय पाठक, संजय कुमार, विनय मोहन चौधरी भैया विवेक प्रियदर्शी रागिनी सिन्हा विक्रम कुमार तन्मय सोनी सहित अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

होलिका दहन को लेकर विधि विधान के साथ की गई डांडा पूजा

रामगढ़ : श्री मारवाड़ी सत्यनारायण मंदिर एवं धर्मशाला संस्था के तत्वाधान में बुधवार को शहर के लोहार टोला स्थित होलिका दहन स्थल पर विधिवत रूप से डांडा पूजन किया गया। पुजारी मदन मोहन शास्त्री ने यजमान बिमल बुधिया, मुरारीलाल अग्रवाल, संजीव बेरलिया, सुनील गोयल, प्रदीप शर्मा के हाथों समस्त पूजन कार्य संपन्न करवाया। इस मौके पर विमल बुधिया ने बताया कि गुरुवार की रात 11 बजे होलिका दहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि होली के डांडे की विधिवत पूजा की जाती है। होलिका दहन के पहले दो डांडे रोप जाते हैं, इसमें एक डांडा होलिका का प्रतीक होता है और दूसरा भक्त प्रहलाद का। इन दोनों डांडों की पूजा की जाती है। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, सुरेश पी अग्रवाल, महावीर खंडेलवाल, जगदीश गोयल, पीयूष बरेलिया, अरविंद गोयल, विजय अग्रवाल, हरीश चौधरी, ओमप्रकाश खंडेलवाल, मनोज चौधरी, अभिशेष अग्रवाल, राजू शर्मा, मनोज मित्तल, संजू गोयनका, प्रवीण अग्रवाल, राजेश गोयल, नरेश अग्रवाल, रतन अग्रवाल, हरि शर्मा आदि उपस्थित थे।

एनटीपीसी पदाधिकारी कुमार गौरव की हत्या का असर

पांचवें दिन भी कोयला डिस्पैच बंद, 20 करोड़ रुपये का सरकार को नुकसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : एनटीपीसी के डीजीएम डिस्पैच केरेडारी कुमार गौरव की हत्या के बाद एनटीपीसी का कोयला रैक पिछले चार दिनों से बंद है। हजारीबाग एनटीपीसी कोल माइंस से देश के विभिन्न बिजली ताप घरों तक कोयला नहीं पहुंच रहा है। हजारीबाग से इन विद्युत ताप घरों में रेलवे के माध्यम से कोयला पहुंचता है। इससे रेल को बड़ा राजस्व मिलता है। 8 मार्च से कोयला रैक परिचालन ठप है। इससे करीब 20 करोड़ रुपये का नुकसान होने के असार है। बानादाग कोल साइडिंग पर मालवाहक ट्रेन खड़ी हैं। प्रत्येक दिन 10 से 15 रैक कोयले की

ढुलाई बानादाग व अन्य एनटीपीसी रेलवे साइडिंग से होती है। पिछले 4 दिनों से कोयले की ढुलाई ठप होने से रेलवे को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। डीजीएम की हत्या के बाद से एनटीपीसी कोयला ढुलाई का कार्य बंद है। बुधवार को भी एनटीपीसी के चट्टी बरियातु, पकरी बरवाडीह और केरेडारी कोल परियोजना से कोयले की ढुलाई नहीं हुई है। एनटीपीसी के अधिकारी व कर्मी सुरक्षा की मांग, दोषियों पर कार्रवाई, अपराधियों की गिरफ्तारी और पीडित परिवार के लिए मुआवजा एवं नौकरी की मांग कर रहे हैं। एनटीपीसी में सेवा देने वाले पदाधिकारी ने कहा यह आंदोलन नहीं है। बल्कि कुमार गौरव की हत्या का न्याय मांगने की लड़ाई है उन्होंने कहा कि पूरा एनटीपीसी परिवार आज दहशत में है। लोग के मन में यह भय है कि अगर वे कार्य क्षेत्र में जाएंगे तो कहीं अगला शिकार खुद ना बन जाए। यही कारण है कि सभी पदाधिकारी और कर्मी एनटीपीसी के ट्रांजिट दफ्तर में ही यह लड़ाई लड़ रहे हैं।इन चार दिनों में सिर्फ पकरी बरवाडीह कोयला परियोजना में करीब दो लाख टन उत्पादित कोयला डंप हो गया है। इन चार दिनों में कंपनी को जहां करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है, वहीं सरकार के खाते में जाने वाली 15.04 करोड रुपए रॉयल्टी का नुकसान हुआ है। कोयले का उत्पादन कार्य जारी है पर डिस्पैच कार्य पूरी तरह से बंद हो गया है। इधर एम्पलाई एसोसिएशन ने डीजीएम हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। पकरी बरवाडीह कोल परियोजना से 50 हजार मिट्रिक टन, चट्टी बरियातु कोल परियोजना से 18 से 20 हजार मिट्रिक टन और केरेडारी कोल परियोजना से 20 हजार मिट्रिक टन कोयले का उत्पादन होता है। मालूम हो कि शनिवार 8 मार्च को एनटीपीसी के डीजीएम (डिस्पैच एंड बिलिंग) कुमार गौरव की फतहा चौक पर दिनदहाड़े गोली मार कर हत्या कर दी गई थी।इस घटना के साथ ही पूरे देश स्तर पर खलबली मच गई।

शांतिप्रिय एवं नशामुक्त होली मानने को लेकर सदर एसडीओ ने लागू की निषेधाज्ञा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह, हजारीबाग के आदेश ज्ञापांक 45/मु०/सी०, दिनांक 31/03/2025 के संयुक्त आदेशानुसार देश के विभिन्न भागों में घटित साम्प्रदायिक घटना एवं पूर्व के वर्षों में जिले में घटित घटना के आलोक में वर्तमान में साम्प्रदायिक स्थिति को देखते हुए होली-2025 को सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु पूरे हजारीबाग अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। अतएव, सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे ने अपनी प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए हजारीबाग सदर अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू किया है।

1. होली के दिन किसी भी घातक हथियार, अग्नेयास्त्र, लाठी इत्यादि को लेकर चलने पर प्रतिबंध लागू रहेगा। 2. होली पर्व के अवसर पर Social Networking जैसे Whatsapp, Twitter, Facebook and any other Social Media/Media Platform पर भड़काऊ साम्प्रदायिक मैसेज ऑडियो/विडियो के प्रेषण पर प्रतिबंध। उक्त आदेश का उल्लंघन करने के आलोक में संबंधित व्यक्ति, एडमिन पर सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई की जायगी। 3. होलिका दहन एवं होली कार्यक्रम के दौरान जबरदस्ती न तो किसी को गुलाल रंग लगाया जाय और न ही किसी प्रकार की हुडदंगबाजी की जाय जिससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। 4.The Jharkhand Control of the use and play of Loudspeakers Act. 1955 के अंतर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे तक वर्जित रहेगा। 5. होली के दिन शांतिप्रिय और नशामुक्त कार्यक्रम होना चाहिए। 6. दिनांक 13/03/2025 को आयोजित होलिका दहन का कार्यक्रम ऐसे जगह आयोजित हो जो बीजली के पोल, अत्यधिक भीड़-भाड़ वाली जगह से दूर हो। 7. होलिका दहन एवं होली कार्यक्रम को आयोजित करने के दौरान यातायात व्यवस्था को बाधित नहीं किया जाएगा। 8. यह निषेधाज्ञा आदेश सरकारी कार्य हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों/पुलिस चल/सरकारी कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा।

श्री हनुमंत छठे वार्षिकोत्सव के प्रवचन में पहुंचे हजारों श्रद्धालु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चौपारण : प्रखण्ड के बिगहा स्तिथ श्री हनुमंत सेवा संस्थान द्वारा आयोजित छठे वार्षिकोत्सव सह यज्ञ समारोह में भक्तों के भीड़ के साथ कई अतिथि भी प्रवचन मंच का उद्घाटन की। प्रवचन में अयोध्या धाम से आए युवा कथाकार शिवांगी गोस्वामी ने हनुमान जी के जीवन से पराक्रम, भक्ति और श्रद्धा की दिव्यता की अनुभूति होती है। उनका जीवन केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि यह एक संजीवनी है, जो हमें हर संकट से उबरने का संदेश देता है। हनुमान जी की कथा केवल एक ऐतिहासिक या पौराणिक कथा नहीं है बल्कि यह एक आध्यात्मिक यथार्थ है, जो हमें अपने जीवन को नई दिशा देने का अवसर प्रदान करती है। वहीं प्रवचन में पहुंचे बरही डीएसपी अजित कुमार विमल ने मंच का उद्धघाटन उपरांत भगवान श्री कृष्ण जी के महिमा को बताया।बताया कि श्री कृष्ण ने सदैव अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए कार्य किया। श्रद्धालुओं ने कथा के माध्यम से भगवान श्री राम और हनुमान जी के लीलाओं से प्रेरणा लेकर भक्ति मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। श्री हनुमंत कथा के समापन अवसर पर विशेष महा प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें लगभग दस हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद का ग्रहण किया। प्रवचन मंच का बरही डीएसपी अजीत कुमार बिमल, सीओ संजय यादव, थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, एसआई रवि रंजन, देव प्रकाश, बादल महतो, समाजसेवी हरिश्चंद्र सिंह, मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव यादव सहित अन्य द्वारा उद्घाटन किया गया।

झारखंड इंटर कॉलेज में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बड़कागांव : झारखंड इंटर कॉलेज में प्राचार्य विनोद यादव की अध्यक्षता व शमशेर अंसारी की संचालन में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित शिक्षक छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को रंग अबीर गुलाल लगाकर होली मनाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान लोगों ने होली के गीत गाकर खूब मनोरंजन किया। प्राचार्य विनोद यादव ने कहा कि तिलक होली खेले और पानी को बचाएं ,होली एक प्रेम भाई चारगी का संदेश देता है हमें मिलजुल कर आपसी मतभेद भुलाकर होली माननी चाहिए। याद रखें की जबरदस्ती किसी को रंग या अबीर नहीं लगानी चाहिए। मौके पर कार्यक्रम मे कॉलेज प्रोफेसर मो शमसेर अंसारी, रंजीत कुमार, धर्मनाथ कुमार, सूरज कुमार दास, गोपी कुमार, पूनम कुमारी, मोनिका कुमारी, आकांक्षा कुमारी, ईशा कुमारी, मोती, कुमारी ममता कुमारी, सपना कुमारी के साथ सैकड़ो छात्र उपस्थित थे।

होली खुशियां बांटने का त्यौहार है इसे सौहार्द पूर्वक मनाएं : जयंत सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : लोकसभा के पूर्व सांसद सह पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत सिन्हा के द्वारा डेमोटांड स्थित ऋषभ वाटिका के प्रांगण में एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह के अवसर पर लोकसभा क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित होकर जयंत सिन्हा को रंग गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार करते हुए होली की बधाई दिया। इस समारोह को भव्य तरीके से मनाने के लिए लोकसभा क्षेत्र के स्थानीय कलाकारों के द्वारा होली के सुंदर गीत ढोलक मंजीरे के साथ गाकर उपस्थित कार्यकताओं को भरपूर आनंद दिया। इस अवसर पर हजारीबाग के विशेष पकवान बर्रा, घुसका, कचरी, मालपुआ, दहीबड़ा के साथ स्वादिष्ट भोजन का भरपूर

आनंद उठाया। होली मिलन समारोह के अवसर पर जयंत सिन्हा ने उपस्थित कार्यकताओं सहित हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम देव तुल्य जनता को अपनी शुभकामना संदेश में कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, भिन्न-भिन्न रंगों और गुलाल से होली खेली जाती है। सभी की भावना का सम्मान करते हुए अपने खुशी का इजहार करें, किसी की भी भावना को ठेस ना लगे इसका विशेष ध्यान रखें। इस त्यौहार में कोई बड़ा या कोई छोटा नहीं होता है। सारा देश प्यार के रंगों में सराबोर होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से टुन्नू गोप, सुरेंद्र सिन्हा, नारायण चंद्र भौमिक, प्रकाश मिश्रा, आनंद देव, भैया अभिमन्यु प्रसाद, प्रियम्बदा, अनुपम सिंह, अजय कुमार, दिलीप कुमार, दिलीप कुमार डब्बू, नवीन रंजन दुबे, अनिल सिंह,मुक्त सहाय, उषा पांडे, जीवन मेहता, मुरारी सिंह, जगतार सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

विश्वकर्मा समाज राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा है इसके विकास के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

हजारीबाग : विश्वकर्मा समाज जिला कमिटी, हजारीबाग द्वारा भाग्यमणि विवाह भवन में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर समाज के सैकड़ों लोग एकत्र हुए और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली की खुशियां बांटी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद शामिल हुए। उन्होंने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि विश्वकर्मा समाज के लोगों ने हमेशा समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने समाज के हित में हरसंभव सहयोग देने

का आश्वासन दिया और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में विशेष रूप से उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा, जिला अध्यक्ष यदु राणा, जिला सचेतक महावीर राणा, महासचिव बृजलाल लाल राणा, महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा सहित समाज के अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। होली मिलन समारोह के दौरान समाज की उन्नति और संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि विश्वकर्मा समाज को संगठित रहकर शिक्षा, रोजगार और सामाजिक उत्थान की दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि युवा, महिलाओं की भागीदारी पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा और स्वरोजगार के माध्यम से समाज की युवाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करना आवश्यक है। वहीं, युवाओं को संगठित करने और उन्हें समाज के विकास से जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिसमें समाज के युवाओं ने होली के पारंपरिक गीतों पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। गुलाल और अबीर उड़ाकर सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी और भाईचारे का संदेश दिया। समारोह के सफल आयोजन में विश्वकर्मा समाज जिला कमिटी, हजारीबाग के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का समापन होली की शुभकामनाओं एवं समाज को संगठित रखने के संकल्प के साथ हुआ।

संक्षिप्त खबरें

ओरिया शिवमंदिर में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

हजारीबाग : मंगलवार की देर संध्या सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया शिवमंदिर प्रांगण में प्रति मंगलवार की तरह सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके साथ ही हनुमान चालीसा पाठ, संकटमोचन, श्रीराम स्तुति एवं विधिवत आरती किया गया। ग्रामीणों ने सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर बल एवं बुद्धि का आशीर्वाद मांगा। साथ ही सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। इस दौरान शिवमंदिर प्रांगण में रंगोत्सव होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। एक-दुजे को अबीर- गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। होली के रंगों की तरह जीवन में खुशियां भरने हेतु प्रार्थना किया। समाज में एकजुटता एवं सामाजिकता का संदेश दिया। आपसी भाईचारगी एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व मनाने का संकल्प लिया। इस क्रम में भक्ति एवं रंगो की उत्साह का अद्भुत संगम दिखा। वरीष्ठ ग्रामीणों का चरणस्पर्श कर बच्चे एवं युवाओं ने शुभ आशिर्वाद प्राप्त किया। भक्ति एवं उत्साह से ग्रामीण सरोबार रहे। मौके पर विशेष रूप से विनोद कुमार सिन्हा, मोहन साव, बासुदेव साव, अशोक यादव, विजय साव, बबलू यादव, विजय यादव, प्रकाश साव, चंदन कुमार, प्रियांशु कुमार, रवि कुमार, सोनू कुमार, गणेश कुमार, कौलेश्वर यादव, रोहित कुमार, पृथ्वी यदुवंशी, बंटी कुमार, रंजन कुमार, करण कुमार, शिवम कुमार, राज कुमार, मोहित कुमार, रोहित कुमार, मिथलेश कुमार, राहुल कुमार, आकाश कुमार, राहुल कुमार,पीयूष कुमार, नितेश कुमार, ललन कुमार, मोहित कुमार एवं गोलू राणा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

बड़कागांव : बड़कागांव प्रखंड के बादम मेंआजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड शांति देवी की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिस में बादम आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और होली का गीत भी गया गया स्वादिष्ट पकवान का भी खूब आनंद लिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व मुखिया दीपक दास ने कहा कि होली भाईचारे का त्यौहार है लोग आपस में मतभेद नहीं रखें बल्कि भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण होली मनाए इस कार्यक्रम में उपस्थित, उप मुखिया संतोष मेहता, मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, पूजा रानी, राजकुमार महतो, टिंकू कुमार राणा, सन्मिका देवी, रोशन वर्मा, मुख्य रूप से उपस्थित थे।

विनोद कुशवाहा ने होली का त्योहार प्रेम सौहार्द और शांति के साथ मनाने की अपील की

हजारीबाग : झारखंड कांग्रेस महासचिव विनोद कुशवाहा ने जनता से अपील की है कि वे होली का त्योहार प्रेम, सौहार्द और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल रंगों का नहीं, बल्कि भाईचारे और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। विनोद कुशवाहा ने अपने संदेश में कहा कि होली उत्साह और उमंग का त्योहार है, लेकिन इसे मयार्दा और संयम के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों, भड़काऊ बयानों और असामाजिक तत्वों के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में इस समय सामाजिक सौहार्द बनाए रखना बेहद जरूरी है। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने के लिए स्थानीय प्रशासन के निदेर्शों का पालन करें और कानून-व्यवस्था में सहयोग दें। कुशवाहा ने कहा कि होली केवल एक धर्म विशेष का नहीं, बल्कि सभी का त्योहार है। इस अवसर पर सभी को एक-दूसरे से मिलकर गिले-शिकवे मिटाने चाहिए और एक नए सिरे से रिश्तों को मजबूत करना चाहिए। उन्होंने खासतौर पर युवाओं से अपील की कि वे होली खेलते समय शालीनता बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अनुचित हरकत से बचें। शराब या नशे की स्थिति में किसी को परेशान करना या अभद्रता करना त्योहार की गरिमा को ठेस पहुंचा सकता है। इसके अलावा, कांग्रेस महासचिव ने स्थानीय प्रशासन से अपील की कि वे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम करें। खासकर संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसे द्वेष और कटुता के बजाय प्रेम और मेल-मिलाप के पर्व के रूप में मनाया जाना चाहिए। सभी नागरिकों को चाहिए कि वे इस त्योहार को सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की भावना के साथ मनाएं।

आपसी सौहार्द के साथ नशामुक्त होली मनाने का संकल्प लें युवा : प्रशांत कुमार

हजारीबाग : रामनवमी संरक्षण समिति हजारीबाग ने बुधवार को मालवीय मार्ग स्थित बड़ा अखाड़ा में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने किया। होली मिलन समारोह के दौरान होली खेले रघुबीरा अवध में, रंग बरसे, जैसे पारंपरिक गीतों पर संरक्षण समिति सदस्यों ने जम कर मस्ती किया साथ ही साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया वहीं पारंपरिक व्यंजन कचरी, बर्रा, धुस्का, पकौड़ी, मालपुआ का लुफ्त उठाया। होली मिलन समारोह के दौरान रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान ने कहा कि हजारीबाग सहित देश के लोगों को होली की शुभकामना देते हुए कहा कि यह त्यौहार आपसी प्रेम का प्रतीक है इसे सौहार्द पूर्वक मनाएं आगे उन्होंने कहा कि हजारीबाग में होली का एक अलग ही उत्साह होता है उसका मुख्य कारण है कि होली के साथ साथ हजारीबाग में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त रामनवमी का आगाज भी होता है, होली और रामनवमी का त्यौहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। इस मौके पर रामनवमी संरक्षण समिति अध्यक्ष प्रशांत कुमार प्रधान, कार्यकारी अध्यक्ष निशांत प्रधान, महंत विजयानंद दास, राजकुमार यादव, पिंटू सिन्हा, राकेश सिन्हा, कुशल सिन्हा, ओम प्रकाश गोप, राजेश गोप, बीरू सिंह , सचिव एवं विभिन्न अखाड़ों के अध्यक्ष सचिव व गणमान्य लोग शामिल रहे।

जनजातियों छात्रों के बीच होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राष्ट्र संवर्धन समिति की ओर बुधवार को जनजातियों छात्रों के बीच होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष विवेक भसीन ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाए और होली की बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड, जो एक जनजातीय बाहुल्य राज्य है, वहां विभिन्न राष्ट्र विरोधी शक्तियां जनजाति समाज के बीच विद्वेष और अलगाव फैलाने के प्रयास कर रही हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में पत्थरगढ़ी, पैसे के आधार पर अनाथों के दत्तक देने जैसे मुद्दों और चाईबासा में कोल्हान को एक अलग राज्य बनाने की मांग ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में एक बड़े षड्यंत्र की संभावना है, जो राष्ट्र के खिलाफ कार्य कर रहा है। इन परिस्थितियों में, संगठन ने पिछले दो वर्षों में जनजातीय बालकों के लिए निःशुल्क छात्रावास चलाया है। इस छात्रावास का नाम प्रणवानंद बिरसा मुंडा

जनजातीय छात्रावास रखा गया है। यह छात्रावास समाज के सहयोग से सफलतापूर्वक चल रहा है और इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के बालक भारतीय जीवन मूल्यों के आधार पर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि संगठन की आगे की योजना मैकलुस्कीगंज में विद्यालय सह छात्रावास का निर्माण करना है। इसके लिए संस्था ने भूमि भी प्राप्त की है और वर्तमान में वहां ग्राम जागरण और ग्राम संस्कार केंद्रों के माध्यम से कार्य चल रहा है। आगामी समय में, वहां 2000 जनजातीय बालकों के लिए निशुल्क शिक्षा देने के उद्देश्य से एक आधुनिक और सुविधायुक्त शिक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा, जो भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित होगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्र संवर्धन समिति, जो कि सोसाइटी निबंधन एक्ट 1860 के धारा कके अंतर्गत निर्बंधित एक सामाजिक संगठन है, इसका प्रधान कार्यालय रांची के निवारणपुर स्थित श्री निकेतन में है। यह संगठन राष्ट्रीय जीवन मूल्यों के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ वंचित समुदायों के बीच जीवनमूल्य आधारित शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक सहयोग कार्यों को बढ़ावा देता है। होली मिलन समारोह के अवसर पर, समाज के कई प्रतिष्ठित सदस्य और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए। समारोह में प्रमुख रूप से अनिल ठाकुर, गुंजन भसीन, विजय कुमार, विष्णु जालान, गणेश रेड्डी, राजीव कमल बिट्टू, राजकिशोर सिंह, आनंद दूबे, कर्मवीर सिंह, धनंजय सिंह, वेदान्त, संजीव, सौरभ, ऋषिकेश कुमार, रुपेश चौबे, राजेंद्र मिश्र, विजय घोष, महेंद्र कुमार, संजय कुमार, डॉ ज्योति प्रकाश समेत समाज और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एक नजर

गोशाला धाम में 9 दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ 17 से

रांची : रांची गोशाला न्यास के हुटुप गोशाला धाम परिसर में 17 से 25 मार्च तक श्रीराम कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रभारी वासुदेव भल्ला और मुकेश काबरा बुधवार को बताया कि नौ दिवसीय श्रीराम कथा की कथा व्यास संगीता किशोरी दोपहर तीन से छह बजे तक कथा का वाचन करेंगी। उन्होंने कहा कि रांची के हुटुप गोशाला धाम में आयोजित होने वाली श्रीराम कथा न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह समाज में सत्य, प्रेम और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करने का एक प्रयास भी है। इस प्रकार के आयोजनों से हमें जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा मिलेगी। महिलाओं की ओर से 17 मार्च को सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी।

अमन साव गिरोह के तीन अपराधी गिरफ्तार

रांची : झारखंड की राजधानी रांची की पुलिस ने अमन साव गैंग के तीन अपराधियों को बीती रात गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सिकिदरी थाना क्षेत्र के अजय सिंह,रातू थाना क्षेत्र के समीर कुमार बाग्ची उर्फ कुल्लू बंगाली और मांडर थाना क्षेत्र के वसीम अंसारी शामिल है। इनके पास से एक पिस्टल, मैग्जीन, दो गोली, दो देशी कट्टा, दो गोली और एक बाइक बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि सात मार्च को कोयला व्यवसायी विपिन मिश्रा के ऊपर फायरिंग की गई थी। इसके बाद रांची पुलिस ने कई टीमों का गठन कर संगठित अपराधियों के खिलाफ एक साथ सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान अमन साव गैंग के तीन सदस्यों को अवैध आग्नेयास्त्र एवं गोली के साथ पकड़ा गया है, पकड़े गए सभी अपराधकर्मियों का पूर्व अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया कि अजय सिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में 14 से अधिक मामले दर्ज है। जबकि समीर कुमार बाग्ची उर्फ कुल्लू बंगाली पर पूर्व से तीन से अधिक मामले दर्ज है। वसीम अंसारी पे० जमरूद्दीन अंसारी के खिलाफ विभिन्न थानों में चार मामले दर्ज हैं।

झारखंड में 14 से लू का अर्ल्ट, बरतें सावधानी

रांची : झारखंड में मार्च माह से ही लू चलने लगेगी। मौसम विभाग ने इसे लेकर बुधवार को अर्ल्ट जारी किया है। विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने कहा कि 14 मार्च को राज्य के दक्षिण-पूर्वी भाग तथा 15 और 16 मार्च को पलामू तथा गढ़वा जिले में लू चलने की आशंका है। उन्होंने बताया कि 14 मार्च को विशेष रूप से कोल्हांन प्रमंडल के जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला खरसावां में लू चलने की आशंका व्यक्त की गई है।
ये सावधानी बरतने की सलाह वहीं लू को लेकर विभाग ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है और कहा है कि उपर्युक्त जिलों में लोग दोपहर में निकलने से बचें। साथ ही बच्चे और बुजुर्गों का विशेष रखने को कहा गया है तथा गर्मी से बचने के लिए छाता और ठंडा पेय का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

होली पर 14 और 15 मार्च को कोरियर सेवाएं बंद रहेंगी

रांची : झारखंड कोरियर एसोशिएसन के पदाधिकारियों की एक बैठक एसोशिएसन के अध्यक्ष प्रेम मित्तल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से होली के अवसर पर अवकाश की चर्चा की गई। बैठक का संचालन सचिव प्रदीप राजगढ़िया ने किया। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार होली के अवसर पर सभी कोरियर कंपनियां 14 मार्च और 15 मार्च को बंद रहेंगी। इसके अगले दिन 16 मार्च को रविवार की साप्ताहिक बंदी है। इसके पूर्व 13 मार्च को होलिका दहन के दिन कोरियर के कार्यालय समय से पूर्व जल्दी ही बंद हो जाएंगे और काम प्रभावित रहेगा। इस प्रकार होली पर कोरियर सेवाएं लगातार चार दिनों तक प्रभावित होंगी।

रिम्स का 14 और 15 मार्च को बंद रहेगा ओपीडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रिम्स का ओपीडी 14 और 15 मार्च को बंद रहेगा। रिम्स प्रशासन ने बुधधार को एक सूचना जारी कर यह जानकारी दी है। जारी सूचना के मुताबिक, इस दौरान ईमरजेंसी सेवा, फोरेंसिक मेडिसिन, रेडियोलॉजी विभाह और पाकशाला अन्य दिनों की तरह की खुला रहेगा। जारी सूचना के मुताबिक, होली को लेकर 14 मार्च को छुट्टी घोषित है। इसलिए ओपीडी सेवाएं बंद रहेंगी। जबकि 15 मार्च को भी ओपीडी सेवा बंद रखने का फैसला लिया गया है। दोनों दिन ओपीडी के अलावा निदेशक कार्यालय, चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय, सभी विभाग, पुस्तकालय, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, पैथोलॉजी विभाग, जीव रासायन विभाग, एमआरडी और सेंट्रल पैथोलॉजी विभाग बंद रहेगा।

आश्रम हत्या कांड: मुख्य आरोपित ने पुलिस की पिस्टल छीनने का किया प्रयास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रांची के चान्हो थाना क्षेत्र स्थित आनंद मार्ग आश्रम में छह मार्च की रात हुई डकैती के दौरान साधु मुकेश साह और राजेंद्र यादव की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित मो. प्रिंस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आरएन चौधरी ने बुधवार को बताया कि रांची पुलिस ने मंगलवार देर रात बीआईटी थाना क्षेत्र से प्रिंस को पकड़ा था। उसकी निशानदेही ही पर पुलिस हत्या में प्रयुक्त हथियार का खोजबीन कर रही थी, इसी दौरान प्रिंस पुलिस की अभिरक्षा से भगाने के उद्देश्य से हथकड़ी पकड़े सिपाही को धक्का देकर चान्हो थाना प्रभारी का पिस्टल छिनने का प्रयास किया। डीएसपी ने बताया कि इस दौरान पिस्टल से गोली

चलने से अपराधी प्रिंस के बांये पैर में गोली लगी। इसके बाद पुलिस की टीम के जरिये उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएसपी ने बताया कि इस घटना में शामिल चार अपराधियों को पुलिस ने सात मार्च को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं एक अपराधी ने बीते 10 मार्च को पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया था। गिरफ्तार आरोपितों में मो. प्रिंस, गुलाम गौस, जितेन्द्र यादव, अरविंद यादव, सूरज पाहन और अफरोज अंसारी शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने एक 12 हजार रुपये नकद, एक चांदी की सिकड़ी, एक देशी पिस्तौल, तीन जिंदा गोली, दो मैगजीन लगा पिस्टल, एक स्कार्पियों सहित अन्य सामान बरामद किये गये हैं। डीएसपी ने बताया कि सभी अपराधियों ने पातकोई जंगल में बैठकर आश्रम में लूटपाट करने की योजना बनाई थी, इसके बाद सभी आश्रम पहुंचे। इसके बाद अपराधियों ने साधु मुकेश साह और राजेंद्र यादव की गोली मारकर हत्या कर दी। राजेंद्र को तीन गोली मारी गई है, जबकि मुकेश को एक गोली मारी गई है। राजेंद्र यादव कुछ दिनों से आश्रम में साधु मुकेश साह के साथ ही रहता था।

सीयूजे में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आज समापन हुआ। संगोष्ठी का विषय था क्लीन एनवायरमेंट इनविजनड टुवड्र्स विकसित भारत इस आयोजन में पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधान पर गहन विचार-विमर्श किया गया। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. अरविंद चंद्र पांडेय, पूर्व संकायप्रमुख, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संकाय, ने इस सेमिनार को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि दो दिनों की चर्चा से कई विज्ञान-आधारित समाधान उभरकर सामने आए, जो वैज्ञानिकों, नीति-निमार्ताओं और आम जनता के लिए उपयोगी होंगे। विशिष्ट अतिथि प्रो. रतन कुमार डे ने सीयूजे के पर्यावरण विज्ञान विभाग के कार्यों की सराहना की। समापन सत्र की अध्यक्षता प्रो.

मनोज कुमार, संकायाध्यक्ष, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संकाय ने की. उन्होंने विभाग की गतिविधियों और सफल प्रयोगों की जानकारी दी। प्रतिष्ठित संस्थानों से विद्वानों की भागीदारी संगोष्ठी संयोजक एवं पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. भास्कर सिंह ने सेमिनार की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बताया कि पिछले दो दिनों में कुल 50 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। इस संगोष्ठी में सीएसआईआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूल रिसर्च, आईसीएफआरई - इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट प्रोडक्टिविटी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, बीआईटी मेसरा, इग्नू, केंद्रीय विश्वविद्यालय दक्षिण बिहार और रांची विश्वविद्यालय सहित कई प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञ और शोधार्थी शामिल हुए।

तीन महीने से नहीं मिला वेतन, झारखंड की शराब दुकान के सेल्समैन परेशान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड में शराब दुकानों के सेल्समैन को पिछले तीन महीने से वेतन नहीं मिला है। राज्य की 1529 लाइसेंसी शराब दुकानों में कार्यरत 4400 से अधिक सेल्समैन होली से पहले वेतन न मिलने से आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

रोजाना करोड़ों का राजस्व, लेकिन कर्मी वेतन से वंचित

राज्य सरकार को शराब की बिक्री से रोजाना करीब 1 करोड़ रुपये का राजस्व मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद सेल्समैन और कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा। सेल्समैनों ने बताया कि उनकी भर्ती नियोजनालय और उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से की गई थी, लेकिन नियुक्ति कंपनी द्वारा श्रम अधिनियम का पालन किए बिना की गई।

1529 शराब दुकानें, 1564 की थी योजना

झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा राज्यभर में 1564 शराब दुकानें संचालित करने की योजना थी, लेकिन वर्तमान में 1529 दुकानें चल रही हैं। हर दुकान पर एक सुपरवाइजर और दो सेल्समैन तैनात हैं, जो रखरखाव, बिक्री, स्टॉक मिलान और एकाउंट्स का काम संभालते हैं।

होली पर आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मचारी

त्योहार के समय वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सेल्समैनों ने श्रम कानूनों के उल्लंघन और वेतन में देरी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।

एबी स्विच लगाकर दूर होगी पावर कट की समस्या : महाप्रबंधक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राज्यो के इंडस्ट्रीयल फीडर में बार-बार पावर कट की समस्या को लेकर बुधवार को चेंबर के एनर्जी उप समिति के अध्य?क्ष एनके पाटोदिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल विद्युत आपूर्ति के महाप्रबंधक मनमोहन कुमार के साथ वार्ता की। इस मौके पर जीएम ने आश्वस्त किया कि चैंबर की ओर से दी गई सूची पर जहां भी एबी स्विच लगाने की जरूरत होगी, लगाकर पावरकट की समस्या को कम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेंटेनेंस के लिए फिक्स टाइम निर्धारित करने तथा उसका प्रकाशन समाचार पत्रों में करने के आग्रह पर उन्होंने टीएसई सप्लाई को कार्रवाई के लिए कहा। इसके

अलावा रांची में जहां-जहां अंडरग्राउंड केबलिंग हुई है, वहां से ओवरहेड लाइन को हटाने की बात पर जीएम ने कहा कि इसे हटाने से बरसात के दिन में स्टैंड बाय लाइन की समस्या हो सकती है। इसलिए इसे मेंटेन करके रखा जायेगा। वहीं स्मॉर्ट मीटर के फास्ट रीडिंग की बात पर विमर्श के क्रम में यह तय हुआ कि स्मॉर्ट मीटर बहुत सी खूबियां हैं।

स्मार्ट मीटर की दी जाएगी जानकारी

महाप्रबंधक ने कहा कि उपभोक्ताओं को स्मॉर्ट मीटर कैसे ऑपरेट करना है, इसकी विधिवत जानकारी मोबाइल एप्प और समाचार पत्रों के माध्यम से प्रचारित की जायेगी। यह बताया गया कि उपभोक्ता स्वयं ही मीटर की रिडींग लेकर विभाग को भेज सकते हैं, उसी बेसिस पर उनका बिल बना दिया जायेगा। जेबीवीएनएल के पोर्टल पर भुगतान की समस्या को दूर करने की बात पर अवगत कराया गया कि पोर्टल की समस्या को दूर कर लिया गया है, आगे से भुगतान में कोई समस्या नहीं होगी। वहीं बार-बार पावरकट की समस्या के समाधान के लिए बताया गया कि सुप्रिटेंडेंट इंजीनियर एक टाइम शिडयूल बनाकर उसे सकुर्लेट करेंगे कि किस फीडर पर कब मेंटेनेस के लिए पावरकट होगा। उन्होंने कहा कि नये कनेक्शन में अधिक देरी की समस्या पर विभाग अध्ययन कर, समस्या को हरसंभव दूर करने का प्रयास करेगा। सिक्योरिटी पर ब्याज विशेषकर डोमेस्टिक और कमर्शियल कंज्यूमर को मिले, इसपर जीएम ने बताया कि साल में एक बार इंडस्ट्रीयल उपभोक्ताओं को सिक्योरिटी पर ब्याज दिया जा रहा है। डोमेस्टिक और कमर्शियल उपभोक्ताओं को भी मिले, इसके लिए वे अपने स्तर से एक प्रस्ताव हेडक्वार्टर को भेंजेंगे। इंस्टॉलमेंट में भुगतान का विकल्प उपभोक्ताओं को नियमित रूप से मंथली बिल नहीं मिलने की शिकायत पर चैंबर ने यह सुझाया कि यदि किसी का बिल 4-5 माह का है तो उसे बिना डीपीएस के 4-5 इंस्टॉलमेंट में भुगतान का विकल्प दिया जाय।

संक्षिप्त खबरें

राज्यपाल से विभिन्न संगठनों के शिष्टमंडल मिले जेटीईटी परीक्षा, कुर्मी आरक्षण और वृद्धाश्रम पर चर्चा

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को विभिन्न संगठनों के शिष्टमंडलों ने राजभवन में मुलाकात की और विभिन्न मांगों को लेकर पहल करने का आग्रह किया। महिपाल महतो के नेतृत्व में प्रशिक्षित शिक्षक संघ के शिष्टमंडल ने राज्य में जेटीईटी परीक्षा के आयोजन को लेकर राज्यपाल से पहल करने का अनुरोध किया।वहीं, हरेन्द्र कुमार महतो के नेतृत्व में एक अन्य शिष्टमंडल ने कुर्मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) का दर्जा देने की मांग को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की। इसके अलावा, नेशनल सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने एन.सी. कर्जी के नेतृत्व में राज्यपाल से भेंट कर वरिष्ठ नागरिकों के लिए वृद्धाश्रम स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

पुलिस ने दो डकैतों को किया गिरफ्तार

रांची : दशम फॉल थाना पुलिस ने डकैती का खुलासा करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए डकैतों की पहचान शिबा नायक उर्फ लम्बु और दाउद नाग के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से दो बाइक, छह हजार रुपये और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। थाना प्रभारी प्रशांत गौरव ने बुधवार को बताया कि दो मार्च को दशम फॉल थाना क्षेत्र के ग्राम सरजमडीह में पांच-छह अज्ञात अपराधियों ने हथियार के बल पर डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। अपराधियों ने पीड़ित तुलसी भगत से करीब एक लाख रुपये नकद और एक सैमसंग मोबाइल लूट लिया था। इस घटना के संबंध में पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले के खुलासे के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने दोनों अपराधियों को खूंटी जिले से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपित पहले भी खूंटी जिले से जेल जा चुके हैं।

बाइक चोर गिरोह का खुलासा, दो नाबालिग सहित छह गिरफ्तार

रांची : रांची पुलिस ने बुधवार को बाइक चोर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने चोर गिरोह के छह लोगों को पकड़ा है। इनमें सुभाष उरांव, भागीरथ कुमार, संतोष लकड़ा, अमन कुमार के अलावा दो नाबालिग भी शामिल हैं। साथ ही दो नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। इस गिरोह की डीआईजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा को गुप्त सूचना मिली थी। इसी के आधार पर पुलिस की टीम ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र में छापेमारी की और चोरी की चार बाइक के साथ दो नाबालिग सहित छह को पकड़ा है। पुलिस सभी से पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर डीएसपी हटिया पीके मिश्रा के नेतृत्व में कई टीम का गठन कर छापेमारी की जा रही है।

अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

रांची : रांची के तमाड़ थाना पुलिस ने अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में रविन्द्रनाथ महतो और अजीत अहीर शामिल है। दोनों तमाड़ थाना क्षेत्र के रहने वाले है। इनके पास से 1.4 किलो ग्राम अफीम और एक बाइक बरामद किया गया है। थाना प्रभारी रोशन कुमार ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि तमाड़ थाना के-जिलिंग सेरेंग गांव में बाइक से दो व्यक्ति अफीम लेकर तस्करी करने वाले हैं। सूचना के बाद वाहन चेकिंग शुरू किया गया। सामने से एक बाइक पर दो व्यक्ति को आते देखा गया, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। सशस्त्र बल के सहयोग से दोनों को खदेड़ कर पकड़ा गया। इनके पास से अफीम बरामद किया गया। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

फूलों पुष्पों के होली के रंग अपनों के संग

रांची : बुधवार को रांची पंडरा रवि स्टील डिफेंस कॉलोनी के विपरीत स्थित रोड पर झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के प्रदेश मुख्यालय शौंडिक भवन शौंडिक धर्मशाला परिसर में प्रदेश शौंडिक संघ एवं इस्कॉन ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में पुष्प फूलों की होली मिलन समारोह मनाया गया। प्रदेश शौंडिक संघ के माननीय अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु जी ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान जैसे फूलों पुष्पों कि होली कार्यक्रम में इस्कॉन ग्रुप के वृन्दावन धाम से चल कर वरिष्ठ संन्यासी परम पूज्य भक्ति आश्रय वैष्णव स्वामी महाराज जी, साथ ही रांची इस्कॉन मंदिर संचालन के मुख्य संरक्षक मधुसूदन मुकुंद दास जी महाराज का शुभ आगमन अरूणदेव जी जैसे अनुयायि के सहयोग से हुआ महाराज जी द्वारा विशेष कथा एवं वृंदावन से पधारे संन्यासियों ने अपने भक्तिमय कीर्तन मंडली के प्रस्तुति भक्तों माताओं बुजुर्गो बहनों के बीच रखा जहां नाच गान से अति उत्साहित श्रद्धालुओं ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम स्थल पर राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार की माननीय सदस्य ममता कुमारी जी बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ मुख्यालय शौंडिक भवन में शामिल हुई। झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहु, महामंत्री उमेश साहु प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय संयोजक मंडली के सदस्य बीरेंद्र साहु, मुख्य संरक्षक उदय शंकर प्रसाद साहु,संरक्षक कुमुद प्रसाद साहु उर्फ मंटू बाबू, अरुण गुप्ता, धीरज प्रसाद साहु, प्रदेश कार्यक्रम प्रभारी उदय साहु, अरुण देव कुमार, ने बताया कि इस्कॉन अंतराष्ट्रीय ग्रुप द्वारा लगातार तीन दिनों तक आज 12 मार्च को झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ रांची के मुख्यालय शौंडिक भवन में 13 मार्च दिन गुरुवार को पंच देव मंदिर पहन टोली बढ़गाई रांची, 14 एवं 15 मार्च को इस्कॉन मंदिर लेक एवेन्यू कांके रोड में फूलों पुष्पों कि होली मिलन का कार्यक्रम जारी रहेगा।

एक नजर

गोल्ड मेडल जीतकर लौटे तीरंदाज गोल्डी मिश्रा को जेकेएलएम ने किया सम्मानित

बोकारो : बोकारो जिले के चन्दनकियारी पश्चिमी पंचायत के गोल्डी मिश्रा ने थाइलैंड में खेले गए एशिया कप तीरंदाजी टूनार्मेंट में गोल्ड मेडल जीता है। करीब एक महीने बाद घर लौटे गोल्डी मिश्रा का जेएलकेएम के चन्दनकियारी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अर्जुन रजवार के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। उनके पिता दुलाल मिश्रा को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया। अर्जुन रजवार ने कहा कि गोल्डी मिश्रा ने चन्दनकियारी सहित पूरे झारखंड का नाम रोशन किया है, झारखंड सरकार इन्हें सम्मानित कर उचित सम्मान दे। इस अवसर पर जेएलकेएम के प्रखंड अध्यक्ष बिरु महतो, नाजिर अंसारी, अरूण महतो, शिक्षक दशरथ रजवार, तारिक अजीज, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 22 वर्ष की कैद, 15 हजार रुपए जुर्माना भी

धनबाद : धनबाद के पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की आदालत ने पिस्टल का भय दिखाकर नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने केंदुआडीह निवासी आरोपी जीतेंद्र रवानी को 22 वर्ष की सश्रम कैद व 15 हजार रुपए जुमार्ना से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक समित प्रकाश ने सजा की बिंदु पर बहस की।
इस मामले में पीड़िता के पिता की शिकायत पर महुदा थाने में 26 अक्टूबर 2024 को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी के अनुसार, 25 अक्टूबर 2024 की शाम आरोपी जीतेन्द्र रवानी ने पीड़िता के घर में जबरन घुस गया और पिस्टल का भय दिखाते हुए उसे बाइक पर जबरन बैठकार ले गया। महुदा स्टेशन के पास झाड़ी में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर मालकेरा स्टेशन के समीप ले गया, वहां से कार से सिनीडीह ले गया। वहां एक कमरे में रखकर दुष्कर्म किया। फिर एक होटल में जाकर उसकी मांग में जबरन सिंदूर डाल दिया था।

होली गीतों पर झूमे मोटिया मजदूर

रांची: केंद्रीय जनशक्ति मजदूर यूनियन की ओर से बुधवार को पंडरा बाजार समिति में मजदूरों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ओझा ने मोटिया मजदूरों को अबीर लगाकर सभी को होली की बधाई दी। वहीं कार्यक्रम फगुआ गीतों पर सभी मजदूर झूम उठे तथा एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल, व्यापारी प्रतिनिधि संतोष सिंह, उदय चौधरी, दिनेश चौबे, ध्रुव चौरसिया के अलावा मजदूरों में गौरी यादव, संजय पासवान, मनोज यादव, महेंद्र यादव और संजय यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

होली पर प्रशासन अलर्ट, 7 जोनल मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्तिं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : धनबाद जिला प्रशासन होली का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह अलर्ट मोड में है। डीसी माधवी मिश्रा, एसएसपी एचपी जनार्दनन व एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने संयुक्त आदेश जारी किया है। इसके तहत जिले को सात जोन में बांटकर मुकम्मल व्यवस्था की गई है। ये सात जोन हैं धनबाद, कतरास, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर व टुंडी है। सभी जोन में जोनल मजिस्ट्रेट व पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। सभी थाना क्षेत्र में पुलिस का बाइक दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। जिला कंट्रोल रूम का नंबर जारी
होली के अवसर पर गुरुवार दोपहर 2:00 बजे से 16 मार्च की सुबह 6 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। एसडीओ राजेश कुमार जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जबकि डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में रहेंगे. किसी तरह की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 0326 2311217, 03269- 2311807 व 112 पर दे सकते हैं। होली के दौरान शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर कार्रवाई के लिए सभी उत्पाद निरीक्षक व अवर उत्पाद निरीक्षक कंट्रोल रूम में मौजूद रहेंगे। इससे संबंधित किसी भी तरह की सूचना कंट्रोल रूम को दी जा सकती है।

सभी थाना में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी

धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धमाबांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी में पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं धनबाद थाना, बैंक मोड़, सरायढेला, झरिया, निरसा, गोविंदपुर, टुंडी, बाघमारा, कतरास सहित 45 थाना क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जाएगी।

लगातार भ्रमणशील रहेगा पुलिस का बाइक दस्ता

होली पर पुलिस का बाइक दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा. वहीं, एसडीओ, एसडीपीओ, साइबर डीएसपी, साइबर थाना प्रभारी व्हाट्सएप ग्रुप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए रखेंग।

अस्पतालों में विशेष व्यवस्था का निर्देश

होली पर एसएनएमएमसीएच व बीसीसीएल के सेंट्रल हॉस्पिटल के सुपरिंटेंडेंट को इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों की टीम प्रतिनियुक्त करने का आदेश दिया गया है।

होली के पहले बच्चों ने पूल लंच में की मस्ती शेयरिंग-केयरिंग और एकजुटता का सीखा पाठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : रंगोत्सव होली के पहले डीपीएस बोकारो के नन्हे छात्र-छात्राओं पर मस्ती का रंग खूब चढ़ा। मौका था पूल लंच का, जिसमें विद्यार्थियों ने खेल-खेल में शेयरिंग और केयरिंग के साथ-साथ आपसी एकजुटता बनाए रखने का पाठ सीखा। बुधवार को विद्यालय की प्राथमिक इकाई में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने साथ खेला-कूदा, पूरे उत्साह के साथ अपने-अपने घरों से लाए भांति-भांति के व्यंजनों का आनंद लिया तथा गीत-संगीत पर जमकर धमाल मचाया। इस अवसर पर विद्यालय की सभी कक्षाओं को बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर रंग-बिरंगे गुब्बारों और आकर्षक कलाकृतियों से सजाया। गीत-संगीत के बीच पूरा वातावरण उत्सवमय बना रहा। साथ मिलकर बिताए गए खुशियों के इस पल में विद्यार्थियों के शिक्षक भी शरीक हुए। खास तौर से प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने विभिन्न कक्षाओं में बच्चों संग मिलकर केक काटे और उन्हें इस अवसर की बधाई दी। छात्र-छात्राओं ने भी अपने प्राचार्य का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उन्हें अपने हाथों से तैयार पूल लंच के शुभकामना पत्र भेंट किए। प्राचार्य डॉ. गंगवार ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई का तनाव और दबाव न हो तथा उन्हें जीवन में आनंदयुक्त भाव से रहने की प्रेरणा दी जाय, इस दिशा में पूल लंच जैसे आयोजन काफी महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां न केवल आनंद और उल्लास लाती हैं, बल्कि आपसी संबंधों को भी मजबूत बनाती हैं।

अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी वर्ष पर भाजपा ने किया सम्मेलन का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारा : भारत रत्न प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे आज दीपांजली पैलेस चास में भाजपा बोकारो जिला द्वारा अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय व संचालन जिला महामंत्री सह कार्यक्रम के संयोजक संजय त्यागी और धन्यवाद ज्ञापन भाजपा चास दक्षिणी अध्यक्ष विक्की राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भवनाथपुर के निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि दीप प्रज्वलित व वन्देमातरम से कार्यक्रम की शुरूआत की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में भवनाथपुर के निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानु प्रताप शाही ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति के क्षेत्र में अजातशत्रु थे। झारखंड अलग राज्य का निर्माण अटल बिहारी वाजपेयी ने किया। अगर अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री नहीं रहते तो झारखंड अलग राज्य का निर्माण नहीं होता। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में बोकारो जिले के विभिन्न कार्यकताओं और नेताओं के साथ लगाव रहा उनके साथ में काम करने के अनुभव बोकारो जिले के कई कार्यकताओं घर में उनका भोजन, रात्रि विश्राम व पत्राचार यहां तक अपना 60 वां जन्मदिन करगली गेस्ट हाउस में कार्यकताओं संग मनाए आदि के बारे में बताया। वाजपेयी के दौर के नेताओं को विरासत के तौर पर डॉ प्रहलाद बरनवाल, मधुसूदन सिंह, विनय सिंह, भीगंबर गोराई, संजय सिंह, निमाई महथा, चक्रधर शर्मा,संजय सिंह सम्मानित किया गया।

सांसद ढुलू महतो के प्रयासों से धनबाद रेडियो स्टेशन को मिलेगी नई ऊर्जा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : धनबाद के सांसद ढुलू महतो द्वारा लोकसभा में धनबाद रेडियो स्टेशन के संचालन और उसकी वर्तमान स्थिति को लेकर एक महत्वपूर्ण तारांकित प्रश्न (संख्या 193) उठाया गया। इस प्रश्न के माध्यम से उन्होंने सरकार से यह जानकारी मांगी कि रेडियो स्टेशन के संचालन में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं और क्या वर्तमान में स्टेशन की कम क्षमता से मन की बात जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के प्रसारण पर कोई प्रभाव पड़ रहा है। सांसद महतो के इस गंभीर प्रश्न का उत्तर देते हुए रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि आकाशवाणी धनबाद में इस समय 2.5 किलोवाट पावर के साथ 10 किलोवाट का एफएम ट्रांसमीटर कार्यरत है, जिससे मन की बात सहित सभी प्रमुख कार्यक्रमों का निर्बाध प्रसारण किया जा रहा है। हालांकि, प्रसारण की गुणवत्ता और कवरेज को और सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा 100 मीटर ऊंचे टॉवर का निर्माण किया जा रहा है, जिस पर 6 डाइपोल एंटेना लगाए जाएंगे। इस कार्य को जून 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सांसद महतो ने जताया संतोष, इसे विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया मंत्रालय के इस उत्तर के बाद सांसद श्री ढुलू महतो ने इसे धनबादवासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि धनबाद जैसे औद्योगिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध शहर के लिए रेडियो एक महत्वपूर्ण संचार माध्यम है, जिससे लाखों लोगों तक शिक्षा, सूचना और मनोरंजन के संदेश आसानी से पहुंचते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि नई तकनीकों और बुनियादी ढांचे के विस्तार से रेडियो स्टेशन की प्रसारण क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे धनबाद और उसके आसपास के इलाकों के लोग बेहतर गुणवत्ता के साथ रेडियो का लाभ उठा सकेंगे। यह पहल न केवल मनोरंजन के क्षेत्र में क्रांति लाएगी, बल्कि सामाजिक जागरूकता, आपातकालीन सूचनाओं के प्रसारण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार में भी सहायक सिद्ध होगी। रेडियो स्टेशन को और अधिक सशक्त बनाने के प्रयास जारी रहेंगे

पेट्रोल पंप पर मारपीट का मामला, पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए की छापेमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बोकारो : पेट्रोल पंप पर आपसी विवाद पर हुई झगड़ा। सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात। गुस्साए लोगो ने स्थानीय थाना का किया घेराव। पुलिस ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की। घटना बोकारो के हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 9 की। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी का दिया आश्वासन। पूरी घटना के बारे में बताते चले की बोकारो के हरला थाना क्षेत्र के बसंती मोड स्थित पेट्रोल पंप पर मंगलवार रात एक युवक पर कुछ उपद्रवी तत्वों ने मारपीट की घटना सामने आई। घटना लगभग 9 बजे हुई, जब शराब के नशे में कुछ लोग पेट्रोल भरवाने आए थे। किसी मामूली विवाद के बाद मामला मारपीट तक पहुँच गया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे पुलिस ने आरोपियों की पहचान कर ली है। इस घटना के बाद स्थानीय लोग भड़क गए और बुधवार को सैकड़ों की संख्या में हरला थाना सेक्टर 9 में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर घेराव कर दिया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए जगह-जगह छापेमारी शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। प्रारंभिक जांच से यह मामला आपसी विवाद प्रतीत हो रहा है। होली के मध्य नजर इस तरह की घटनाएं समाज को अशांत कर देती हैं। स्थानीय लोगो ने आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी करने की मांग की। वही पुलिस ने भी जल्द गिरफ्तार करने का दिया आश्वासन।

झारखंड जनतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा ने राज्यपाल के नाम सीओ व थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पटमदा : पत्थर खदान क्रेशर एवं भारी वाहनों का अवैध संचालन से उत्पन्न हो रहे समस्याओं का समाधान हेतु बुधवार को झारखंड क्रांतिकारी मोर्चा के पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने पटमदा सीओ डॉ राजेंद्र कुमार दास एवं थाना प्रभारी कमलपुर दीपक कुमार ठाकुर के हाथों राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन में ओड़िया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय के लगभग 50 मीटर दूरी पर पत्थर खदान में अवैध ब्लास्टिंग के द्वारा खनन कार्य संचालित करने के कारण विद्यालय तथा ग्रामीणों का निवास करने वाले मकान में दरार आकर मकान टूट रहा है, सरकार द्वारा तय मानक मापदंड तथा ग्राम सभा का उल्लंघन करते हुए भारी मात्रा में विस्फोटक का उपयोग, सरकार का नियमों का उल्लंघन करते हुए ग्रामीण रास्ता में भारी वाहनों का आवागमन करने के कारण रास्ता का स्थिति अत्यधिक खराब हो जाना तथा अत्यधिक धूलकण से आम जनमानस का आवागमन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, दांदुडीह से कांकीडीह महुलतल तक करीब 20 किमी ग्रामीण सड़क पर क्षमता से अधिक लोड वाहनों का आवागमन करने के कारण विद्यालय तथा महा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ आम जनमानस का सड़क से यातायात करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।सड़क पर प्राय दुर्घटनाएं होती हैं।

डीएमसी मॉल में दुकान दिलाने के नाम पर व्यवसायी से 6.95 लाख की ठगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

धनबाद : धनबाद नगर निगम की ओर से बनाए गए ऊटउ मॉल में दुकानों के आवंटन की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू होने वाली थी। इसी बीच मॉल में दुकान आवंटन के नाम पर एक फजीर्वाड़ा हो गया। झरिया गांधी नगर के व्यवसायी अभिषेक साव से उनके पड़ोसी गोपी मोदी व गणेश मोदी ने दुकान दिलाने का झांसा देकर 6.95 लाख रुपए की ठगी कर ली। उन्होंने व्यवसायी से आरटीजीएस के माध्यम से रुपए ट्रांस्फर करवा लिये। जब व्यवसायी को धोखाधड़ी का अहसास हुआ तो उसने पैसे की वापसी की मांग की लेकिन उसे जान से मारने की धमकी दी गई. पीड़ित ने बुधवार को नगर निगम पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। दोनों आरोपियों ने इस ठगी में नगर निगम की फर्जी मुहर व नगर आयुक्त के फर्जी सिग्नेचर का इस्तेमाल किया था। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने इस मामले में बड़ा कदम उठाते हुए नगर निगम के फर्जी लेटर पैड व नगर आयुक्त के सिग्नेचर का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वे किसी के झांसे में न आएं और न ही किसी से बैक डोर से दुकान आवंटन के नाम पर पैसे दें। उन्होंने कहा कि इस तरह का फजीर्वाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने बताया कि डीएमसी मॉल की दुकानों, पार्किंग, मेंटेनेंस व विज्ञापन के लिए इस महीने के अंत में बिडिंग की प्रक्रिया शुरू होनी थी।

संक्षिप्त खबरें

निरसा विधायक अरूप चटर्जी से मिले बाघमारा अंचल के रैयत

धनबाद : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज बाघमारा अंचल कार्यालय परिसर में रैयतों का धरना जारी रहा। रैयतों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ई मेल के जरिए रिमाइंडर ज्ञापन भेजा एवं अंचल कार्यालय में लंबित पड़े मामलों का निष्पादन कराने का आग्रह किया। वहीं पीड़ित रैयतों ने बताया कि इसकी प्रति निरसा विधायक अरूप चटर्जी को भी दी गई है। रैयतों ने श्री चटर्जी से बाघमारा अंचल में धरना दे रहे रैयतों के लंबित मामलों को विधान सभा में धरनार्थी रैयतों की समस्या विधानसभा में उठाने का आग्रह किया। धरना का नेतृत्व कर रहें जगत महतो ने कहा कि अंचल में लोगो की जमीन संबंधी ऑनलाइन प्रविष्ट और लगान अद्यतन करने के लिए भू स्वामी द्वारा दिए गए आवेदन में विभाग द्वारा पारदर्शिता नहीं बरता जा रहा है। इस संबंध में इन्होंने सूचना अधिकार के तहत अंचल अधिकारी से लंबित और निष्पादित आवेदन का सूचना जनहित में मांगी है जो अब तक नही दिया गया है। धरना में कमल महतो, विकास महतो, विकास रजवार, रुपेश रवानी, दिलीप कु महतो, भुवन महतो, परमेश्वर महतो, बिंदेश्वर नापित सहित कई महिलाएं भी उपस्थित थे।

भाकपा-माले कार्यकर्ताओं का होली मिलन समारोह किया आयोजन

धनबाद : बुधवार को केसलपुर कोलियारी बीसीकेयू कार्यालय में भाकपा-माले कार्यकताओं का होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आम जनता से अपील की गई होली और रमजान महीना शांतिपूर्ण और भाईचारा के साथ होली मनाने की अपील की गई। होली मिलन समारोह में उपस्थित थे। भाकपा-माले पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो, दीनदयाल रवानी, गोविंद रवानी, नंदलाल रवानी, कपूर पंडित, शंकर पंडित, लखन भुइयां, सृष्टिधर महतो, उपेन भूपेन गोप, कामता नोनिया, ठाकुर महतो, सुनील महतो, शंकर महतो, दिलीप महतो, सुभाष रजवार, जयदेव राम, जितेंद्र रवानी सहित अन्य लोगउपस्थित थे।

रोटरी क्लब चास ने बेसहारा बच्चों के साथ मनायी होली

बोकारो : बच्चों के चेहरे पर मुस्कान और हंसी लाना सबसे नेक कार्य है। रोटरी क्लब के सदस्यों ने सहयोग विलेज में बच्चों के साथ होली मनाई। रोटरी क्लब के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा सहयोग विलेज के बच्चों के साथ होली मनाना एक बहुत ही नेक और खुशी देने वाला कार्य है। इससे न सिर्फ बच्चों को खुशी मिलती है बल्कि आपके अंदर भी संतोष और आनंद का एहसास होता है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि गुलाल से बच्चों के साथ रोटरी सदस्यों ने होली खेली तथा बच्चों ने आपस में एक दूसरे को अभी लगाकर उत्साह का प्रदर्शन किया। दीवा बैद के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए स्वादिष्ट खाने एवं मिठाई के पैकेट के साथ कॉपी, पेन, चॉकलेट और बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललिता चोपड़ा, पूजा बैद, डिंपल कौर, ज्योति अग्रवाल, भाग्यश्री बैद, श्रुति बैद, मनोज सिंह, विजय अग्रवाल, प्रेम शंकर सिंह, अर्चना सिंह, नरेंद्र सिंह, डॉ श्रवण, किरण कुमार, पूर्वी केजरीवाल, रितु अग्रवाल का सराहनीय योगदान रहा।

नशीली दवाओं की अवैध बिक्री सामने आया

बोकारो : चास में बाईपास क्षेत्र से भारी मात्रा में कोरेक्स कफ सिरप की अवैध बिक्री की सूचना मिलने पर प्रशासन हरकत में आया। चास एसडीएम प्रांजल डंडा द्वारा की गई जांच के दौरान पाया गया कि विक्रेता की दुकान बंद थी, लेकिन आसपास इस दवा की शीशियाँ बिखरी हुई थीं। यह घटना दशार्ती है कि कोरेक्स जैसी दवाओं का उपयोग नशे के रूप में किया जा रहा है, जिससे यह मामला एक संगठित गिरोह की संलिप्तता की ओर संकेत करता है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शराब की बिक्री पर रोक के बाद नशेड़ी अन्य विकल्पों की ओर रुख कर सकते हैं, जिसमें कफ सिरप और अन्य प्रतिबंधित दवाएँ शामिल हैं। प्रशासन इस पर कड़ी नजर रखे हुए है और मेडिकल स्टोर्स को निर्देश दिया गया है कि वे डॉक्टर के लिखे हुए पर्चे पर ही इस दवा की बिक्री करें। इसके साथ ही, सभी दवा विक्रेताओं को रजिस्टर बनाए रखने और समय-समय पर मेडिकल स्टोर्स की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, कोरेक्स कफ सिरप एक सामान्य दवा है, लेकिन इसका दुरुपयोग समाज के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं के भविष्य को खतरे में डाल रही है। प्रशासन और समाज को मिलकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा, ताकि अवैध नशे के प्रसार को रोका जा सके और युवाओं को सुरक्षित भविष्य दिया जा सके।

एक नजर

कुएं में गिरे हिरण को वन विभाग ने रेस्क्यू कर बचाया

चतरा : टंडवा वन क्षेत्र के रक्सी गांव में गहरे कुआं में गिरे हिरण को टंडवा वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर बचा लिया। बुधवार को उसे वाइल्ड लाइफ सेंचुरी हजारीबाग में ले जाकर छोड़ दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन प्रक्षेत्र अंतर्गत मिश्रोल के रक्शी गांव हिरण पहुंचा और वह भागने के दौरान कुआं में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने त्वरित संज्ञान लेते हुए एक टीम को स्थल पर भेजा। टीम द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित हिरण को कुआं से निकाल लिया गया। टीम में प्रभारी वनपाल सुनील उरांव, वनरक्षी सत्यनारायण रविदास, चालक इंद्रदेव आर्य समेत अन्य शामिल थे।

स्कूटी पर सवार महिला के गले से सोने का चेन छीनकर उच्चके हुए फरार

रामगढ़ : रामगढ़ शहर में महिला के गले से सोने का चेन छीनकर उचक्के फरार हो गए। जानकारी के अनुसार बुधवार को छोटकी मुर्राम पतरातू बस्ती निवासी रेणुका सोनार पति रंजीत कुमार प्रसाद अपनी स्कूटी से डेली मार्केट खरीदारी करने के लिए गई थी। वह खरीदारी कर वापस अपने घर जाने के क्रम में बिजुलिया स्थित दुर्गा मंडप के आगे जैसे ही महिला ने अपनी स्कूटी को धीरे कर अपने घर की ओर जाने लगी तभी पीछे से बाइक सवार दो युवकों ने उनके गले में झपटा मारकर सोने का चेन छीन कर तेज रफ्तार से पटेल चौक की ओर फरार हो गए। महिला जब तक समझ पाती तब तक उचक्के वहां से फरार हो चुके थे। घटना के बाद पीड़ित महिला रामगढ़ थाना पहुंचकर मामले की जानकारी दी। इधर, घटना की सूचना पाकर पुलिस छापेमारी तेज कर दी।

सखी मंडल की दीदियों ने उपायुक्त को हर्बल गुलाल भेंट कर दी शुभकामनाएं

खूंटी : झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के तहत संचालित सखी मंडल की दीदियों ने बुधवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा को पलाश हर्बल गुलाल भेंट कर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर उपायुक्त ने ग्रामीण महिलाओं के इस प्रयास की सराहना करते हुए स्वदेशी, प्राकृतिक और हर्बल उत्पादों को अपनाने का संदेश दिया, साथ ही जिला प्रशासन की ओर से सभी को होली की शुभकामनाएं दी। खूंटी में पलाश हर्बल गुलाल की विशेष प्रदर्शनी सह बिक्री का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न रंगों के पलाश हर्बल गुलाल के साथ-साथ ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित अन्य जैविक और पारंपरिक उत्पादों की भी बिक्री की जा रही है।

अपराधियों पर कसे लगाम, जनता से करें बेहतर व्यवहार : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रामगढ़ : जिले में अपराधी गतिविधियों को लगाम लगाना है। किसी भी स्तर पर अपराधियों को छोड़ा नहीं जाएगा। साथ ही थाने में आम जनता के साथ बेहतर व्यवहार होना चाहिए। जनता का भरोसा पुलिस पर और मजबूत हो, इसके लिए काम करना है। यह बातें बुधवार को एसपी कार्यालय में क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी अजय कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि क्राइम मीटिंग में लंबित कांडों और अतिसंवेदनशील मामलों के निष्पादन की बात तो की ही गई। लेकिन सबसे बड़ी बात पुलिस की छवि को लेकर की गई है। हाल के दिनों में कुछ ऐसी घटनाएं थानों में हुई हैं जिसे लेकर पुलिस

पदाधिकारी पर कार्रवाई हुई। इन बिंदुओं पर एसपी ने की विस्तार से चर्चा एसपी अजय कुमार ने क्राइम मीटिंग के दौरान लंबित मामले, हत्या, पोस्को एक्ट, आगजनी, नक्सली, आपराधिक घटनाएं, महिला उत्पीड़न, साइबर क्राइम, एनडीपीएस एक्ट, लूट, डकैती, चोरी, गृहभेदन पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि टीएसपीसी, पीएलएफआई के सक्रिय सदस्यों का प्रोफाइल तैयार करना है। प्रत्येक दिन थाना और ओपी प्रभारी के द्वारा मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग की जानी चाहिए। जन शिकायतों से प्राप्त मामलों को तत्काल निष्पादित किया जाना चाहिए। साथ ही कैरेक्टर और पासपोर्ट वेरिफिकेशन का काम समय पर होना चाहिए। सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगना चाहिए सीसीटीवी कैमरा बैठक के दौरान एसपी अजय कुमार ने बाजार में अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार उन्होंने व्यापारिक संगठनों को पत्र लिखा है। जब तक दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों में बेहतर क्वालिटी का सीसीटीवी कैमरा नहीं लगाएंगे, तब तक हिट एंड रन और छिंतई की घटनाओं पर लगाम लगाना आसान नहीं होगा। बैठक में रामगढ़ एसडीपीओ, पतरातु एसडीपीओ समेत सभी थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

राधा गोविंद विश्वविद्यालय में धूमधाम से मना होली मिलन समारोह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रामगढ़ : राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में होली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह ने सभी को होली की बधाई दी। कहा कि होली भारतीय संस्कृति एकता का त्योहार है। जिसके माध्यम से हमें भाईचारे, आपसी प्रेम तथा सद्भावना की शिक्षा मिलती है। सचिव प्रियंका कुमारी ने होली के त्यौहार को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक बताते हुए हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह, फूलमती देवी, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार , डॉ संजय सिंह ने विधिवत विन्ध्वासिनी दुर्गा मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यात एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उत्साह के साथ एकत्रित हुए और सभी एक दूसरे को गुलाल लगाकर और गले मिलकर होली की बधाईयां दीं। विद्यार्थियों ने भी इस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जहां उन्होंने पहले अपने गुरुजनों का आशीर्वाद लिया और फिर एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। विश्वविद्यालय परिसर में नृत्य गीत एवं कीर्तन मंडली का भी आयोजन हुआ जिसमें सभी ने हर्षित और उल्लासित होकर के अपना नृत्य प्रस्तुत किया।

होली-रामनवमी में दंगा नियंत्रण के लिए मॉक ड्रिल, पुलिस ने तैयारियों को परखा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : होली-रामनवमी के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के लिए बुधवार को मेदिनीनगर पुलिस लाइन मैदान में दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास में पुलिस बल ने भीड़ नियंत्रण, आंसू गैस, वाटर कैनन और लाठीचार्ज जैसी तकनीकों का प्रदर्शन एवं अभ्यास किया। पुलिस ने इसके माध्यम से अपनी तैयारियों को परखा एवं घटना के अनुसार तैयार रहने की बात कही। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस केंद्र के पदाधिकारी और जवानों के साथ मिलकर जांच और अभ्यास किया गया। स्थिति से कैसे निपटना है और घटना के दौरान क्या-क्या करना होता है आदि पर अभ्यास किया गया। जवानों को विशेष रूप से

जानकारी दी गई की विधि व्यवस्था संधारण के दौरान कब और किस परिस्थिति में क्या कार्रवाई करनी होती है। मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि विधि विरुद्ध जमाव, दंगा आदि की स्थिति से निपटने की कवायद की गई। इस अभ्यास में दंगा रोधी उपकरणों, वाटर कैनन ट्रक, रोयट कंट्रोल व्हीकल, एंबुलेंस के साथ टियर गन, स्मोक सेल, चिल्ली ग्रेनेड आदि के उपयोग का भी अभ्यास किया गया। आगामी होली, रामनवमी एवं अन्य आयोजनों में किसी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए पलामू पुलिस तैयार है। मॉक ड्रिल में परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन एवं राजेश यादव, परिचारी विमल कुमार चंद्रवंशी, मेरी खलका, नागेंद्र चौधरी एवं आईआरबी 10 के जवान शामिल थे।

त्यौहार मनायें, पर ध्यान रखें कि किसी की धार्मिक भावना आहत न हो : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

खूंटी : होली और रमजान को लेकर बुधवार को तपकारा थाना परिसर में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केरकेट्टा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। मौके पर विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली सहित अन्य त्यौहार मनायें, पर इस बात का ध्यान रखें कि किसी की धार्मिक भावना आहत न हो।

उन्होंने कहा कि विविधता में एकता ही हमारी पहचान और यहां की संस्कृति है। एसडीपीओ ने भी लोगों से मिलजुल कर सभी पव मनाने की अपील की। प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने बिजली, पानी और साफ-सफाई को लेकर समुचित व्यवस्था का आश्वासन देते हुए लोगों से अपील की कि त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में बनायें। थाना पभारी नितेश कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर कोई अफवाह न फैंलायें और कोई ऐसा करता है, तो इसकी सूचना प्रशासन को दें। बैठक में काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। बैठक के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही नागरिकों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगारक होली की शुभकामनाएं दी।

सेंट्रल जेल में डीसी-एसपी ने की छापेमारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पलामू : पलामू के मेदिनीनगर सेंट्रल जेल में नक्सलियों और अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट मिलता है। इसका खुलासा जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में बुधवार को की गई छापेमारी के दौरान हुआ। दोनों अधिकारियों ने टीम बनाकर सेंट्रल जेल में रेड मारी। इस क्रम में जेल प्रशासन का सहयोगात्मक रवैया नहीं रहा। इस पर प्रशासनिक पदाधिकारी ने नाराजगी जताई है और जेल सुपरिंटेंडेंट भागीरथ करजी से स्पष्टीकरण मांगने एवं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कुख्यात गैंगस्टर अमन साव की मंगलवार को एनकाउंटर में मौत होने के बाद अचानक सेंट्रल जेल में छापेमारी की गई। जेल में छापामारी करने के लिए उपायुक्त और एसपी के अलावा सदर एसडीओ, सीडीपीओ एवं कई प्रशासनिक पदाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी अलग-अलग टीम बनाकर मौके पर पहुंचे। दो घंटे तक छापेमारी की गई। इस क्रम में पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप को वीआईपी ट्रीटमेंट दिए जाने की जानकारी सामने आई। दिनेश को कई कमरे दिए गए थे। पूजा करने के लिए स्पेशल कमरा दिया गया था। उसने ब्रांडेड कपड़े पहन रखे थे।

पशु क्रूरता न केवल कानूनी अपराध, बल्कि नैतिकता का भी विषय है : उप विकास आयुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

खूंटी : उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को जिला स्तरीय एक दिवसीय पशु क्रूरता निवारण कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने किया। कार्यशाला में पशुओं के प्रति क्रूरता रोकने, पशु कल्याण अधिनियम, जागरूकता अभियानों और संबंधित कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि पशु क्रूरता न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह सामाजिक नैतिकता का भी विषय है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से इस दिशा में प्रभावी

कदम उठाने की अपील की। बैठक के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों ने उपायुक्त से मुलाकात की। इस दौरान समाहरणालय परिसर में पक्षियों के लिए बड्र्स होम एवं ड्रिंकर फीडर लगाने की जानकारी भी दी। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों एवं संगठनों को पशु क्रूरता निवारण को लेकर जिले में बेहतर कार्य करने का निर्देश दिया, जिससे पशु क्रूरता को जड़ से समाप्त किया जा सके। कार्यशाला में विषेषज्ञों द्वारा क्रुएल्टी एक्ट 1960, एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया के तहत किए जाने वाले कार्य, राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड झारखंड के तहत किए जाने वाले कार्यों एवं उत्तरदायित्व से विस्तार से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीएसपी मुख्यालय, विभिन्न संगठनों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में सभी प्रतिभागियों ने पशु कल्याण को बढ़ावा देने के लिए समन्वित प्रयास करने का संकल्प लिया।

संक्षिप्त खबरें

दो दिवसीय सेमिनार 12 एवं 13 अप्रैल को

सिल्ली : सिल्ली आगामी 12 एवं 13 अप्रैल को समाज को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने एवं पेसा कानून के संबंध में गहराई से विचार विमर्श को लेकर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया है। इसको लेकर प्रदेश संयोजक लालचन महतो ने गोला मुरी रोड भिखारी चौक के समीप शिबू रेस्टोरेंट प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए कहा कि सिल्ली विलेज रिसोर्ट सुलमजूड़ी में आयोजित इस दो दिवसीय सेमिनार में कुरमी/कुडमी (महतो) समन्वय समिति झारखंड बंगाल एवं उड़ीसा के प्रतिनिधिमंडल भी हिस्सा लेंगे। जहां पहले दिन 12 अप्रैल को समाज से जुड़े साहित्यकार भाषा विद गाना एवं कलाकारों के साथ-साथ सामान्य समिति के सभी पदाधिकारी प्रभारी एवं समाजसेवी को आमंत्रित किया गया है। वहीं दूसरे दिन 13 अप्रैल को समाज के सभी जनप्रतिनिधियों सामाजिक संगठनों एवं बुद्धिजीवों को आमंत्रित किया गया है। दो दिवसीय सेमिनार के बाद आंदोलन को तेज किया जाएगा। बैठक में महावीर महतो निताई महतो विष्णु महतो मधुसूदन महतो मधुर प्रसाद महतो आदि उपस्थित थे।

20 मार्च से 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण शुरू

सिल्ली : सिल्ली श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली राँची में 30 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 मार्च दिन बृहस्पतिवार से शुरू होने जा रहा है कग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक बेरोजगार महिलाएं एंव युवतियां जिनका उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच है तथा वे प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करना चाहते हैं वे संस्थान कार्यालय मे संपर्क कर अपना नामांकन करा सकते हैं। यह प्रशिक्षण पुनत: नि:शुल्क होगा। प्रशिक्षण के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बीपीएल कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड,शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक,महिला समूह कोड आदि डाक्यूमेंट की आवश्कता है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क नंबर 7820953480, 952338118,9308544400,7370885508।

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail— eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement very Short Notice
3rd Call
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/70/24-25 Dated 11.03.2025

1-	Name of Work	Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Kanke road (Ram Mandir) via Chief justice residence , sidhu Kanhu park, CM residence gate, Adivasi hostel to ATI Chowk & from Sidhu Kanhu Park via Ranchi College Ground to state Guest House road School inculding replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, at Ranchi in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid.
2-	Work completion time	20 Days
3-	Tentative Length	2.00 km
4-	Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD)	**Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand)(Non-Refundable) through online mode only. **EMD** :- Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) through online mode only. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023.
5-	Date and Time of Publishing of Tender on official website	17.03.2025, 05.00 PM
6-	Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD)	24.03.2025, 12.30 PM
7-	Date and Timing of Bid opening	25.03.2025, 12.30 PM
8-	Tender Inviting Authority	Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-8051090751
9-	Mode of Bid Submission	e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in)
10	PR No	347006 Road (24-25)

For further information please go through the website http://jharkhand tenders.gov.in
Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
PR.NO.348466 Road(24-25):D Road Construction Department,Ranchi

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची
मध्य विद्यालय बी०एम०पी०-1 डोरण्डा परिसर, राँची-834002
email- jepranchi@gmail.com; dseranchi@gmail.com

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (सत्र 2025–26)
(KGBV, JABV & NSCB विद्यालयों मे सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु)

राँची जिला अंतर्गत संचालित 13 कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय (KGBV), 05 झारखण्ड आवासीय बालिका विद्यालयों एवं 02 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालयों के लिए सत्र 2025–26 में खाद्य एवं अन्यान्य सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु संबंधित विद्यालय के प्रखंड के संस्थानों/इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, डोरण्डा, राँची से दिनांक 15.03.2025 से 29.03.2025 तक कार्यदिवस में अपराहन 4:30 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं एवं दिनांक 03.04.2025 अपराहन 02.00 बजे तक सीलबंद लिफाफे में (पैकेजवार अलग–अलग लिफाफे में) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय (झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची मध्य विद्यालय बी०एम०पी डोरण्डा परिसर, डोरण्डा, राँची) में जमा कर सकते हैं।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतू प्रति पैकेज अप्रतिदेय 1000/–(एक हजार रुपये मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक जो "Jharkhand Education Project, Ranchi" के नाम देय हो के साथ आवेदन देना अनिवार्य होगा। पूर्ण निविदा हेतू पैकेजों की विवरणी इत्यादि से संबंधित विस्तृत शर्तें तथा अन्य जानकारी हेतू कार्यालय झारखण्ड शिक्षा परियोजना, राँची से संपर्क किया जा सकता है। निविदा से संबंधित जानकारी www.dseranchi.com के पोर्टल पर भी उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, राँची
PR 348446 Human Resource Developement (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना 67/2024-25

1	विज्ञापन दाता का नाम	–	कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2	परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय	–	22-03-2025 को अप० 12.00 बजे तक।
3	निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	–	24-03-2025 के अप० 2.30 बजे तक।
4	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	–	24-03-2025 के अप० 3.00 बजे से।
5	परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान	–	(i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6	निविदा प्राप्ति का स्थान	–	कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7	कार्य विवरणी :–		

Sl. No.	Name of work	Estimated Cost	Earnest Money	B.O.Q Cost	Time Of Completion
1	Renovation of Community Health Centre Kolebira in the District of Simdega.	6,99,885.00	14,000.00	1,250.00	01 (One) Months
2	Renovation of PHC Lacharagarh at Kolebira in the District of Simdega.	3,99,970.00	8,000.00	750.00	01 (One) Months

निविदा की शर्तें– **WWW.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा
PR 348540 (Simdega)24-25*D

रस, रंग और माधुर्य का पर्व होली

होली-मंगलोत्सव भारत वर्ष में मनाया जाने वाला एक प्रसिद्ध लोकपर्व है। रस, रंग, माधुर्य से सराबोर यह पर्व आंतरिक उल्लास को उभारने वाला एक सांस्कृतिक पर्व है। यह पर्व कृषि कुसुमित संस्कृति के एक प्रतीक के रूप में भी प्राचीन समय से प्रचलित है। इसकी यह सार्वभौम विशेषता ही है, जिसके कारण देश के हर वर्ग, जाति, धर्म और संप्रदाय के लोग इसे बड़े उत्साह एवं आनंद के साथ मनाते हैं। रंगों का यह पर्व प्रकृति से मानव को एकाकार कर तादात्म्य स्थापित कर देता है एवं जीवन को उल्लास के साथ जीने की रीति-नीति का भी शिक्षण देता है।

बसंत से ही आरंभ हो जाने वाले इस पर्व में जहां एक ओर बासंती रंगों से रंगी प्रकृति सुन्दर छटा बिखेरती है, वहीं दूसरी ओर गुलाल-अबीर से रंगा मानव समुदाय अपनी आंतरिक पुलकन को भी प्रगट करता है। होलिका पर्व निष्क्रिय जड़ता पर जीवंत एवं सजीव चैतन्यता की स्थापना का पर्व है।

वस्तुतः होली बहुत प्राचीन उत्सव है। इसको आरंभिक काल में 'होलाका' कहा जाता था। भारत के पूर्वी भागों में अभी भी यह शब्द प्रचलित है। 'होलाका' उन 20 क्रीड़ाओं में से एक है, जो संपूर्ण भारत में कभी प्रचलित थीं। इसके अनुसार, फाल्गुन पूर्णिमा पर लोग श्रंग से एक-दूसरे पर रंगीन जल छोड़ते हैं और सुगंधित चूर्ण बिखेरते हैं। लिंग पुराण इस पर्व को फाल्गुनिका कहकर संबोधित करता है एवं इसे विभूति व ऐश्वर्य प्रदायक पर्व मानता है। डॉ. रामानंद तिवारी हमारी जीवन संस्कृति में लिखते हैं- राग-रंग और उल्लास का यह पर्व अपनी व्यापकता,स्वच्छता और संपन्नता में अनुपम है। अनेक विशेषताओं से युक्त वर्ष का यह अंतिम पर्व जीवन में संस्कृति के पूर्ण समन्वय का द्योतक है। वैदिक यज्ञ और लोकोत्सव का एक अद्भुत समन्वय इससें मिलता है। होली के पर्व पर अपने चरमोत्कर्ष पर पहुंचकर वर्ष की रागिनी नये वर्ष की नयी रागिनी को जन्म देती है।

होली का नैसर्गिक संबंध ऋतु परिवर्तन से है। शिशिर और हेमंत कालीन शीत की ठिठुरन के बाद बसंत का आगमन उल्लास लेकर आता है। फाल्गुन मास व बसंत दोनों मिलकर प्रकृति में अपूर्व आंनद व उमंग का रंग घोलते हैं। कोयल की कूक, खिलते पुष्पों की सुगंध व आम्र मंजरियों की मादकता से भरा बहता पवन तन-मन में उत्साह एवं जीवन के प्रति एक नई दृष्टिद्द का विकास करता है। प्रकृति के इन रूपों को देखकर मानव मन हर्षित हो उठता है एवं कभी कवि, कभी साहित्यकार,कभी कलाकारों के माध्यम से भावनाएं अभिव्यक्त होने लगती हैं। रत्नावली में कवि का वर्णन है कि होली पर्व के शुभावसर पर उड़ते हुए केशर मिश्रित गुलालों से उषाकाल का भ्रम हो रहा है।

होली और भगवान श्रीकृष्ण का संबंध अटूट है। इसे साहित्य के प्रत्येक ग्रंथ में वर्णित देखा जा सकता है। गर्ग संहिता, फागुकाव्य, बसंतविलास, पृथ्वीराज रासो (चंदवरदाई कृत), सूरदास एवं परमानंद के काव्यों में मीरा-रसखान के दोहों में सभी जगह होली एवं कृष्ण का सरस, सजीव एवं सुन्दर चित्रांकन मिलता है। फाग विलास और फाग विहार रीतिकालीन नागरीदास कवि की दो रचनाएं होली पर प्रसिद्ध हैं। बिहारी, घनानंद, पद्माकर, केशव, सेनापति आदि सभी रीतिकालीन कवियों ने अपनी लेखनी से होली का रंग भरा है। भवभूति के मालती माधव नाटक में तो इसी पर्व का बड़ा सुन्दर चित्रण है।

होली का त्योहार सामूहिकता के भाव की वृद्धि करने वाला है तथा संगठन और एकता को सुदृढ़ बनाने आता है। यदि यही उद्देश्य रखकर समता के इस पर्व को मनाया जाए तो आपस की असमतारूपी असुरता को होली में जलाकर नष्ट किया जा सकता है।

होली के अनेक उद्देश्य व शिक्षाएं हैं, किंतु यहां इसके इतिहास के साथ-साथ एक पक्ष को ही स्पर्श किया गया है। एक सबसे बड़ी महत्वपूर्ण शिक्षा इस पर्व की यह है कि मनुष्य को दीन-दुर्बल और डरपोक होकर नहीं रहना चाहिए। सर्वदा इस संसार में नृसिंह की तरह निर्भय और वीर का जीवन जीना चाहिए। हमें श्रेष्ठता को, आदर्शों को अपनाना चाहिए और बुराई से लडे का साहस अपने अंदर जगाना चाहिए, तभी इस पर्व को मनाने की सार्थकता है।

सूडोकु नवताल- 7368

★★★★☆ कठिन

					1	4		
	9					5	8	
			7	9				
			2				6	7
4								3
5	8				9			
				8	5			
	7	6					1	
		9	3					

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7367 का हल

7	8	9	2	3	1	6	5	4
3	2	4	6	5	9	7	8	1
6	5	1	8	4	7	2	9	3
5	1	7	3	9	8	4	6	2
4	6	8	5	1	2	9	3	7
9	3	2	4	7	6	8	1	5
1	4	6	9	2	3	5	7	8
2	9	3	7	8	5	1	4	6
8	7	5	1	6	4	3	2	9

'होलिका दहन' अच्छाई की जीत का संदेश देता है

विजय केसरी

रंगों का त्यौहार होली का नाम ही मन मस्तिष्क को हर्षोल्लास से सराबोर कर देता है। रंगो का यह पर्व मिलने और मिलाने के पर्व के रूप में भी जाना जाता है। लोग इस दिन अपनी दुश्मनी भुलाकर दोस्ती की नई शुरूआत करते हैं । रंग अपने विविध रूपों में होते हुए भी होली पर्व को एक ही रंग में रूपायित कर जाता है। और वह रंग है सामाजिक सौहार्द्र और भाई-चारे का। यह हम सबों को विविधता में रहकर भी एकता और अखंडता की सीख दे जाता है। होली पर्व का होलिका दहन से बहुत ही गहरा रिश्ता है। झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, बंगाल, उड़ीसा आदि प्रदेशों में होलिका दहन की परंपरा लगभग एक समान है। इसके साथ ही देश के विभिन्न प्रांतों में होली से एक दिन पूर्व कुछ फेरबदल के साथ होलिका दहन मनाने की परंपरा है।

हम सबों को यह जानना चाहिए कि होलिका दहन के लिए प्रदोष काल का समय चुना जाता है, जिसमें भद्रा का साया नहीं हो। हिंदू धर्म ग्रंथो के अनुसार होलिका दहन करने से पहले होलिका की पूजा करने से लोगों के मन से सभी प्रकार के भय दूर होते हैं । इसके साथ ही लोगों को ग्रहों के अशुभ प्रभाव में भी राहत मिलती है। हमारे धर्म ग्रंथो के अनुसार होलिका महा प्रतापी राजा हिरण्यकश्यप की बहन थी। हिरण्यकश्यप स्वयं को ईश्वर मानता था। प्रजा को उसे ईश्वर मानने लिए दण्डित करता रहता था । हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु का घोर विरोधी था। संयोग से उनका पुत्र भक्त प्रहलाद भगवान विष्णु के अन्यन भक्त थे। यह हिरण्यकश्यप को बर्दाश्त नहीं हो रहा था। उन्होंने भक्त प्रहलाद को मारने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कामयाब नहीं हो पाए थे । तब उन्होंने अपनी बहन होलिका को भक्त प्रहलाद को अग्नि में जलाकर मार देने का आदेश दिया। होलिका के पास एक ऐसा चादर था, जिसे ओढ़ कर होलिका अग्नि में कभी जल नहीं सकती थी। होलिका ने छल से भक्त प्रहलाद को अपनी गोद में रखकर जलती हुई अग्निकुंड में बैठे गई, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से हवा के झोंके से उड़कर चादर ने होलिका के शरीर से उड़ कर भक्त प्रहलाद को ढक लिया। अंततः होलिका स्वयं ही इस अग्नि में जलकर स्वाहा हो गई । वहीं दूसरी ओर भक्त प्रहलाद जलती हुई अग्नि से बाहर आ गया था। यह घटना फाल्गुन मास पूर्णिमा के दिन प्रदोष काल में घटित हुई थी। इसीलिए होलिका दहन, प्रदोष काल में ही किया जाता है, इसके साथ ही हमारे ज्योतिषी यह विशेष रूप से ध्यान रखते हैं कि इस अवधि में भद्रा की साया न हो।

हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार होलिका दहन करते समय नरसिंह मंत्र जाप करने का उल्लेख मिलता है। इस

मंत्र के जाप से भक्तों को दैहिक मानसिक और सभी तरह की व्याधियों से मुक्ति मिलती हैं। नमस्ते नरसिंहाय प्रह्लादाह्लाद दायिने/ हिरण्यकशिपोर्वक्षः शिला-टङ्क-नखालये/ इतो नृसिंहः परतो नृसिंहो/ यतो यतो यामि ततो नृसिंहः/बहिर्नृसिंहो हृदये नृसिंहो/नृसिंहमादिं शरणं प्रपद्ये । होलिका दहन सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन में अच्छाई और सकारात्मकता की ओर बढ़ने की प्रेरणा भी है। इस दिन हम अपने दिल और दिमाग की सारी नफरत, द्वेष और बुराई को जलाकर एक नए अध्याय की शुरूआत करते हैं।

झारखंड प्रांत में होलिका दहन को 'अगजा' के नाम से जाना जाता है। झारखंड में प्रचलित यह परंपरा काफी पुरानी है। होलिका दहन झारखंड के लगभग सभी चौबीसों जिलों में बड़ी ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। झारखंड के चौबीसों जिलों में होलिका दहन मनाने की परंपरा की शुरूआत कब हुई थी ? इस संबंध में अलग-अलग तिथियां मिलती हैं । झारखंड में प्रचलित होलिका दहन के गौरवशाली इतिहास पर शोध करने से कई नई जानकारियां मिल सकती हैं। इस आलेख में मैं हजारीबाग जिले में होलिका दहन की परंपरा कब प्रारंभ हुई थी , इस संबंध में जो जानकारियां हुईं, उसे उसी रूप में रख रहा हूं ।

हजारीबाग जिले का नाम हजारीबाग इसलिए पड़ा था कि हजारों बागों से लदे होने के कारण ही इसका नाम हजारीबाग पड़ा था । बेतहाशा वृक्षों की कटाई के बाद भी हजारीबाग का प्राकृतिक सौंदर्य बरकरार है। हजारीबाग जिले में होली पर्व मनाने की परंपरा तो काफी पुरानी है, लेकिन आज से लगभग 126 वर्ष पूर्व हजारीबाग नगर में पंच मंदिर चौक से होलिका दहन परंपरा की शुरूआत हुई थी। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राधा कृष्ण पंच मंदिर से होलिका दहन की प्रारंभ होने की कहानी जुड़ी हुई है। राधा कृष्ण पंच मंदिर का निर्माण 1880 से प्रारंभ हो गया था । लगभग 20 वर्षों बाद यह मंदिर बनकर तैयार हुआ था। सन 1901 में राधा कृष्ण पंच मंदिर में स्थापित मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा और पूजा पाठ के साथ ही पंच मंदिर चौक पर सामूहिक रूप से होलिका दहन का शुभारंभ हुआ था। इस चौराहे का नामकरण राधा कृष्ण पंच मंदिर के शुभ उदघाटन के बाद ही पंच मंदिर चौक पड़ा था।

126 वर्ष पूर्व पंच मंदिर चौक में होलिका दहन जिस विधि विधान के साथ शुरू की गई थी, आज भी यह परंपरा जारी है। पंच मंदिर चौक से ही प्रेरणा लेकर हजारीबाग के अन्य चौराहों पर होलिका दहन की यह परंपरा शुरू की गई थी। पंच मंदिर चौक में शुरू की गई होलिका दहन परंपरा की शुरूआत स्व हरसहाय मल,स्व मैदा कुंवरी, स्व पंडित गोपीनाथ शर्मा के पिता आदि ने मिलजुल कर की थी। पुरोहित के रूप में स्वर्गीय पंडित गोपीनाथ लंबे समय तक पंच मंदिर चौक पर होलिका दहन की पूजा करते रहे थे। आज उनके ही वंशज पंडित पुरुषोत्तम शर्मा बीते पच्चीस वर्षों से होलिका दहन की पूजा कर रहे हैं ।

1880 के आसपास राजस्थान से कई अग्रवाल और जैन समाज के लोग हजारीबाग आकर बसे थे। तब हजारीबाग नगर एक गांव के समान था। नगर के अधिकांश मकान खपरैल के ही थे। पूरे नगर में आम, इमली, पीपल, बरगद, बेल आदि के हजारों पेड़ लगे हुए थे। । होलिका दहन एक पवित्र पूजा विधान के रूप में माना जाता है। राजस्थान से आकर बसे अग्रवाल समाज की महिलाएं इस दिन का इंतजार बहुत ही बेसब्री के साथ करती रही हैं। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन रेड़ी की डाल को इस चौक पर बहुत ही विधि विधान के साथ स्थापित किया जाता है ।? मारवाड़ी महिलाएं एक महीना पूर्व से ही गाय के गोबर से बड़कुल्या बना कर सुखा रखतीं हैं । होलिका दहन के दिन रेड़ी की डाल की पूजा कर बड़कुल्या अर्पित कर देती हैं। उसके बाद कुछ लकड़ियां वहां जमा कर दी जाती हैं। होलिका दहन से पूर्व आसपास के हिंदू धर्मावलंबी अपने-अपने घरों में बने पकवान अगजा पर समर्पित कर देते हैं। ऐसी मान्यता है कि अगजा पर पकवान समर्पित करने से उनके घर में कभी भी अन्न धन की कमी नहीं होगी।

विदेशों में हिन्दू मन्दिरों पर हमले दुर्भाग्यपूर्ण

ललित गर्ग

खालिस्तानी अलगाववादियों से जुड़े कुछ अराजक तत्वों ने एक बार फिर अमेरिका में कैलिफोर्निया स्थित स्वामी नारायण मंदिर पर हमला किया है, हिन्दुओं वापिस भारत जाओ जैसे आपत्तिजनक संदेश लिखकर मंदिर को क्षति पहुंचायी गई है। हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर बार-बार हो रहे ये हमने दुर्भाग्यपूर्ण एवं शर्मनाक है। आतंक फैलाने की मंशा से मंदिरों पर हमले की ऐसी घटनाओं का बार-बार होते रहना चिन्ता का सबब है। ऐसे पृथकतावादी तत्व हिंदुओं के खिलाफ विषवमन करके अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं एवं दवाब बनाना चाहते हैं। भारतीय सांझा संस्कृति में मिलजुलकर रहने वाले समाजों को विभाजित करके घृणा, नफरत एवं द्वेष उत्पन्न करने वाले तत्वों को न केवल बेनकाब करने की जरूरत है बल्कि उन्हें नेस्तनाबूंद किया जाना चाहिए। बात केवल खालिस्तानी अलगाववादियों की नहीं है, मुस्लिम आतंकवादी भी विभिन्न देशों में हिन्दू धर्म, मन्दिर, आस्था एवं संस्कृति पर ऐसे ही हमले करके दहशत फैला रहे हैं। हिन्दू समुदाय नफरत के खिलाफ मजबूती से खड़ा है, वह कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगा। लेकिन अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा सरकारों द्वारा ऐसे मामलों की अनदेखी और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई न करना विडम्बनापूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण है। भारत सरकार को भी कड़े कदम उठाते हुए सख्त संदेश देना चाहिए।

अमेरिका के अलग-अलग राज्यों में हिंदू मंदिरों को निशाना बनाए जाने को खालिस्तान समर्थकों से जोड़कर देखा जा रहा है। दक्षिण कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स इलाके में स्थित मंदिर की दीवारों पर भारत विरोधी नारे लिखे गए अरैर मन्दिर को क्षति पहुंचाई गयी। माना जा रहा है कि खालिस्तान जनमत संग्रह से पहले साजिश के तहत ये हमला किया गया है। कुछ दिन पहले न्यूयार्क में भी स्वामीनारायण मंदिर पर भी हमला हुआ था। 25 सितंबर को कैलिफोर्निया के सेक्रामेंटो स्थित स्वामीनारायण मंदिर को भी निशाना बनाया गया था, तोड़फोड़ की गई और उस पर आपत्तिजनक संदेश भी लिख दिए गए हैं। आपत्तिजनक यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा में सक्रिय ऐसे तत्वों को इन देशों की सरकारों द्वारा राजनीति के चलते खुला समर्थन देना एवं अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर प्रश्रय दिया जाना बर्दाश्त से बाहर होता जा रहा है, कब तक खामोश रहा जाये? कैलिफोर्निया में स्वामीनारायण मंदिर पर हुई घटना से पहले लंदन में विदेश मंत्री एस जयशंकर के गाड़ी के सामने खालिस्तान समर्थकों ने प्रदर्शन किया था, जिसे सामान्य घटना नहीं माना जा सकता। जो खालिस्तान समर्थक विदेश मंत्री के काफिले तक कूद गया, वह सुनियोजित ढंग से हमला भी कर सकता था। निश्चित तौर पर यह ब्रिटिश पुलिस की कोताही एवं लापरवाही है। उस समय खालिस्तानी उग्रवादी ने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज ह्यतिरंगेह्ल का भी अपमान किया।

विडंबना यह है कि अमेरिका, ब्रिटेन व कनाडा के साथ पाकिस्तान, बांग्लादेश की सरकारें ऐसे हमलों व मंदिरों को अपवित्र करने, उनको नुकसान पहुंचाने, अराजक माहौल खड़ा करने की घटनाओं को अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे में रखकर आंखें मूंद लेती हैं या कुछ देश कट्टरतावाद के चलते उन देशों के अल्पसंख्यक समुदायों पर तरह-तरह के हमले होने देती है। यह विडम्बना ही है कि जब दूसरे देशों में उनके धर्म के लोगों के पूजा स्थलों पर हमले होते हैं तो उसे धार्मिक आजादी व मानवाधिकारों का संकट बताने लगते हैं, फिर हिन्दू मन्दिरों एवं आस्था पर हो रहे ऐसे हमलों को लेकर दोहरी मानसिकता एवं दोहरा मापदण्ड क्यों? क्यों भेदभावपूर्ण मानसिकता है? निश्चित रूप से ऐसे ही रवैये से भारत के साथ इन देशों के संबंधों में खटास आती है। ऐसे ही अलगाववादियों के कृकृत्यों व कनाडा सरकार के अलगाववादियों को संरक्षण देने के चलते ही दोनों देशों के संबंध सबसे खराब दौर में पहुंचे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के कारण ही दोनों देशों के संबंध बिगड़ चुके हैं। आतंक से जो जन्मती है, वह संस्कृति नहीं होती है, उसमें पाशविकता होती है, उसमें जानवर विद्यमान होते हैं। ऐसे व्यक्ति, संगठन एवं देश किसी के प्रिय नहीं हो सकते, वे मानवता को त्राण नहीं, संत्रास देते हैं।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस तरह की कुत्सित कोशिशों की तीव्र निंदा एवं भर्त्सना की है, सवाल यह उठता है कि जब ऐसी आजादी किसी सभ्य समाज के अहसासों से खिलवाड़ करे और दूसरों की धार्मिक आजादी का अतिक्रमण करने लगे तो क्या उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करनी चाहिए? दरअसल, ये घटनाक्रम इन देशों के दोगले मापदंड उजागर करते हैं। दूसरे देशों में सांप्रदायिक असहिष्णुता और कथित भेदभाव के आंकड़े जारी करके दबाव बनाने वाले तथाकथित सभ्य देश अपने क्रियाकलापों से बेनकाब हो रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में करीब एक दर्जन मंदिरों को अपवित्र करने की कुत्सित कोशिश हुई, लेकिन ऐसे तत्वों के खिलाफ दिखावे के लिये भी कार्रवाई नहीं की गई। किसी हमले की जांच भी नहीं हुई। जबकि प्रत्येक संप्रदाय की धार्मिक आजादी की रक्षा करना अमेरिकी सरकार का नैतिक दायित्व है। अमेरिका खुद को धर्मनिरपेक्षतावादी एवं मानवाधिकार का हिमायती मानता है। आखिर अमेरिका जैसे शक्तिसंपन्न राष्ट्र में मंदिरों को सुरक्षा क्यों नहीं मुहैया करायी जाती? बीते साल भी कनाडा में हिंदू महासभा के मंदिर में हमला करके बच्चों व महिलाओं तक को पीटा गया था। लेकिन ट्रूडो सरकार खामोश रही। लेकिन जैसी करनी वैसी भरनी की कहावत के अनुसार ट्रूडो सरकार बिखर गयी, धराशायी हो गयी। निश्चित रूप से पश्चिमी देशों की सरकारों को अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा व गरिमा तय करनी होगी।

लगातार हो रहे इन हमलों के बाद भी हिन्दू समुदाय शांति और करुणा की ही बात करता आया है। पर एक बड़ा सवाल ये है कि आखिर कब तक यह सिलसिला चलेगा? क्या अमेरिकी एवं ब्रिटेन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम उठाएंगे? हाल ही में ब्रिटिश गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में ऐसे अतिवादियों के उभार को ब्रिटिश कानून व्यवस्था के लिये खतरा बताया गया था। आतंक किसी एक देश नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिये गंभीर खतरा है। लेकिन इसके बावजूद ऐसे मामलों की अनदेखी की जा रही है। निश्चित तौर पर छोटी घटनाओं को नजरअंदाज करने से कालांतर में बड़ी हिंसक गतिविधियों को ही प्रश्रय मिलता है। प्रतिबंधित आतंवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस कनाडा सहित कई देशों में लगातार भारत विरोधी अभियान चला रहा है। 17 नवंबर 2024 को न्यूजीलैंड में भी ऐसा ही अभियान चलाने की कोशिश की गई और भारत विरोधी नारे लगाते हुए खालिस्तान का झंडा लहराया गया। लेकिन न्यूजीलैंड के नागरिकों ने इसका विरोध किया और खालिस्तान समर्थकों के मनसूबों को सफल नहीं होने दिया।

भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। भारत के बढ़ते कदमों को रोकने के लिये आतंकी संगठन और दुश्मन देश आतंक का सहारा ले रहे हैं। सरकार की नीति, सशक्त सुरक्षा व्यवस्था, सरकार की सतर्कता के चलते ही आतंकवादी संगठन एवं आतंकवादी अपने मनसूबों में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। अधिक सावधान एवं सख्त होने की अपेक्षा है, अन्यथा भारत की सारी प्रगति को आतंकवाद खा जायेगा। क्योंकि लगातार असफलता से खीझे एवं बौखलाये हुए आतंकी कोई-न-कोई नई और अधिक खौफनाक आतंकी घटना को अंजाम देने में जुटे रहते हैं, हमारी सुरक्षा एजेंसियों को अधिक सतर्कता बरतने की अपेक्षा है।

रंग-बिरंगी होती है राजस्थान में होली

रमेश सर्राफ धमोरा

होली का त्यौहार हर साल पूरे भारत में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। राजस्थान में भी उसी उत्साह और जोश के साथ होली मनाई जाती है। होली जिसे मूल रूप से ह्यहोलिकाह्ल के नाम से जाना जाता है। केवल एक आधुनिक उत्सव नहीं है बल्कि भारतीय संस्कृति में गहराई से अंतर्निहित सदियों पुरानी परंपरा है। इसके शुरूआती संदर्भ जैमिनी के पूर्व मीमांसा-सूत्र और कथक-गृह्य-सूत्र जैसे प्राचीन धार्मिक कार्यों में पाए जा सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि होली आर्य सभ्यता में मनाई जाती थी।

होली का त्योहार वसंत ऋतु की शुरूआत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। होली महोत्सव की विशिष्ट तिथि हर साल अलग-अलग हो सकती है, क्योंकि यह हिंदू कैलेंडर में फागुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। होली के अवसर पर राजस्थान के विभिन्न शहरों में कई तरह के आयोजन किए जाते हैं। राजस्थान में होली के विविध रंग देखने में आते हैं। होली के दिनों में जयपुर के इष्टदेव गोविंद देव मंदिर में नजारा देखने लायक होता है। राजस्थान के मंदिरों में होली पर रंग-गुलाल के साथ फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है।

बीकानेरी होली का सबसे आकर्षण का केन्द्र होता है पुष्करणा समाज के हर्ष व व्यास जाति के बीच खेला जाने वाला डोलची। पानी का खेल डोलची चमड़े से बना एक ऐसा पात्र है जिसमें पानी भरा जाता है व जोरदार प्रहार के साथ सामने बाले की पीठ पर इस पानी को मारा जाता है। बाड़मेर में पत्थर मार होली खेली जाती है तो अजमेर में कोड़ा अथवा सांतमार होली लोग बहुत धूमधाम से मनाते हैं।

भरतपुर के ब्रजांचल में फाल्गुन का आगमन कोई साधारण बात नहीं है। ब्रज के गांव की चौपालों पर ब्रजवासी ग्रामीण अपने लोकवाद्य बम के साथ अपने ढप, ढोल और झांझ बजाते हुए रसिया गाते हैं। डीग क्षेत्र की ग्रामीण महिलाएं अपने सिर पर भारी-भरकम चरकुला रखकर उस पर जलते दीपकों के साथ नृत्य करती हैं। संपूर्ण ब्रज में इस तरह आनंद की अमृत वर्षा होती है। यह परम्परा ब्रज की धरोहर है। बरसाने, नंदगांव, कामां, डीग आदि स्थानों पर ब्रज की लठमार होली की परम्परा आज भी यहां की संस्कृति को पुष्ट करती है। चैत्र कृष्ण द्वितीया को दाऊजी का हुरंगा भी प्रसिद्ध है। ब्रह्मानगरी पुष्कर की कपड़ा फाड़ होली ने देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपनी धाक जमा ली है। यहां विदेशी सैलानियों के साथ स्थानीय और देशी पर्यटक बड़ी धूमधाम के साथ होली खेलते हैं और एक-दूसरे के कपड़े भी फाड़ते हैं। मेवाड़ अंचल के भीलवाड़ा जिले के बरून्दनी गांव में होली के सात दिन बाद शीतला सप्तमी पर खेली जाने वाली लठमार होली का अपना एक अलग ही मजा रहा है। माहेश्वरी समाज के स्त्री-पुरूष यह होली खेलते हैं। डोलचियों में पानी भरकर पुरूष महिलाओं पर डालते हैं और महिलाएं लाठियों से उन्हें पीटती हैं। यहां होली के बाद बादशाह की सवारी निकाली जाती है। वहीं शीतला सप्तमी पर चित्तौड़गढ़ वालों की हवेली से मुर्दे की सवारी निकाली जाती है। इसमें लकड़ी की सीढ़ी बनाई जाती है और जिंदा व्यक्ति को उस पर लिटाकर अर्थी पूरे बाजार में निकालते हैं। इस दौरान युवा इस अर्थी को लेकर पूरे शहर में घूमते हैं। लोग इन्हें रंगों से नहला देते हैं।

राज्य के डूंगरपुर जिले की होली सबसे अनोखी मानी जाती है। यहां वांगड़वासी होली के एक महीने पहले ही तैयारियों में जुट जाते हैं और होली के खुमार में मस्त हो जाते है। होली के दिन जिले के कोकापुर गांव में लोग होलिका के दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलने की परंपरा आज भी निभाते है। लोगों का मानना है कि होलिका दहन के अंगारों पर चलने से घर में कोई भी विपदा नहीं आती है। डूंगरपुर के भीलूड़ा में पिछले 200 साल से धुलंडी पर लोग पत्थरमार होली खेल रहे है। लोग रंगों के स्थान पर पत्थर बरसा कर खून बहाने को होली के दिन शगुन मानते है। इस दिन भारी संख्या में लोग रघुनाथ मंदिर परिसर में दो टोलियों बनाकर एक दूसरे पर पत्थर बरसाना शुरू कर देते है। इस खेल में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया जाता है। इसके अलावा मथुरा के लगता जिला होने के चलते भरतपुर और करौली के नंदगाव में लोग आज भी लठ्ठमार होली खेलते है।

शेखावाटी की होली पूरे देश में प्रसिद्ध है। फाल्गुन में सांझ ढलते ही धमाल सुनाई देने लगे हैं। चंग की थाप पर पांव थिरकने लगे हैं और बांसुरी की सुरीली आवाज कानों में मिश्री घोलने लगी है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है। उमंग व मस्ती भरे पर्व होली की शुरूआत तब होती है, जबकि बसन्त अपने पूर्ण यौवन पर होता है और बांसुरी की मदहोश करती धुनें और चंग की थाप पर मानव का मन-मयूर नाचने लगता है। होली नजदीक आने पर शेखावाटी में अंचल के गांव-गांव और ढाणी-ढाणी में ऐसा माहौल देखने को मिल रहा है।

शेखावाटी में होली के अवसर पर बजाया जाने वाला चंग भी इसी क्षेत्र में ही विशेष रूप से बनाया जाता है। चंग की आवाज तो ढोलक की माफिक ही होती है, मगर बनावट ढोलक से सर्वथा भिन्न। चंग ढोलक से काफी बड़ा व गोल घेरे नुमा होता है। होली के प्रारम्भ होते ही गांवों में लोग अपने-अपने चंग (ढप) संभालने लगते हैं। होली चूंकि बसंत ऋतु का प्रमुख पर्व है तथा बसंत पंचमी बसंत ऋतु प्रारम्भ होने की द्योतक है। इसलिए इस अंचल में बसंत पंचमी के दिन से चंग (ढप) बजाकर होली के पर्व की विधिवत शुरूआत कर दी जाती है। क्षेत्र में होली के पर्व पर चंग की धुन पर गाई जाने वाली धमालों में यहां की लोक संस्कृति का ही वर्णन होता है।

दैनिक पंचांग

13 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	कुंभ में	मीन	06.19 बजे से
चंद्र	सिंह में	मेष	07.50 बजे से
मंगल	मिथुन में	वृष	09.30 बजे से
बुध	मीन में	मिथुन	11.28 बजे से
गुरु	वृष में	कर्क	13.41 बजे से
शुक्र	मीन में	सिंह	15.57 बजे से
शनि	कुंभ में	कन्या	18.09 बजे से
राहु	मीन में	तुला	20.20 बजे से
केतु	कन्या में	वृश्चिक	22.35 ब.से
राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक		धनु	00.51 बजे से
		मकर	02.56 बजे से
		कुंभ	04.42 बजे से

गुरुवार 2025 वर्ष का 72 वा दिन
दिशाशूल दक्षिण **ऋतु** शिशिर।
विक्रम संवत् 2081 **शक संवत्** 1946
मास फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
तिथि चतुर्दशी 10.36 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी अहोरात्र।
योग धृति 13.03 बजे को समाप्त।
करण वणिज 10.36 बजे तदनन्तर विष्टि 23.28 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 13.0 घण्टे
रवि क्रान्ति दक्षिण 02° 55'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872282
जूलियन दिन 2460747.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना रमजान **तारीख** 12
विशेष छोटी होली, होलिका दहन, पूर्णिमा उपवास, अद्भुकल पोंगाला।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

गलती से कीटनाशक की दवा खाने से महिला हुई मूर्छित

साहिबगंज : बाराहाट तुई टोला मोहल्ले में गलती से कीटनाशक खाने से एक महिला मूर्छित हो गई। परिजनों ने इलाज के लिए मंगलवार की रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सक ने इलाज प्रारंभ किया। बताया जा रहा है कि बिहार के बाराहाट तुई टोला निवासी मोहम्मद महताब अंसारी की 30 वर्षीया पत्नी जहांआरा बीबी गलती से अनाज छिड़काव करने वाले कीटनाशक खाने से गंभीर हो गई बरहाल महिला का इलाज सदर अस्पताल में किया गया।

स्वास्थ्य केंद्र बरमसिया में पेयजल की अभाव

साहिबगंज/बोरियो : सीएचसी अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य केंद्र बरमसिया में पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। हालांकि स्वास्थ्य केंद्र में बिजली की सुविधा है। लेकिन पेयजल की सुविधा नहीं है। यहां पर पेयजल व स्वच्छता विभाग द्वारा बोरिंग कराया गया था, लेकिन डीप बोरिंग फेल हो जाने से पानी का संकट हो गया है। पेयजल संकट के कारण प्रसव केंद्र चालू नहीं हो पाया है। सीएचसी के बीपीएम विष्णु भगत ने बताया कि विभाग से आयुष्मान आरोग्य मंदिर बरमसिया में प्रसव केंद्र हर हाल में चालू करना है। लेकिन बोरिंग फेल हो जाने पर चापानल व टंकी नहीं लगने से पेयजल का अभाव है। जिस कारण प्रसव केंद्र चालू नहीं कराया जा सका है।

आग लगने से झोपड़ी का सारा सामान जलकर हुआ राख

साहिबगंज: जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत छोटी सोलबंदा सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के सामने बीते मंगलवार की रात एक घर में आग लग गई। अगलगी की सूचना तत्काल अग्नि केंद्र को दिया गया जहां दमकल पहुंचकर आसपास ग्रामीण के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। घटना के संबंध में पीड़ित महेश मंडल ने बताया कि रात के वक्त पास के गांव में भोज खाने गया था,आग कैसे लग गई इसका पता नहीं चल सका है। अगलगी की घटना में बताया कि झोपड़ी में सत्तू की दुकान चलाया करता था, वहीं गाय को खिलाने के लिए चारा रखा था, साथ में खाना पकाने के साथ-साथ घर में रखा कपड़ा, बर्तन, पैसा सभी जलकर राख हो गया। लगभग 10 से 15 हजार का नुकसान हो गया है। यह भी बताया कि ये तीसरी अगलगी की घटना हुई है, इससे पहले दो बार घटना घट चुका है। पीड़ित महेश मंडल ने बताया कि किसी तरह सत्तू बेचकर घर का गुजर बसर करता था, दुकान में महाजन को देने के लिए पैसा रखा था सब जल गया, उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

कलशयात्रा के साथ कोटुवां में अखंड हरि कीर्त्तन शुरू

चाईबासा : चक्रधरपुर प्रखंड के कोटुवां में अखंड हरिनाम संकीर्तन को लेकर बुधवार को गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा निकली गई। इसमें बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। कलशयात्रा कोटुवां से निकलकर चक्रधरपुर थाना रोड स्थित मुक्तिनाथ महादेव घाट पहुंची। जहां विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जल भरा गया। महिलाएं सिर पर मिट्टी के कलश में जलकर कतारबद्ध होकर जयकारा लगाते चल रही थी। वहीं पुरुष व बच्चे हाथों में ध्वज लेकर जयघोष करते चल रहे थे। मुक्तिनाथ महादेव घाट से कलश में जल लेकर श्रद्धालु वापस कोटुवां स्थित संकीर्तन स्थल पहुंचे। जहां मंत्रोचारण के साथ कलश की स्थापना कर 24 घंटे का अखंड हरि संकीर्तन प्रारम्भ किया गया।

अंगिका मिलन सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पाकुड़ : जिले में अंगिका समाज अंग के तत्वावधान में अंगिका मिलन सह सम्मान समारोह - 2025 का महेन्द्र मिश्र, डॉ. बिन्दुभूषण, राहुल कुमार, रमेश चन्द्र सिंह, हिसाबी राय, भागीरथ तिवारी, डॉ. मनोहर कुमार, कैलाश झा, संजय कुमार शुक्ला के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथ तिवारी जी ने अपने सम्बोधन में समस्त आगन्तुकों का हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत कर अंगिका समाज के अतीत व वर्त्तमान पर विशेष चर्चा किये। सचिव संजय कुमार शुक्ला ने अंगिका समाज में सत्र 2024-25 में अब तक के किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बोले कि अंगिका समाज के द्वारा नारायण सेवा, गरीब पांच कन्या की शादी मे सहयोग, अनाथालय में भोजन का सहयोग, स्वास्थ्य सहायता, योग कक्षाएं आदि कार्य किए गए। सेवानिवृत प्रधानाध्यापक महेन्द्र मिश्र ने सम्बोधन मे कहे कि अंग क्षेत्र का इतिहास अति प्राचीन है, बाल्मीकि रामायण में वर्णित है कि त्रेता युग में अंग देश के राजा रोमपाद थे, जो राजा दशरथ के मित्र थे। द्वापर में कृष्ण अवतार लिए, इस काल में दुर्योधन ने अपने मित्र कर्ण को अंग देश का राजा बनवाया था, अंग देश की राजधानी भागलपुर था। भागलपुर का कर्ण गढ़ इसका प्रमाण है। सुपौल के समदा में भी कर्णगढ़ है। डॉ. बिन्दुभूषण ने सम्बोधन में कहे कि 7 वीं सदी में वामन जयादित्य द्वारा रचित ग्रन्थ कोशिका वृत्ति में उल्लेख है कि प्राचीन भारत के 16 महाजनपदों में एक अंग महाजनपद था और इसकी प्रचलित भाषा आंगी थी। जो आगे जाकर अंगिका में परिणत हो गया इसलिए आज भी हमलोग अंगिका में ही बोलते हैं । रमेश चन्द्र सिंह, सेवानिवृत सिविल अभियन्ता ने अपने सम्बोधन में कहे कि -बौद्ध ग्रन्थ ₹ललित विस्तार₹ में 64 लिपियों की सूची में अंग लिपियों की सूची में अंग लिपि चतुर्थ स्थान पर अंकित हैं। 16 महाजनपदों के मानचित्र में भी अंग देश अंकित हैं । राहुल कुमार जी ने कहा कि भाषा के आधार पर 1912 ई में बंगाल से बिहार एवं उड़ीसा राज्य अलग हुआ। तत्कालीन गवर्नर जेनरल वारेन हेस्टिंग्स ने बिहार को चार जिलों में बांटा, जिसमें एक जिला भागलपुर था। जिसके अन्तर्गत अंग जनपद था। अंग क्षेत्र का इतिहास बड़ा ही गौरवशाली रहा है। भाजपा नेता दुर्गा मराण्डी ने कहा कि अंग प्रदेश और अंगिका भाषा अत्यन्त प्राचीन है, वर्त्तमान में अंग क्षेत्र बिहार, झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के विभिन्न प्रमंडल में फैला हुआ है।

चक्रधरपुर में सजा होली का बाजार, जमकर हो रही खरीदारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चाईबासा : होली शुक्रवार को मनाई जाएगी। त्योहार को लेकर चक्रधरपुर का बाजार सज चुका है। शहर के बाटा रोड, पवन चौक, कपड़ा पट्टी रोड, गुदड़ी बाजार, इतवारी बाजार समेत अन्य स्थानों पर रंग, अबीर, गुलाल, पिचकारी, मुखौटों आदि की दुकाने सज गई हैं। बुधवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंचे। तरह-तरह की पिचकारियों व मुखैटों की मांग अधिक है। खासकर बच्चों के लिए नए तरीके की पिचकारियां बाजार में उपलब्ध है। बाजार में दस रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक की पिचकारी उपलब्ध है। कार्टून कैरेकेक्टर वाले मुखौटे बच्चों को खूब लुभा रहे हैं। वहीं, युवाओं की पसंद डरावने मुखौटे बने हुए हैं। इस बार बाजार में हर्बल रंग व गुलाल की मांग अधिक है। होली को लेकर खाद्य पदार्थ, कपड़े, जूते-चप्पल आदि की दुकानों में भी खरीदारों की भीड़ जुट रही है। इधर, चक्रधरपुर के गुदड़ी बाजार में होलिका दहन की तैयारी स्थानीय समिति ने पूरी कर ली है। बाटा रोड स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी आचार्य अनंत पाठक ने कहा कि 14 मार्च गुरुवार की रात 11 बजकर 20 मिनट पर होलिका दहन होगा। अगले दिन शुक्रवार की सुबह लोग होली मनाएंगे।

बिरसा हरित ग्राम योजना से पर्यावरण के साथ आजीविका में मददगार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

पाकुड़ : जिले के रविन्द्र भवन टाउन हॉल में बिरसा हरित ग्राम योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 में किये जाने वाले वृक्षारोपण हेतु संबंधित कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता उपायुक्त मनीष कुमार ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस एवं परियोजना पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना का क्रियान्वयन पूरे राज्य में वृहद पैमाने पर किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में किए जाने वाले बिरसा हरित ग्राम योजना अन्तर्गत वृक्षारोपण संबंधी 1500 एकड़ में किया जाना है, जिसे दिनांक 25.03.2025 तक स्थल चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही योजनाओं की स्वीकृति करने के साथ प्रथम वर्ष का कार्य यथा गड्ढा खुदाई, नाडेप पिट निर्माण, जानवर रोधक खाई का निर्माण, निविदा प्रक्रिया आदि पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आगे उन्होंने कहा कि पौधरोपण को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा महत्त्वाकांक्षी योजना बिरसा हरित ग्राम योजना चलाई जा रही है। मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से आम बागवानी, अमरूद बागवानी, छायादार वृक्षारोपण, मिश्रित फलदार पौधों की बागवानी को प्रोत्साहित करना है। मौके पर डीसी ने मिश्रित बागवानी के द्वारा आमजनों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में मिश्रित बागवानी के तहत किसानों को आम, नीबू, अमरूद एवं इमारती पौधा लगवाने के लिये प्रेरित करने का निर्देश दिया। कार्यशाला में बागवानी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा किया गया। इस दौरान मनरेगा अंतर्गत संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत किए जा रहे बगवानी में फलदार पौधा आम के पौधों के रोपण से पूर्व एवं पौधे के संरक्षण करते हुए फल उपज तक किए जाने वाले कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

होली व रमजान के अवसर पर बरहरवा थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

बरहरवा : रंगोत्सव होली एवं पवित्र माह-ए-रमजान के अवसर पर विधि-व्यवस्था एवं आमजनों के सुझाव परामर्श हेतू बरहरवा शान्ति समिति की बैठक बरहरवा थाना परिसर मे दिनांक 12 मार्च 25 (दिन बुधवार) को अपराह्न 2 बजे आयोजित किया। बैठक की अध्यक्षता बरहरवा बीडीओ सनी कुमार दास व बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नितिन खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बरहरवा एसडीपीओ नितिन खंडेलवाल ने बताया कि होली के पावन पर्व पर पूर्ण रूप से डीजे पर बजने वाले अश्लीलता गाने पर प्रतिबंध रहेगा, उन्होंने होली के दौरान किसी भी समुदाय के लोगों के खिलाफ कोई भी भड़काऊ गाना या फूहड़ गाना बजाने पर सख्त कार्रवाई होगी, सोशल मीडिया में कोई भी आपत्तिजनक पोस्ट करने पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा, ऐसा करने वाले के साथ प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगी, किसी को जबरन रंग नहीं लगे सामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। होली के दिन पुलिस गश्ती टीम लगातार गस्ती करेगी। उन्होंने सौहार्द पूर्वक वातावरण मे होली मनाने की बात कही। वही होलिका दहन सार्वजनिक स्थल जैसे चौक चौराहे पर नहीं करेंगे साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि प्रदूषण का ख्याल रखते हुए किसी प्रकार की टायर व रबर आदि वस्तुओं की उपयोग नहीं करेंगे साथ ही सोशल मीडिया एडमिनों को निर्देश दिया गया कि किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करेंगे। किसी भी समुदाय एक या व्यक्तिगत विशेष को लक्ष्य करके कोई पोस्ट नहीं डालेंगे अन्यथा ग्रुप एडमिन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। होली के दिन सभी प्रकार के बड़े वाहन और ट्रैक्टर का परिचालन पूर्ण रूप से बाजार में बंद रहेगा। मौके पर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, बरहरवा प्रभाग के इंस्पेक्टर सुधीर पोद्दार, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान, प्रखंड मंडल अध्यक्ष रंजीत टुडू (कांग्रेस), जीआरपी थाना प्रभारी विमल रंजन तिग्गा, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास, नगर अध्यक्ष धर्मवीर महतो, इकबाल हुसैन, शक्ति अमन दिलीप, अशोक गुप्ता, अश्वनी आनंद, बपन, आरपीएफ सब इंस्पेक्टर अन्य उपस्थित थे।

आदिम जनजाति की दीदियों ने गुड्डू गलांग कल्याण ट्रस्ट का किया भ्रमण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

साहिबगंज : झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के तत्वावधान में बरहेट प्रखंड की आदिम जनजाति की दीदियों ने लिट्टीपाड़ा स्थित गुड्डू गलांग कल्याण ट्रस्ट का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने डाकिया योजना के अंतर्गत बोरा कटाई, सिलाई, बंडलिंग, छपाई समेत अन्य कार्यों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के दौरान दीदियों ने इन कार्यों को नजदीक से समझा और व्यावहारिक अनुभव भी लिया। यह प्रशिक्षण उनके आजीविका संवर्धन में मददगार साबित होगा। प्रशिक्षित दीदियां अब बरहेट प्रखंड में ही बोरा सिलाई और कटाई का कार्य शुरू करेंगी, जिससे उनके आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। जेएसएलपीएस की इस पहल से आदिम जनजाति की महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी। प्रशिक्षुओं ने इस दौरे को बेहद उपयोगी बताया और सीखे गए कौशल को अपने क्षेत्र में अपनाने की प्रतिबद्धता जताई।

केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र ने दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

चांडिल : भारत सरकार के अंतर्गत कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र,रांची द्वारा सरायकेला - खरसावां जिले के में 12 मार्च को आई. डी . एस.आर.टी.TRCSC की एक इकाई, घोड़ालिंग , चांडिल में दो दिवसीय आईपीएम ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षण केंद्र सचिव श्री मनस कुमार दास तथा प्रशिक्षण केंद्र के प्रभारी डॉ. सुरेश प्रसाद साहु, उक्कटउ राँची केन्द्र प्रभारी श्री अशोक कु.एच.पी., वनस्पति संरक्षण अधिकारी के द्वारा किया गया। सचिव एवं प्रभारी के द्वारा प्रगतिशील किसानों को इस प्रशिक्षण के लिए प्रोत्साहित किया तथा कार्यक्रम के दौरान सिखाए जाने वाले तकनीकों को अपनाने के लिए कहा गया। कार्यक्रम के क्रम में श्रीमती गीता एस. सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी द्वारा आईपीएम के महत्व,आईपीएम के सिद्धांत एवं उसके विभिन्न आयामों तथा विभिन्न फसलों में कीट व्याधि की पहचान के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी श्रीमती सुनीता लकड़ा के द्वारा आई.पी.एम. के विभिन्न घटकों को विस्तार से बताया गया। तथा सुश्री प्यारी संगा ने कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग के विषय किसानों को जानकारी दी।तकनीकी सहायक श्री पूर्णेंद्र मिश्रा के द्वारा ठढरर ऐप के उपयोगिता के विषय जानकारी दिया गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

नीमडीह में अवैध शराब भट्टी ध्वस्त, 400 किलो जावा महुआ नष्ट



नीमडीह : होली त्योहार के मद्देनजर सरायकेला-खरसावां पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार नीमडीह थाना क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण और बिक्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नीमडीह थाना पुलिस ने ग्राम बड़ेदा के किनारे स्थित एक अवैध महुआ शराब भट्टी को ध्वस्त किया। पुलिस ने मौके पर 400 किलोग्राम जावा महुआ को भी नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि भट्टी संचालक की पहचान कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का उद्देश्य होली के दौरान अवैध शराब के व्यापार और इससे जुड़ी गैरकानूनी गतिविधियों को रोकना है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा ताकि त्योहार के दौरान शांतिपूर्ण माहौल बना रहे और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

घरेलू विवाद मे लोहे की सबल से हमला पति-पत्नी गंभीर अस्पताल में भर्ती

साहिबगंज: मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सकरीगली आश्रम निवासी के साथ घरेलू विवाद में पति व पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों को परिजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, बताया जा रहा है कि घरेलू विवाद में मारपीट के दौरान पति-पत्नी को लोहे की सबल से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहाँ सकरीगली आश्रम निवासी विजय कुमार सिंह की 34 वर्षीया पत्नी पूजा देवी व पूजा देवी की पति विजय कुमार सिंह 40 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल महिला पूजा देवी ने आरोप लगाते हुए बताई की गोतिया में की भतीजी चार-पांच दिन पहले घर से भाग गई थी, फिर वह घर आ गई थी। इस बात को लेकर समझाने के लिए गए तो उषा कुमारी, जूली देवी, शुक्रर सिंह के द्वारा लाठी डंडा व सबल से मारकर पति-पत्नी को घायल कर दिया। फिलहाल दोनों घायल का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में किया गया।

ढोल नगाड़ा बजा कर आदिवासी के पर्व बाहा की हुई समापन

साहिबगंज: संथाल समुदाय में बाहा पर्व होली पर्व की तरह उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ है। वसंत ऋतु में होली उत्साह के संग संग यह बाहा पर्व भी विशेष कर झारखंड पश्चिम बंगाल उड़ीसा एवं असम के लोग बड़े धूमधाम से मनाते हैं जहां साहिबगंज जिले के बाझीकोला गांव में संथाल समुदाय द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज से मनाया जाता है। संथाल परगना की पावन माटी में यह पर्व काफी धूमधाम के साथ मनाने की परंपरा है। बसंत ऋतु में रंगों का त्योहार होली की तरह बाहा पर्व मानते हैं। इस परमपरा में संथाल समाज के लोग रंग के बदले शुद्ध पानी रिश्तेदारों के शरीर पर डालकर अपनी खुशी का इजहार करते हैं। बाहा पर्व तीन दिनों तक चलता है। बाहा पर्व को लेकर लोगों में उमंग और उत्साह देखा जा सकता है बाहा संथाली शब्द है। यह प्रकृति और मानव संबंधों से जुड़ा एक त्यौहार है। इस अवसर पर अपने प्रिय जनों को आमंत्रित कर बाहा पर्व मनाया जाता है। बाहा पर्व में दौड़ा कर अपनी करीबी लोगों पर पानी डाला जाता है और अपनों से बड़ों पर भी पानी डाला जाता है। शिष्टाचार के साथ इस पर्व से संबंधित कई आकर्षित गीत गाने की परंपरा रही है। जहां आज आदिवासियों के लोगों के द्वारा बड़ी ही धूमधाम से ढोल नगाड़े बजाकर बाहा पर्व संपन्न हुआ।

मोटरसाइकिल से गिरकर एक घायल, रेफर

साहिबगंज/राजमहल: तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के तीनपहाड़ कल्याण चक मुख्य मार्ग पर मंगलवार को देर रात्रि एक व्यक्ति अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। मिलि जानकारी के अनुसार बासुकी लोहार के 19 वर्षीय पुत्र श्रीकांत कुमार कल्याण चक से मोटरसाइकिल लेकर अपने घर लौट रहा था। उस दौरान अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों व परिजनों के मदद से आनन फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

होली को लेकर तिरुलडीह पुलिस ने चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

सरायकेला : होली पर्व को लेकर सरायकेला-खरसवां जिले तिरुलडीह थाना की पुलिस ने बुधवार को शहीद चौक के समीप बुधवार को एंटी क्राइम जांच अभियान चलाया। तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने दो पहिया व चार पहिया वाहनों की सघन जांच की। वहीं, बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने वालों को चेतावनी देखकर छोड़ दिया गया। चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने का आदेश दिया गया। थाना प्रभारी ने लोगों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी। मालूम हो कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना क्षेत्र में वाहन जांच व एंटी क्राइम अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करनेवाले लोगों को चेतावनी देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। लोगों को वाहन से संबंधित सभी कागजात दुरुस्त रखने और वैध लाइसेंस के साथ ही वाहन चलाने की सीख दी जा रही है।

दुनिया भर के अमीरों के लिए पनौती बने ट्रंप

नई दिल्ली ।

डोनाल्ड ट्रंप का नाम राजनीति और विवादों में वैश्विक स्तर पर जुड़ा रहा है। वह दुनिया भर के अमीरों और गरीबों के लिए भी पनौती साबित हो रहे हैं। हाल ही में अमेरिकी शेयर बाजार में आए भारी उतार-चढ़ाव, कानूनी मामलों में बढ़ती परेशानियां और उनके बयानों से उपजे आर्थिक संकट ने कई अरबपतियों को बड़ा नुकसान पहुंचाया है।

कई देशों की अर्थव्यवस्था गड़बड़ा गई है। ट्रंप के खिलाफ चल रहे कानूनी मुकदमों ने न केवल उनके निजी साम्राज्य को प्रभावित किया है, बल्कि दुनियाभर के निवेशकों का भरोसा भी डगमगाया है। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी बाजारों में वित्तीय अस्थिरता और बढ़ेगी। कई बिजनेस लीडर्स ने इस स्थिति से निपटने के लिए अपनी निवेश रणनीतियों में बदलाव किया है।

ट्रंप के विवादास्पद बयानों और नीतियों का असर अमेरिका तक सीमित नहीं है।

हाल ही में उनकी कुछ टिप्पणियों के चलते यूरोप और एशिया के कई देशों और अरबपतियों को बड़ा झटका लगा। वैश्विक व्यापारिक रिश्तों पर उनके बयान कई देशों की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल चुके हैं। उदाहरण के तौर पर, चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध में कई बड़े उद्योगपतियों को अरबों डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा। विश्लेषकों का कहना है कि ट्रंप की अनिश्चित नीतियां और विवादास्पद फैसले बाजार की स्थिरता के लिए लगातार खतरा बने हुए हैं। निवेशकों के लिए यह समझना मुश्किल हो रहा है। ट्रंप के कारण उन्हें लाभ होगा या भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। यही कारण है कि कई वैश्विक निवेशक अब अमेरिकी बाजारों में सतर्कता बरत रहे हैं। बड़े निवेशक अपने निवेश कहीं और स्थानांतरित करने पर विचार कर रहे हैं।

अमेरिकी डॉलर, स्टॉक मार्केट और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक रिश्तों पर ट्रंप की खराब नीतियों का असर पहले कार्यकाल में भी देखा गया था। उनके नेतृत्व में अमेरिका की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति ने कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों और अरबपतियों की संपत्ति को बुरी तरह से प्रभावित किया है। ट्रंप की बढ़ती कानूनी और राजनीतिक चुनौतियों के बीच कारोबारियों के लिए यह समय काफी मुश्किल भरा हो गया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले महीनों में आर्थिक मंदी, मंहगाई, बेरोजगारी एवं वित्तीय चुनौतियों की स्थिति क्या मोड़ लेती हैं। क्या वह सच में दुनिया भर की अर्थव्यवस्था एवं वैश्विक युद्ध के लिए 'पनौती' बनने जा रही है।

अमेरिका ने कनाडा से आयात स्टील और एल्युमिनियम पर शुल्क किया दोगुना

-ट्रंप का दावा टैरिफ से अमेरिकी कंपनियों को होगा फायदा

नई दिल्ली।

अमेरिका और कनाडा के बीच व्यापारिक तनाव बढ़ गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि कनाडा से आयातित स्टील और एल्युमिनियम पर शुल्क दोगुना यानी 50 फीसदी कर दिया जाएगा। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कनाडा ने अमेरिका से बिजली आयात पर लेवी लगा दी है। यह नया शुल्क बुधवार से लागू हो गया है। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा- मैंने अपने वाणिज्य सचिव को निर्देश दिया है कि कनाडा से अमेरिका में आने वाले सभी स्टील और एल्युमिनियम पर अतिरिक्त 25 फीसदी शुल्क लगाया जाए, जिससे कुल शुल्क 50 फीसदी हो जाएगा। संभव है कि इससे अमेरिका में स्टील के दाम में उछाल आएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रंप की इस घोषणा के बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिली। इससे ट्रंप पर यह दबाव बढ़ गया है कि वह अपनी आर्थिक विकास योजनाओं को स्पष्ट करें। बता दें ट्रंप ने चुनाव प्रचार के दौरान घरेलू निर्माताओं के लिए कम कॉर्पोरेट टैक्स का वादा किया था। हालांकि, ट्रंप के कनाडा, मैक्सिको, चीन, यूरोप, ब्राजील, दक्षिण कोरिया समेत कई देशों पर लगने वाले शुल्कों की योजना को एक बड़ी टैक्स वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है। इन शुल्कों का असर स्टील, एल्युमिनियम, दवाइयों, तांबे, लकड़ी और कंप्यूटर चिप्स पर भी पड़ सकता है। इन फैसलों के चलते गोल्डमैन सैक्स ने अमेरिका की विकास दर का पूर्वानुमान 2.2 फीसदी से घटाकर 1.7 फीसदी कर दी है और मंदी की संभावना को 20 फीसदी तक बढ़ा दिया है। हालांकि, व्हाइट हाउस को उम्मीद है कि अगर हालात बिगड़ते हैं तो नीतियों में बदलाव किया जा सकता है।

इंडसइंड बैंक का शेयर 27 फीसदी गिरा, निवेशकों के पैसे डूबने की चिंता

मुंबई । डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में विसंगतियां के कारण इंडसइंड बैंक का शेयर 27 फीसदी नीचे आ गया। इससे बैंक ने 1,577 करोड़ या अपनी कुल नेटवर्थ का करीब 2.35 फीसदी नुकसान होने की आशंका जताई है। इंडसइंड बैंक शेयर के गिरने का असर हिन्दुजा ग्रुप के दूसरे शेयरों पर पड़ा और समूह के 6 में से 5 स्टॉक्स मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। इससे समूह का बाजार पूंजीकरण में 21000 करोड़ की गिरावट आई। हिंदुजा ने समस्या को ÷रूटीन÷ बताकर माना कि निवेशकों की चिंता सही है कि उन्हें पहले क्यों नहीं बताया गया। इंडसइंड बैंक में 27 फीसदी गिरावट के बाद अशोक हिंदुजा ने कहा था कि शेयरधारकों से घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बैंक के डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में विसंगतियां को न ऑडिटर और न ही रेगुलेटर ने पकड़ा है, बल्कि खुद इंडसइंड बैंक प्रबंधन ने इस उजागर किया है। उन्होंने कहा कि प्रमोटर आरबीआई से अपनी हिस्सेदारी 15 फीसदी से बढ़ाकर 26 फीसदी करने की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं और जैसे ही आरबीआई मंजूरी देगा, बैंक में तुरंत पूंजी निवेश किया जाएगा।

इंडसइंड बैंक शेयर मंगलवार को 27.02 फीसदी की गिरावट के साथ बीएसई पर 657.25 पर बंद हुए। इससे पहले ऐसे ही इंडसइंड बैंक नवंबर 2020 की शुरुआत में कारोबार कर रहा था। अशोक लीलैंड 200 पर बंद हुआ, जो 3.24 फीसदी नीचे था। हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस लिमिटेड 3.68 फीसदी गिरकर 500 पर बंद हुआ। गोओसीएल कॉर्पोरेशन लिमिटेड 3.48 फीसदी गिरकर 281.10 पर आ गया। केवल गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट्स इंडिया लिमिटेड ही समूह का एकमात्र स्टॉक था जिसने बढ़त दर्ज की। यह 2.29 फीसदी बढ़कर 1216 पर बंद हुआ।

इंडसइंड बैंक के शेयरों में आई भारी गिरावट से म्यूचुअल फंड निवेशकों को 6 हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। फरवरी तक 35 म्यूचुअल फंड्स के पास इंडसइंड बैंक के 20.88 करोड़ शेयर थे। इनकी कुल वैल्यू 20,670 करोड़ थी, लेकिन हालिया गिरावट के बाद यह घटकर 14,600 करोड़ रुपए रह गई। इंडसइंड बैंक में सबसे बड़ी हिस्सेदारी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की है, जिसका मूल्य फरवरी के अंत 3,778.55 करोड़ रुपए था जो अब घटकर 2671.54 करोड़ रुपए रह गया है।

स्मॉलकैप और मिडकैप इक्विटी म्युचुअल फंड्स पर कायम है निवेशकों का भरोसा

इन फंड्स में एसआईपी के द्वारा निवेश आ रहा

मुंबई।

बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद, स्मॉलकैप और मिडकैप इक्विटी म्युचुअल फंड्स खुदरा निवेशकों की पहली पसंद बनाकर उभरे हैं। इन फंड्स में सिस्टमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के द्वारा सबसे अधिक निवेश आ रहा है। हाल ही में जारी रिपोर्ट के अनुसार, स्मॉलकैप फंड्स के कुल एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में एसआईपी निवेश की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से ज्यादा हो चुकी है, जबकि मिडकैप फंड्स भी ट्रेंड के करीब हैं। मार्च 2024 तक, स्मॉलकैप फंड्स में एसआईपी की हिस्सेदारी बढ़कर 53 प्रतिशत हो गई, जो मार्च 2019 में 43 प्रतिशत थी। मिडकैप फंड्स में एसआईपी का योगदान 46 प्रतिशत तक पहुंच गया, जबकि लार्जकैप फंड्स में यह 43 प्रतिशत और फ्लेक्सीकैप फंड्स में 38 प्रतिशत दर्ज हुआ। ये आंकड़े दिखाते हैं कि मिडकैप और स्मॉलकैप स्कीम खुदरा निवेशकों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं। पिछले तीन कैलेंडर वर्षों में, इन फंड्स ने एक्टिव इक्विटी स्कीम्स में 30 प्रतिशत से ज्यादा नेट फोलियो एडिशन का योगदान दिया है।

म्युचुअल फंड अधिकारियों और निवेश विशेषज्ञों का मानना है कि स्मॉलकैप और मिडकैप फंड्स में निवेश के लिए एसआईपी सबसे बेहतर तरीका है, क्योंकि यह फंड्स हाई वोलैटिलिटी के कारण जोखिम से भरे हो सकते हैं। बाजार जानकार ने कहा, 'एसआईपी निवेशकों को उनके खरीद मूल्य को औसत करने में मदद करता है, इससे गलत समय पर निवेश करने का जोखिम कम हो जाता है। स्मॉलकैप और मिडकैप फंड्स के मजबूत प्रदर्शन ने भी एसआईपी में भारी निवेश को बढ़ावा दिया है। हाल के समय में स्मॉलकैप फंड्स में एसआईपी एसेट्स की हिस्सेदारी और बढ़ी है, क्योंकि कई बड़ी स्कीम्स अब लंपसम इनफ्लो (एकमुश्त निवेश) स्वीकार नहीं कर रही हैं। मार्च 2024 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने स्मॉलकैप वैल्यूएशन को लेकर चिंता जाहिर की थी, जिसके बाद फंड हाउस ने निवेशकों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी कदम उठाए। इन चिंताओं के बावजूद, स्मॉलकैप और मिडकैप फंड्स खुदरा निवेशकों के लिए पहली पसंद बने हुए हैं।

बिजनेसवुमैन के तौर पर सुपरहिट साबित हो रही लेडी सिंघम काजोल

मुंबई।

अभिनेत्री काजोल अब भले ही फिल्मों में उतना नहीं आती, लेकिन एक समय में काजोल ने बॉलीवुड पर राज किया था, उसी तरह अब वे बिजनेसवुमैन के तौर पर सुपरहिट निवेश कर रहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक काजोल ने मुंबई के उपनगरों में एक और कमर्शियल प्रॉपर्टी खरीदी है। दस्तावेजों के अनुसार, काजोल ने 28.78 करोड़ रुपये की खुदरा संपत्ति खरीदी है। दस्तावेजों के मुताबिक काजोल विशाल देवगन ने मुंबई के गोरेगांव वेस्ट के प्रमुख इलाके में 28.78 करोड़ रुपये की कमर्शियल प्रॉपर्टी खरीदी है। यह सौदा 6 मार्च 2025 को अंतिम रूप दिया गया था और यह खरीद भारत एराइज, लिंकिंग रोड, बांगुर नगर, गोरेगांव वेस्ट, मुंबई के ग्राउंड फ्लोर की शॉप नंबर 2 के रूप में दर्ज हुई है।

इस डील को भारत रियल्टी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ फाइनल किया गया, जिसमें अभिनेत्री ने 4,365 वर्ग फुट का बड़ा कमर्शियल स्पेस हासिल किया। इस प्रॉपर्टी की कुल कीमत 28.78 करोड़ रुपये है, इसमें 1.72 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी भी शामिल है। इस संपत्ति की प्रति वर्ग फुट कीमत 65,940 रुपये है, जो इस लोकेशन की प्रीमियम नेचर और हाई डिमांड को दिखाती है।

बात दें कि जुलाई 2023 में, काजोल ने अंधेरी वेस्ट के वीरा देसाई रोड पर स्थित ओशिवारा में 7.64 करोड़ रुपये की ऑफिस स्पेस भी खरीदी थी। दस्तावेजों के अनुसार, यह ऑफिस स्पेस 194.67 वर्ग मीटर में फैली हुई है और इस रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के तहत पंजीकृत किया गया था। इस क्षेत्र में कई बॉलीवुड सितारों और फिल्म निर्माताओं के ऑफिस स्थित हैं।

एसयूवी एलएक्स 500डी का अपडेटेड मॉडल लॉन्च

नई दिल्ली । भारतीय बाजार में कार निर्माता लेक्सस कंपनी ने अपनी फ्लैगशिप एसयूवी एलएक्स 500डी का अपडेटेड मॉडल लॉन्च कर दिया है। नई लेक्सस एलएक्स 500डी में दमदार 3.3-लीटर वी6 डीजल इंजन दिया गया है, जो 8 सेकंड में 0 से 100 किमी/घंटा की रफ्तार पकड़ सकता है। इसकी टॉप स्पीड 210 किमी/घंटा हैइसे दो वैरिएंट्स–अर्बन और ओवरटेल में पेश किया गया है। इसकी शुरुआती कीमत रुपए 3 करोड़ रखी गई है, जबकि ओवरटेल वैरिएंट की कीमत रुपए 3.12 करोड़ तय की गई है। इससे पहले इसकी कीमत रुपए 2.83 करोड़ थी, लेकिन अपडेट के बाद इसमें रुपए 17 लाख की बढ़ोतरी हो गई है। अर्बन वैरिएंट को शहरों में बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव के लिए डिजाइन किया गया है, जबकि ओवरटेल वैरिएंट को ऑफ-रोडिंग के लिए तैयार किया गया है। ग्रिल, अलॉय व्हील्स और टायर डिजाइन में हल्के बदलाव किए गए हैं, जिससे एसयूवी को नया लुक मिलता है। सेफ्टी फीचर्स की बात करें तो इसमें अत्याधुनिक सेफ्टी सिस्टम 3.0 दिया गया है, जिसमें प्री-कोलिजन सिस्टम, अडेप्टिव क्रूज कंट्रोल, ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग और सेफ्टी एग्जिट असिस्ट शामिल हैं। इसके अलावा, लंबी यात्राओं को और आरामदायक बनाने के लिए सीट मसाजर को भी अपग्रेड किया गया है।

आयात में नहीं हुई बढ़ोत्तरी....खाने के तेल के बढ़ सकते हैं दाम

नई दिल्ली । भारत में खाने के तेल का आयात फरवरी में चार साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के आयात में कमी की वजह से ऐसा हुआ है। इंडस्ट्री के एक प्रमुख संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने इसकी जानकारी दी। इससे देश में खाने के तेल का स्टॉक तीन साल के सबसे कम स्तर पर पहुंच गया है। भारत दुनिया में खाने के तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। लगातार दूसरे महीने कम आयात होने से देश में इसका स्टॉक कम हुआ है। इससे भारत को आने वाले महीनों में और ज्यादा तेल खरीदना पड़ सकता है। इससे मलेशियाई पाम तेल और अमेरिकी सोया तेल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। एसईए के मुताबिक फरवरी में भारत का पाम तेल आयात जनवरी की तुलना में 35.7 प्रतिशत बढ़कर 373,549 मीट्रिक टन हो गया। अक्टूबर 2024 में खत्म हुए मार्केटिंग वर्ष में भारत ने हर महीने औसतन 750,000 टन से ज्यादा पाम तेल आयात किया। फरवरी में सोया तेल का आयात 36 प्रतिशत घटकर 283,737 टन और सूरजमुखी तेल का आयात 20.8 प्रतिशत घटकर 228,275 टन रह गया। सोया और सूरजमुखी तेल की कम खेप की वजह से पिछले महीने देश का कुल खाने के तेल का इंपोर्ट 12 प्रतिशत घटकर 899,565 टन रह गया। यह फरवरी 2021 के बाद से सबसे कम है। भारत में खाने के तेल का स्टॉक एक महीने पहले की तुलना में 14 प्रतिशत घटकर 1 मार्च को 1.87 मिलियन टन रह गया जो तीन साल से भी ज्यादा समय में सबसे कम है। अगर आयात में बढ़ोतरी नहीं होने पर आने वाले दिनों में खाने के तेल की कीमत में तेजी आ सकती है। भारत ज्यादातर पाम तेल इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड से खरीदता है। वहीं सोया और सूरजमुखी तेल अर्जेंटीना, ब्राजील, रूस और यूक्रेन से आता है।

रिलायंस ने स्पेसएक्स से किया समझौता, जियो यूजर्स को मिलेगी स्टारलिंक की सुविधा

नई दिल्ली।

देश में स्टारलिंक की सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस के लिए रिलायंस जियो ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स से हाथ मिलाया है। रिलायंस जियो ने बुधवार को ऐलान किया है कि कंपनी ने भारत में स्टारलिंक की सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं शुरू करने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के साथ साझेदारी के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इससे पहले भारती एयरटेल ने स्पेसएक्स के साथ यह करार किया था। जियो और स्पेसएक्स के बीच यह समझौता, दोनों कंपनियों को सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस प्रदान करने की इजाजत देता है। जियो अपने रिटेल आउटलेट और ऑनलाइन स्टोरफ्रंट दोनों के जरिए से स्टारलिंक सर्विस और सॉल्युशन उपलब्ध कराएगा। कंपनी अपने फिजिकल स्टोर में स्टारलिंक उपकरण पेश करने और कस्टमर केयर स्थापित करने की योजना बना रही है। जियो और स्पेसएक्स इस पार्टनरशिप के जरिए, भारत के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भरोसेमंद ब्रॉडबैंड सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। डेटा ट्रैफिक के मामले में दुनिया में सबसे बड़े मोबाइल ऑपरेटर के रूप में जियो अब स्टारलिंक की बेहतर सैटेलाइट इंटरनेट सर्विस का फायदा उठाएगी और इसका लाभ जियो के करोड़ों यूजर्स को मिलेगा। स्पेसएक्स के साथ इस समझौते से रिलायंस जियो देशभर में सभी बिजनेस वेंचर, छोटे और मध्यम व्यवसायों व समुदायों को विश्वसनीय इंटरनेट उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। स्टारलिंक सबसे चुनौतीपूर्ण स्थानों पर भी तेज और किफायती इंटरनेट उपलब्ध कराकर जियो एयरफाइबर और जियोफाइबर का पूरक बनेगा।

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में बिकवाली हावी रहने से आई हैं हालांकि निजी बैंकिंग शेयरों में बढ़त रही जिससे गिरावट पर कुछ हद तक अंकुश लगा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 73 अंक करीब 0.1 फीसदी की हल्की गिरावट के साथ ही 74,030 पर बंद हुआ। वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 27 अंकों की गिरावट के साथ 22,470 पर बंद हुआ। वहीं आज सुबह बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। सुबह सेंसेक्स 168 अंक की बढ़त लेकर 74,270.81 पर खुला। वहींनिफ्टी 39 अंक की चढ़कर 22,536 पर खुला। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों को लेकर जारी अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पैसा निकालने से भी बाजार पर दबाव आया। वहीं एशियाई बाजारों में आज बढ़त दर्ज की गई, जबकि वॉल स्ट्रीट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजनाओं और संभावित मंदी की चिंताओं के बीच उतार-चढ़ाव भरा रहा।

जापान का निक्की इंडेक्स सपाट रहा पर हल्की गिरावट के संकेत दिखे, जबकि टॉपिक्स इंडेक्स 0.69 फीसदी बढ़ा। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.18 फीसदी जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 इंडेक्स 1.6 फीसदी नीचे आया। दूसरी ओर अमेरिकी बाजारों में बिकवाली का दौर जारी है। अमेरिकी की अस्थिर व्यापार नीति का नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। डाउ जोंस लगभग 500 अंक गिरा, जिससे दो दिनों में इसकी कुल गिरावट 1,400 अंकों तक पहुंच गई जबकि एसएंडपी में 0.8 फीसदी की गिरावट आई। नैस्डैक हालांकि बेहतर प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 0.2 फीसदी नीचे बंद हुआ।

वहीं गत दिवस बाजार सपाट बंद हुआ था।

रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले बुधवार को भारतीय रुपया तीन पैसे की हल्की बढ़त के साथ ही 87.20 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह रुपया 87.23 पर खुला। वहीं गत दिवस रुपया 10 पैसे की बढ़त के साथ ही 87.21 रुपये पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका में मंदी के डर और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं के बीच अस्थिर घरेलू शेयर बाजारों ने निवेशकों की धारणा को प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया। वहीं गत दिवस अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.37 पर खुला और फिर शुरुआती सौदों में डॉलर के मुकाबले थोड़ा मजबूत होकर 87.30 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से एक पैसे की बढ़त है। रुपया सोमवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 36 पैसे गिरकर 87.31 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 103.75 पर था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव वायदा कारोबार में 0.01 प्रतिशत बढ़कर 69.29 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को मिला बड़ा प्रोजेक्ट, कंपनी जल्द शुरु करेगी काम

-लागत 740 करोड़ रुपए, प्रोजेक्ट 18 महीनों के अंदर करना होगा पूरा

नई दिल्ली। वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने बड़ी सफलता हासिल की है। मंगलवार को कंपनी ने बताया कि उसे एक 125 एमडब्ल्यूएसी (181.3 एमडब्ल्यूवी डीसी) सोलर पावर प्रोजेक्ट के इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) कॉन्ट्रैक्ट के लिए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) मिला है। यह परियोजना तीन कंपनियों के एक संयुक्त समूह को सौंपी गई है, जिसमें वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज भी शामिल है। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को दी फाइलिंग में बताया कि यह प्रोजेक्ट टर्नकी बेसिस पर तैयार किया जाएगा, जिसका मतलब है कि इसे पूरी तरह से तैयार करके सौंपा जाएगा। इसके साथ ही ऑपरेशन और मेंटेनेंस का काम भी कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा होगी। कंपनी को यह ठेका एक प्रमुख पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की ओर से मिला है। इस परियोजना की कुल लागत करीब 740.06 करोड़ रुपए होगी, जिसमें टैक्स भी शामिल है। यह प्रोजेक्ट संविदा साइन होने के 18 महीनों के अंदर पूरा करना होगा। कंपनी ने यह भी बताया कि समूह में शामिल कंपनियों के बीच जिम्मेदारियों का विस्तृत बंटवारा आगे तय किया जाएगा। फिलहाल वारी रिन्यूएबल इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द शुरू करने की तैयारी कर रही है। यह पहली बार नहीं है जब वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज को इतना बड़ा ऑर्डर मिला है। पिछले साल भी कंपनी को 2012.47 एमडब्ल्यूपी डीसी क्षमता के ग्राउंड माउंट सोलर पीवी प्रोजेक्ट के ईपीसी ठेके के लिए एक 'टर्म शीट' मिली थी। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 12,333.5 करोड़ रुपए टैक्स को छोड़कर थी। यह ऑर्डर एक बड़े नवीकरणीय ऊर्जा प्रोजेक्ट के विकास और क्रियान्वयन के लिए दिया गया था। उस समय कंपनी ने बताया था कि इस परियोजना की समय-सीमा दोनों पक्षों के आपसी सहमति से तय की जाएगी। इस घोषणा के बाद भी मंगलवार को वारी रिन्यूएबल टेक्नोलॉजीज के शेयरों में गिरावट देखने को मिली। बीएसई पर कंपनी का शेयर 27 रुपए की गिरावट के साथ 802.85 पर बंद हुआ।

अंबानी देखते रह गए... एयरटेल और स्पेसएक्स ने कर ली साझेदारी

लो-अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट लेने की तैयारी में स्टारलिंक और अमेजॉन

मुंबई ।

एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट को भारत में लाने की योजना है, हालांकि यह डील तभी लागू होगी जब स्पेसएक्स को भारतीय सरकार से स्टारलिंक सेवाएं बेचने की अनुमति मिलेगी।

एयरटेल और स्पेसएक्स की साझेदारी के मुख्य बिंदुओं के अनुसार एयरटेल, अपने स्टोर्स में स्टारलिंक उपकरण बेच सकता है और इसे बिजनेस ग्राहकों को ऑफर कर सकता है। यह साझेदारी ग्रामीण स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट सेवा पहुंचाने का काम करेगी। स्टारलिंक, एयरटेल के नेटवर्क को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, और स्पेसएक्स, भारत में एयरटेल के बुनियादी ढांचे का उपयोग कर सकता है।

एयरटेल पहले से ही सैटेलाइट इंटरनेट दे रहा

एयरटेल पहले से ही यूटेलसैट वनवेब के साथ मिलकर सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान कर रहा है। स्टारलिंक के जुड़ने से दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट कवरेज बढ़ेगा और बिजनेस व ग्रामीण समुदायों को तेज गति वाली कनेक्टिविटी के अधिक विकल्प मिलेंगे। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्टल ने कहा कि स्पेसएक्स के साथ मिलकर भारत में एयरटेल ग्राहकों के लिए स्टारलिंक सेवाएं प्रदान करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एयरटेल की अगली पीढ़ी की सैटेलाइट कनेक्टिविटी के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

स्टारलिंक अब तक करीब 100 देशों में अपनी सेवाएं शुरू कर चुका है। हाल में उसने भूटान में सैटेलाइट के जरिए इंटरनेट सर्विस शुरू की थी और अब बांग्लादेश में भी इसकी तैयारी की जा रही है। लेकिन भारत अब तक इससे अछूता रहा था। अमेरिका में हाल में हुए

राष्ट्रपति चुनावों में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद माना जा रहा था कि स्टारलिंक को भारत में बैकडोर एंट्री मिल सकती है। इसकी वजह यह है कि मस्क को ट्रंप का करीबी माना जाता है। लेकिन संचारमंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने साफ किया था कि स्टारलिंक को भारत में लाइसेंस हासिल करने के लिए सभी नियमों का पालन करना होगा। इतना ही नहीं स्टारलिंक और अमेजॉन भारत में सैटेलाइट से ब्रॉडबैंड सेवाएं लाने के लिए अपने लो-अर्थ ऑर्बिट सैटेलाइट का उपयोग करने की योजना बना रहे हैं। भारत में सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाएं अभी तक शुरू नहीं हुई हैं।

अल्ट्रावायलेट टेसरेक्ट स्कूटर को मिली 20 हजार बुकिंग

नई दिल्ली । अल्ट्रावायलेट टेसरेक्ट कंपनी के इलेक्ट्रिक स्कूटर को लॉन्च के महज 48 घंटों में इसे 20,000 से अधिक बुकिंग मिल चुकी हैं। यह इलेक्ट्रिक स्कूटर एक बार फुल चार्ज करने पर 261 किलोमीटर तक चल सकता है। इसमें 20 एचपी की इलेक्ट्रिक मोटर दी गई है, जो इसे सिर्फ 2.9 सेकंड में 0 से 60 केएमपीएच की रफ्तार तक पहुंचाने में सक्षम बनाती है। स्कूटर की टॉप स्पीड 125 केएमपीएच है और कंपनी का दावा है कि यह केवल रुपए100 में 500 किलोमीटर तक चल सकता है। टेसरेक्ट में 7-इंच टीएफटी टचस्क्रीन, 34 लीटर अंडरसीट स्टोरेज, फ्रंट और रियर रडार तकनीक, ब्लाइंड स्पॉट मॉनिटरिंग, ओवरटेक अलर्ट, लेन चेंज असिस्ट और 14 इंच के बड़े व्हील्स जैसे एडवांस फीचर्स दिए गए हैं। इससे पहले कंपनी ने अपनी इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल एफ 77 लॉन्च की थी, जिसे भी शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। अल्ट्रावायलेट के इस नए स्कूटर से इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में बड़ा बदलाव आने की उम्मीद है।स्कूटर की शुरुआती कीमत रुपए1.20 लाख रखी गई है, जो पहले 10,000 ग्राहकों के लिए लागू होगी। भारी डिमांड को देखते हुए कंपनी ने इस ऑफर को 50,000 बुकिंग तक बढ़ाने का फैसला किया है। इसके बाद एक्स-शोरूम कीमत रुपए1.45 लाख से शुरू होगी।

तेजस्वी बोले- लॉ-एंड-ऑर्डर फेल, मुख्यमंत्री इस्तीफा दें

सदन में नीतीश और राबड़ी में बहस, पूर्व CM बोलीं- दूसरों के कहने पर महिलाओं का अपमान करते हैं

पटना। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के 9वें दिन सदन में खूब हंगामा हुआ। विधानसभा के अंदर और बाहर लॉ-एंड-ऑर्डर को लेकर आज सरकार और विपक्ष में जमकर बयानबाजी हुई। विधान परिषद में सी.एम नीतीश कुमार और राबड़ी देवी के बीच बहस हुई। राबड़ी ने लॉ-एंड-ऑर्डर को लेकर सवाल उठाया तो सी.एमअपनी सीट पर खड़े हो गए और RJD के शासन काल पर हमला बोला। सी.एम नीतीश ने कहा- 'पहले क्या होता था, महिलाओं की क्या स्थिति थी, महिलाएं कितनी पढ़ी लिखी थी, हमने महिलाओं के लिए काफी काम किया है।'सदन में विपक्ष से महिलाएं बोल रही थीं कि हमारा हमेशा अपमान होता है, ये गलत बात है। कहीं से उचित नहीं है। इस पर सी.एम ने कहा- 'महिलाओं के लिए पहले कोई काम हुआ था। हमने कितना काम किया है। पहले महिलाओं को कोई पढ़ाता था? अब महिलाएं आगे हैं। पांचवीं क्लास तक महिलाएं पढ़ती थीं। आज महिलाएं कितनी आगे हैं। इन लोगों के चक्कर में चली गई हो तो कुछ नहीं जानती हो। पहले पूरी बात जानिए।' नीतीश बोले- इसलिए मैंने इन लोगों का साथ छोड़ा 'पति हट गए तो पत्नी को बना दिया, ये लोग गड़बड़ कर रहे थे। इसलिए इनका साथ छोड़ दिया हमने। आप लोग छपवा दीजिए कि हम अब इधर-उधर नहीं होंगे। यह लोग पहले मुसलमान को कितना पीटते थे और फिर वोट लेते रहते हैं। हम लोगों ने मुसलमान के लिए काफी काम किया है। हम अब जिसके साथ हैं,उसी के साथ रहेंगे कहीं इधर-उधर नहीं जाएंगे।' तेजस्वी ने मांगा सी.एम नीतीश का इस्तीफा वहीं सदन से बाहर निकले नेता तेजस्वी यादव ने भी जमकर सीएम नीतीश पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में लॉ एंड ऑर्डर खत्म हो चुका है। सरकार कानून बदलवाकर अपराधियों को जेल से बाहर निकाल रही है। नीतीश कुमार ने अपराधियों के आगे सरेंडर कर दिया है। राबड़ी देवी और नीतीश कुमार की नोक-झोंक पर तेजस्वी बोले- 'नीतीश कुमार सिर्फ महिलाओं पर बोल सकते हैं। वे राज्य की पहली महिला सीएम पर बोल रहे हैं। लालू यादव और नीतीश कुमार में कोई तुलना नहीं है। नीतीश कुमार के पास कोई नीति और विचारधारा नहीं है । लालू यादव ने विचारधारा से समझौता नहीं किया विधानसभा परिसर में राजद विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि, हमारी एकता और संविधान को तोड़ता है, उसे उल्टा टांग देना चाहिए। चाहे वह बचौल हो या फिर कोई और हो। उन्होंने कहा कि, चुनाव से पहले तमाम बाबाओं को भेजा जा रहा है। केंद्र से मंत्री आ रहे हैं। सब घबराहट है। अब सब आएंगे। विजय चौधरी के जवाब पर ठहाके

जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी के बयान पर सदन में ठहाका लगा। दरअसल, बेगूसराय विधायक कुंदन कुमार ने सवाल पूछा था कि बेगूसराय के बरौनी और अन्य प्रखंड में कृषि योग्य भूमि पर जल जमाव है। इसका जवाब देते हुए मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि, बाढ़ के पानी से खेत की उत्पादकता बढ़ती है। विजय चौधरी के बयान के बाद सदन में बैठे विधायक हंसने लगे।

हाजीपुर में दो किशोरों की डूबने से मौत

वैशाली। में दो किशोर की मौत हुई है। सहदेई थाना क्षेत्र के बाजीतपुर चकस्तूरी में एक पोखर में नहाते समय दो किशोरों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान शिवम कुमार (13) और आदित्य कुमार (17) के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब चार दोस्त पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। इसके बाद वे पोखर में नहाने चले गए। नहाते समय चारों दोस्त डूबने लगे। स्थानीय लोगों की मदद से दो युवकों - शिवा कुमार और संजीव कुमार को बचा लिया गया। लेकिन शिवम और आदित्य गहरे पानी में चले गए और डूब गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत खोजबीन शुरू की, लेकिन दोनों के शव नहीं मिले। अगले दिन SDRF की टीम ने शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया है। शिवम कुमार देसरी स्थित एक निजी स्कूल में पढ़ता था और दो भाइयों में सबसे छोटा था।

अफेयर के शक में पत्नी और 3 बेटियों को मार-डाला



छत्तीसगढ। के जांजगीर-चांपा जिले में पति ने अपनी पत्नी और 3 बेटियों को फावड़े से मार डाला। कोर्ट के मुताबिक हत्यारे ने अफेयर के शक में वारदात को अंजाम दिया। अब कोर्ट ने हत्यारे को चारों हत्याओं के केस में 4 बार उम्र कैद की सजा सुनाई है। वारदात बलौदा थाना क्षेत्र के देवरी गांव की है। जानकारी के मुताबिक, हत्यारे का नाम देशराज कश्यप (49) है। मरने वालों में पत्नी मोंगरा बाई (40) और 3 बेटियां पूजा (16), भाग्य लक्ष्मी (10) और याचना (6) शामिल है। हत्यारा पिछले 10 साल से मानसिक बीमारी का इलाज करवा रहा था। घटना वाले दिन यानी 31 जुलाई 2023 को वह घर लौटा था।दरअसल, 31 जुलाई 2023 की रात खाना खाने के बाद मां और तीनों बेटियां कमरे में सो रही थी। आधीरात में हत्यारा देशराज उठा। घर में रखे फावड़े से पत्नी और तीनों बेटियों पर वार कर दिया, जिससे चारों ने मौके पर दम तोड़ दिया।1 और 2 अगस्त को दिनभर लोगों ने परिवार के किसी भी सदस्य को नहीं देखा। ऐसे में उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। पड़ोसियों ने सरपंच को मामले की जानकारी दी। सरपंच ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घर का दरवाजा खुलवाया। घर के अंदर पत्नी मोंगरा बाई और तीनों बेटियों की लाश लहूलुहान हालत में पड़ी थी। कमरे और घर में खून ही खून फैला हुआ था। एक लाश दरवाजे के पास पड़ी थी। बेटी की लाश जमीन पर थी। पुलिस 2 अगस्त को ही आरोपी को बलौदा बस स्टैंड से गिरफ्तार किया था।

लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर के अनुसार, जांच में सामने आया था कि हत्या का कारण पत्नी पर चरित्र शंका थी। मामला कोर्ट में चल रहा था। जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने चारों हत्याओं के लिए अलग-अलग 4 बार आजीवन कारावास और 1-1 हजार जुमार्ना लगाया है।

पिता ने नाच-गाकर पैसा कमाने बेटी को बिहार भेजा

दुर्ग । 6 दिन पहले बिहार के रोहतास जिले में स्थित रेड लाइट एरिया में छापेमारी के दौरान छत्तीसगढ़ की 41 नाबालिग लड़कियां देह व्यापार के धंधे में लिप्त मिलीं। इनमें तीन दुर्ग जिले की हैं। दुर्ग पुलिस की टीम रोहतास जाकर बच्चियों से मिल चुकी है। पूछताछ में बच्चियों ने बताया कि उनके साथ कोई देह व्यापार नहीं कराया जा रहा था। वे नाचने गाने का काम करते हैं। पैसा कमाने के लालच में उनके माता पिता ने बिहार नाचने के लिए भेजा था। पुलिस ने सभी लड़कियों अपने कब्जे में लेकर उन्हें वहां एक NGO के पास रखवाया है। इनके साथ एक नाबालिग लड़का भी है। इन सभी लड़कियों को लेने के लिए छत्तीसगढ़ के अलग-अलग थानों से पुलिस की टीम गई है।दुर्ग पुलिस की टीम अभी शासापुर पहुंची हैं। कल टीम रोहतास पहुंचेगी। वहां वो लोग रोहतास पुलिस औ महिला बालविकास विभाग की टीम की मदद से तीनों बच्चियों को अपनी सुपुर्दगी में लेकर दुर्ग लाएगी। ऐसा कहा जा रहा है कि टीम बच्चियों को लेकर 13 मार्च की रात तक पहुंच जाएगी। डांस ग्रुप के ठिकानों पर रेड के दौरान मिली बच्चियां 9 मार्च को रोहतास जिले के नटवार थाना पुलिस ने नटवार बाजार में 2 डांसर ग्रुपों के ठिकाने पर छापेमारी की थी। दोनों ठिकानों से छत्तीसगढ़ से आई 41 नाबालिग लड़कियों को बरामद किया गया। इनके साथ चार लड़कों को भी बरामद किया गया। पुलिस ने इस कार्रवाई में पांच लोगों को हिरासत में लेकर मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोहतास जिले की बाल कल्याण समिति ने सभी लड़कियों को बरामद किया। समिति ने बताया कि ज्यादातर लड़कियां गरीब परिवारों से हैं। इन लड़कियों के माता-पिता ने 30 से 50 हजार रुपए में अपनी बेटी का सौदा कर दिया था। पहले इन्हें ऑर्केस्ट्रा में डांस करने के लिए लाया गया, फिर जबरन गलत काम करवाया जाने लगा। इससे होने वाली कमाई का कुछ हिस्सा लड़कियों के माता-पिता को भी भेजा जाता था। छत्तीसगढ़ के इन जिलों की लड़कियां हुई बरामद बिहार के रेड लाइट इलाके से रेस्क्यू की गई लड़कियां छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा, बलौदाबाजार, रायपुर, राजनांदगांव, बिलासपुर, दुर्ग समेत अन्य जिलों की हैं। छत्तीसगढ़ पुलिस की कई टीमें रोहतास भेजी गई हैं।

बारात से लौट रहे ऑर्केस्ट्रा संचालक की पीट-पीटकर हत्या

छपरा। के दाउदपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक ऑर्केस्ट्रा संचालक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के कोहारगर गांव निवासी शनिदेव राम के रूप में हुई है। शनिदेव अपने भाई ब्रजेश राम के साथ मांझी थाना क्षेत्र के मेहंदीगंज गांव में एक बारात से लौट रहे थे। रास्ते में बदमाशों ने स्कॉर्पियो से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मृतक के भाई ने बताया कि टक्कर के बाद शनि कुमार गिर गए। आरोपियों ने लाठी-डंडे और रॉड से हमला कर उनकी हत्या कर दी। बता दें कि मृतक युवक के परिजनों ने एक साल पहले भगवा झंडे का अपमान किया था। इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुई थी। कांड का मुख्य कारण पुराना विवाद बताया जा रहा है। जिसमें अयोध्या राम मंदिर स्थापना को लेकर प्राण प्रतिष्ठा के लिए झंडा लगाए गए थे। दंगा भड़काने का मामला हुआ था दर्ज मृतक के भाई ब्रजेश और गांव के कई लोगों ने झंडे का विरोध और अपमान किया था। जिसके खिलाफ कोहरगड गांव के ग्रामीणों ने दंगा भड़काने का मामला दर्ज कराया था। जिसमें चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। जिसकी प्राथमिकी संख्या 28/24 एकमा थाना में दर्ज है। झंडा वाले विवाद पर जानकारी देते हुए एकमा थानाध्यक्ष ने बताया कि 20 जनवरी 2024 को कोहरगड दलित बस्ती में राम का धार्मिक झंडा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें 4 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था। प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद मामले के जांच के बाद सत्यता पाए जाने के बाद केस को चार्जशीट कर दिया गया है।परिजनों ने किया सड़क जाम

घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने बुधवार को माझी-एकमा मुख्य मार्ग पर शव रखकर विरोध प्रदर्शन किया। इससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया है। दाऊदपुर थानाध्यक्ष नवलेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

भूपेश के घर छापा प्रदेश भर में ED का पुतला दहन

छत्तीसगढ़ के पूर्व CM भूपेश बघेल के घर पर ED रेड के खिलाफ कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदेशभर में पुतला दहन किया। रायपुर में भी कार्यकताओं ने ED के पुतले फूंके। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के झड़प भी हुई। कांग्रेस ने इसे बदले की कार्रवाई बताया है।कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार विपक्षी दलों को दबाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। वहीं भूपेश बघेल ने कहा कि ये सब बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। जब-जब मैं चुनाव को लेकर दूसरे राज्य गया, तब-तब मेरे यहां छापा पड़ा। उत्तर प्रदेश, असम, झारखंड इसके उदाहरण हैं, अब पंजाब गया तो छापा पड़ा। बघेल ने कहा कि कथित सीसी कांड को लेकर 7 साल लगे, कोर्ट ने बरी कर दिया। 5 साल से केवल जांच कर रहे हैं, पता नहीं कब तक जांच करेंगे। बिरनपुर, महादेव सट्टा घोटाला जैसे कई मामले हैं, जांच चल रही है, लेकिन अभी तक बताया नहीं गया कि किस मामले में जांच कर रहे हैं।रायपुर, धमतरी और कोंडागांव समेत कई जिलों में ED की कार्रवाई के खिलाफ पुतले फूंके गए। कांग्रेस कार्यकताओं ने बड़ी संख्या में विरोध जताया। पुतला दहन के दौरान पुलिस और कांग्रेसियों की कई जगहों पर झड़प भी हुई। दरअसल, सोमवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और AICC महासचिव भूपेश बघेल के घर एऊ ने छापेमारी की। यह जांच करीब 10 घंटे तक चली। टीम के जाने के बाद भूपेश बघेल ने कहा कि, 32-33 लाख रुपए और दस्तावेज टीम ले गई है। इसमें मंतूराम केस की पेनड्राइव भी है। करीब सुबह 8 बजे भूपेश और उनके बेटे चैतन्य के भिलाई-3 पदुमनगर स्थित घर पर चार गाड़ियों में ED की टीम पहुंची थी। दोपहर में कार्रवाई के बीच नोट गिनने और सोना जांचने की मशीनें भी मंगाई गई।

पटना में श्रीकृष्ण सिंह की स्मृति में जनसभा का आयोजन

पटना। के रविंद्र भवन में पहले मुख्यमंत्री और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह की स्मृति में जनसभा की गई है। इस कार्यक्रम में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद हैं। उनके साथ मंत्री जीवेश मिश्रा और अशोक चौधरी भी हैं। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि मेरे बड़े पिता में श्रीकृष्ण सिंह के निजी सचिव रहे हैं। मैं मानता हूं कि बिहार में कई महान व्यक्तियों का जन्म हुआ है। कांग्रेस के नेतृत्व में देवघर के मंदिर में दलितों का प्रवेश वर्जित हुआ था, लेकिन उन्होंने दलितों के लिए लाठी खाकर प्रवेश दिलाया था। वह एक ऐसे महान व्यक्ति हैं, जिनको शब्दों में नहीं बांधा जा सकता है। मैं समझता हूं कि उन्होंने संपूर्ण बिहार का नेतृत्व बिना जात पात के किया है। हमारे पिता के बेहद करीबी थे- अशोक चौधरी अशोक चौधरी ने कहा कि हम महापुरुषों को तब ही याद करते हैं, जब वह समाज में कोई छाप छोड़कर जाते हैं। हमारे पिताजी के बेहद करीबी थे। श्रीकृष्ण सिंह और रामधारी सिंह दिनकर पर हम जितनी चर्चा करें वह कम है। हमारे बिहार का डीएनए मजबूत है। हम पूरे देश दुनिया पर राज करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने बैद्यनाथ धाम में पीठ पर लाठी खाकर दलितों को अंदर प्रवेश करने का अधिकार दिलाया था। हम लोग आज संकल्प लें कि सभी जाति एक साथ मिलकर बिहार की परंपरा को वापस लौटाने का काम करेंगे।श्रीकृष्ण सिंह का योगदान और विरासत पर चर्चा कार्यक्रम में श्रीकृष्ण सिंह के योगदान की चर्चा की जा रही है। श्रीकृष्ण सिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धाओं में से एक थे और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद बिहार के पहले मुख्यमंत्री बने। उन्होंने राज्य के औद्योगिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नेतृत्व में बिहार में भाखड़ा-नंगल बांध, हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन, हिंदुस्तान स्टील लिमिटेड (अब सेल), आईआईटी खड़गपुर जैसे संस्थानों की नींव पड़ी, जिससे बिहार और देश के विकास को नई गति मिली। उनकी नीतियों और प्रशासनिक क्षमता के कारण ही उन्हें 'बिहार केसरी' की उपाधि दी गई। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य श्रीकृष्ण सिंह के योगदान को याद करना और नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरित करना है। यह आयोजन उनके विचारों, उनके द्वारा किए गए कार्यों और उनकी नेतृत्व क्षमता को सम्मान देने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

संक्षिप्त डायरी

असली होली नवंबर में होगी जब फिर NDA सरकार आएगी

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पार्टी कार्यालय में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय मंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इस बार होली के रंग बिहार में नया इतिहास लिखने जा रहे हैं। यह तो खुशियों के रंगों की बस शुरूआत भर है, असली होली तो नवंबर के महीने में होगी, जब बिहार में एक बार फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनेगी। इस मौके पर पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और समर्थक भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक अंदाज में रंग-गुलाल उड़ाए गए और एक-दूसरे को होली की बधाइयां दी गईं। पूरे माहौल में उत्साह और उल्लास देखने को मिला। होली मिलन समारोह में पार्टी कार्यकताओं और नेताओं का भारी उत्साह देखने को मिला। हर कोई एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दे रहा था। मंच पर चिराग पासवान के आते ही कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी की और पूरे माहौल को जोशीला बना दिया। चिराग पासवान ने सभी बिहारवासियों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने बिहार की जनता से अपील की कि वे मिल-जुलकर इस पर्व को मनाएं और प्रदेश की तरक्की के लिए एकजुट रहें।

जमीन के लिए दामाद ने ससुराल में चलाई गोली, गिरफ्तार

पटना। में एक दामाद ने अपनी ससुराल में जमीन हथियाने के लिए फायरिंग कर दी। घटना मंगलवार देर रात ही है। इसका सीसीटीवी बुधवार को सामने आया है। फुटेज में आरोपी को कमर से पिस्टल निकालकर फायरिंग करते हुए दिख रहा है। वहीं, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी दामाद को गिरफ्तार कर लिया है। सास शकुंतला देवी ने बताया कि आरोपी दामाद रात में घर आया और दरवाजा खटखटाने लगा। जब दरवाजा नहीं खोला गया तो उसने फायरिंग कर दी। उन्होंने कहा कि आरोपी अकबरपुर नया टोला स्थित उनके घर को अपने नाम करवाने का दबाव बनाता है। वह पहले भी कई बार मारपीट कर चुका है।आरोपी की पत्नी प्राइमरी स्कूल में शिक्षिका है। उन्होंने बताया कि उन्हें और उनकी मां को जान से मारने की नीयत से गोली चलाई गई। उन्होंने कहा कि पति अक्सर जान से मारने की धमकी देता है। इस घटना के बाद पूरा परिवार दहशत में है। पहले भी आरोपी ने सास का गला दबाने का प्रयास किया था। पड़ोसी सौरव कुमार ने बताया कि यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी आरोपी ईंट-पत्थर से घर पर हमला कर चुका है। बाढ़ थाना अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार एएसपी राकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसके बाद आरोपी की पहचान कर छापेमारी की गई। फायरिंग करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। जांच में पता चला कि दोनों साढू हैं। आपस में इनका पारिवारिक विवाद चल रहा है, जिसके कारण इस घटना को अंजाम दिया गया है।

दरभंगा में वर्दी में शराब पीते चौकीदार का वीडियो

दरभंगा। जिले के बहेड़ी थाना के एक चौकीदार का वर्दी में शराब पीते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में चौकीदार विजय पासवान झोपड़ी में बैठकर शराब पीते नजर आ रहा है। थानाध्यक्ष वरुण कुमार गोस्वामी ने बताया कि बहेड़ी थाना के दो चौकीदारों का शराब पीते वीडियो सामने आया है, जिसकी जांच की जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति विजय पासवान है, लेकिन दूसरे व्यक्ति की पहचान की जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वायरल हुए वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि वर्दी में चखना के साथ चौकीदार एक झोपड़ी में शराब पी रहा है। उसे साथ देने में कई और लोग है। वीडियो में कहा जा रहा है कि एक दूसरा चौकीदार भी है।शराबबंदी कानून लागू होने के बाद चौकीदारों को भी इसकी निगरानी की जिम्मेदारी दी गई थी, लेकिन इस घटना ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ चौकीदारों की मिलीभगत से शराब तस्करी को बढ़ावा मिल रहा है।

'नमाज का समय नहीं बदल सकता, होली रोकी जाए

दरभंगा। की मेयर अंजुम आरा ने जिला प्रशासन से शुक्रवार को जुम्मे की नमाज को देखते हुए होली खेलने पर रोक लगाने की अपील की है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि जुम्मे की नमाज का टाइम आगे जा नहीं सकता है, इसलिए होली पर डेढ़ घंटे का ब्रेक होना चाहिए। मेयर ने ये भी कहा, 'डेढ़ घंटा मस्जिद और नमाज पढ़ने की जगहों से होली खेलने वाले दूरी बना कर रखें।' दरअसल, दरभंगा में जिला प्रशासन की ओर से मंगलवार को होली को देखते हुए शांति समिति की बैठक बुलाई गई थी। बैठक के बाद मेयर ने कहा, 'मैं लोगों से और जिला प्रशासन से अपील करती हूं कि शुक्रवार को दोपहर 12:30 से 2 बजे तक होली को रोका जाए।मेयर का बयान ऐसे समय में आया जब बीजेपी विधायक हरिभूषण बचौल ने दो दिन पहले होली में मुसलमानों को घर से बाहर न निकलने की नसीहत दी थी। बता दें कि अंजुम आरा 2023 में जेडीयू में शामिल हुई थीं। उनके इस बयान के बाद अब पार्टी के नेता ही उनपर निशाना साधा रहे हैं। जदयू नेता और मंत्री अशोक चौधरी ने कहा, 'दरभंगा मेयर को पार्टी से निकाल देना चाहिए। ऐसे बयान बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।' वहीं, मंत्री श्रवण कुमार ने मेयर को ऐसे बयान न देने की नसीहत दी है। मेयर ने कहा, 'त्योहारों पर कोई झगड़ा नहीं चाहता, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। पहले भी कई बार होली और रमजान एक ही दिन पड़े हैं। तब भी दोनों त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाए गए थे।'

राग-रंग का लोकप्रिय पर्व

होली

होली भारत का प्रमुख त्योहार है। होली जहाँ एक ओर सामाजिक एवं धार्मिक त्योहार है, वहीं रंगों का भी त्योहार है। बाल-वृद्ध, नर-नारी सभी इसे बड़े उत्साह से मनाते हैं। इसमें जातिभेद-वर्णभेद का कोई स्थान नहीं होता। इस अवसर पर लकड़ियों तथा कंडों आदि का ढेर लगाकर होलिकापूजन किया जाता है फिर उसमें आग लगायी जाती है। पूजन के समय मंत्र उच्चारण किया जाता है।

होली वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण भारतीय और नेपाली लोगों का त्योहार है। यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रंगों का त्योहार कहा जाने वाला यह पर्व पारंपरिक रूप से दो दिन मनाया जाता है। यह प्रमुखता से भारत तथा नेपाल में मनाया जाता हैं। यह त्यौहार कई अन्य देशों जिनमें अल्पसंख्यक हिन्दू लोग रहते हैं वहां भी धूम-धाम के साथ मनाया जाता हैं। पहले दिन को होलिका जलायी जाती है, जिसे होलिका दहन भी कहते है। दूसरे दिन, जिसे प्रमुखत : धुलेंडी व धुरड्डी, धुरखेल या धूलिवंदन इसके अन्य नाम हैं, लोग एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल इत्यादि फेंकते हैं, ढोल बजा कर होली के गीत गाये जाते हैं और घर-घर जा कर लोगों को रंग लगाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि होली के दिन लोग पुरानी कटुता को भूल कर गले मिलते हैं और फिर से दोस्त बन जाते हैं। एक दूसरे को रंगने और गाने-बजाने का दौर दोपहर तक चलता है। इसके बाद स्नान कर के विश्राम करने के बाद नए कपड़े पहन कर शाम को लोग एक दूसरे के घर मिलने जाते हैं, गले मिलते हैं और मिठाइयाँ खिलाते हैं।

राग-रंग का यह लोकप्रिय पर्व वसंत का संदेशवाहक भी है। राग अर्थात संगीत और रंग तो इसके प्रमुख अंग हैं ही पर इनको उत्कर्ष तक पहुँचाने वाली प्रकृति भी इस समय रंग-बिरंगे यौवन के साथ अपनी चरम अवस्था पर होती है। फाल्गुन माह में मनाए जाने के कारण इसे फाल्गुनी भी कहते हैं। होली का त्योहार वसंत पंचमी से ही आरंभ हो जाता है। उसी दिन पहली बार गुलाल उड़ाया जाता है। इस दिन से फाग और धमार का गाना प्रारंभ हो जाता है। खेतों में सरसों खिल उठती है। बाग-बगीचों में फूलों की आकर्षक छटा छा जाती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी और मनुष्य सब उल्लास से परिपूर्ण हो जाते हैं। खेतों में गेहूँ की बालियाँ इठलाने लगती हैं। बच्चे-बूढ़े सभी व्यक्ति सब कुछ संकोच और रूढ़ियाँ भूलकर ढोलक-झाँझ-मंजीरों की धुन के साथ नृत्य-संगीत व रंगों में डूब जाते हैं। चारों तरफ़ रंगों की फुहार फूट पड़ती है। होली के दिन आम्र मंजरी तथा चंदन को मिलाकर खाने का बड़ा माहात्म्य है।

विशिष्ट उत्सव

भारत में होली का उत्सव अलग-अलग प्रदेशों में भिन्नता के साथ मनाया जाता है। ब्रज की होली आज भी सारे देश के आकर्षण का बिंदु होती है। बरसाने की लठमार होली काफ़ी प्रसिद्ध है। इसमें पुरुष महिलाओं पर रंग डालते हैं और महिलाएँ उन्हें लाठियों तथा कपड़े के बनाए गए कोड़ों से मारती हैं। इसी प्रकार मथुरा और वृंदावन में भी 15 दिनों तक होली का पर्व मनाया जाता है। कुमाऊँ की गीत बैठकी में शास्त्रीय संगीत की गोष्ठियाँ होती हैं। यह सब होली के कई दिनों पहले शुरू हो जाता है। हरियाणा की धुलंडी में भाभी द्वारा देवर को सताए जाने की प्रथा है। बंगाल की दोल जात्रा चैतन्य महाप्रभु के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। जलूस निकलते हैं और गाना बजाना भी साथ रहता है। इसके अतिरिक्त महाराष्ट्र की रंग पंचमी में सूखा गुलाल खेलने, गोवा के शिमगो में जलूस निकालने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन तथा पंजाब के होला मोहल्ला में सिक्खों द्वारा शक्ति प्रदर्शन की परंपरा है। तमिलनाडु की कमन पोडिगई मुख्य रूप से कामदेव की कथा पर आधारित वसंतोतसव है जबकि मणिपुर के याओसांग में योंगसांग उस नन्हीं झोंपड़ी का नाम है जो पूर्णिमा के दिन प्रत्येक नगर-ग्राम में नदी अथवा सरोवर के तट पर बनाई जाती है। दक्षिण गुजरात के आदिवासियों के लिए होली सबसे बड़ा पर्व है, छत्तीसगढ़ की होरी में लोक गीतों की अद्भुत परंपरा है और मध्यप्रदेश के मालवा अंचल के आदिवासी इलाकों में बेहद धूमधाम से मनाया जाता है भगोरिया, जो होली का ही एक रूप है। बिहार का फगुआ जम कर मौज मस्ती करने का पर्व है और नेपाल की होली में इस पर धार्मिक व सांस्कृतिक रंग दिखाई देता है। इसी प्रकार विभिन्न देशों में बसे प्रवासियों तथा धार्मिक संस्थाओं जैसे इस्कॉन या वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में अलग अलग प्रकार से होली के श्रृंगार व उत्सव मनाने की परंपरा है जिसमें अनेक समानताएँ और भिन्नताएँ हैं।

आधुनिकता का रंग

होली रंगों का त्योहार है, हँसी-खुशी का त्योहार है, लेकिन होली के भी अनेक रूप देखने को मिलते है। प्राकृतिक रंगों के स्थान पर रासायनिक रंगों का प्रचलन, भांग-ठंडाई की जगह नशेबाजी और लोक संगीत की जगह फ़िल्मी गानों का प्रचलन इसके कुछ आधुनिक रूप हैं। लेकिन इससे होली पर गाए-बजाए जाने वाले ढोल, मंजीरों, फाग, धमार, चैती और ठुमरी की शान में कमी नहीं आती। अनेक लोग ऐसे हैं जो पारंपरिक संगीत की समझ रखते हैं और पर्यावरण के प्रति सचेत हैं। इस प्रकार के लोग और संस्थाएँ चंदन, गुलाबजल, टेसू के फूलों से बना हुआ रंग तथा प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की परंपरा को बनाए हुए हैं, साथ ही इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान भी दे रहे हैं। रासायनिक रंगों के कुप्रभावों की जानकारी होने के बाद बहुत से लोग स्वयं ही प्राकृतिक रंगों की ओर लौट रहे हैं। होली की लोकप्रियता का विकसित होता हुआ अंतर्राष्ट्रीय रूप भी आकार लेने लगा है। बाज़ार में इसकी उपयोगिता का अंदाज़ इस साल होली के अवसर पर एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठान केन्ज़ोआमूर द्वारा जारी किए गए नए इत्र होली है से लगाया जा सकता है।

होलिका दहन पर भद्रा का साया और होली पर चंद्र ग्रहण, जानिए कब क्या करें?

होलिका दहन के बाद दूसरे दिन होली खेली जाती है जिसे धुलेंडी कहते हैं। धुलेंडी यानी रंगवाली होली। इस बार होलिका दहन और धुलेंडी पर भद्रा के साथ ही चंद्र ग्रहण का योग भी बन रहा है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि होलिका दहन की पूजा कब करें और कब होली खेलें। हिंदू पंचांग अनुसार 13 मार्च 2025 गुरुवार को होलिका दहन होगा और 14 मार्च शुक्रवार को धुलेंडी रहेगी लेकिन क्या है होलिका दहन का मुहूर्त और कब खेलें होली।

पूर्णिमा तिथि प्रारम्भ- 13 मार्च 2025 को सुबह 10 :35 बजे से प्रारंभ।

पूर्णिमा तिथि समाप्त- 14 मार्च 2025 को दोपहर 12 :23 बजे समाप्त।

भद्रा पूंछ- शाम को 06-57 से रात्रि 08-14 तक।

भद्रा मुख- रात्रि 08-14 से रात्रि 10-22 तक।

दिनांक 14 मार्च 2025 शुक्रवार को सुबह 09 :29 बजे से दोपहर 03 :29 बजे तक यह पूर्ण चंद्र ग्रहण लगेगा। होलिका दहन और होली पर भारत में चंद्र ग्रहण का प्रभाव नहीं रहेगा क्योंकि यह ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। होली पर चंद्र ग्रहण और सूतक काल का कोई प्रभाव नहीं रहेगा इसलिए धुलेंडी का पर्व मनाया जा सकता है।

13 मार्च 2025 को रात्रि में भद्रा के पूंछ काल में होलिका दहन कर सकते हैं। यदि भद्रा को छोड़ना है तो होलिका दहन श्रेष्ठ मुहूर्त- मध्यरात्रि 11 :26 से 12 :30 के बीच। इसके बाद दूसरे दिन रंग वाली होली खेल सकते हैं।

होली खेलने से पहले इन बातों का रखें ध्यान!

रंगों और खुशियों के त्योहार होली के रंग में सराबोर होने के लिए घर से निकलने से पहले आपको त्वचा और बालों की सुरक्षा के संबंध में कुछ बातों का ख्याल जरूर रखना चाहिए, जिससे आपको किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े. त्वचा विशेषज्ञ ने होली खेलने निकलने से पहले त्वचा की देखभाल के संबंध में ये सुझाव दिए हैं -

- कुछ लोग होली खेलने के पहले बाल यह सोचकर नहीं धुलते हैं कि रंग खेलने से बाल गंदे होने ही हैं, लेकिन पहले से गंदे बाल में रंग लगने से आपके बालों को और नुकसान पहुंच सकता है और बाल रुखे हो सकते हैं, इसलिए बाल धुलकर, सुखाने के बाद बालों में अच्छी तरह से तेल लगाकर ही होली खेलने निकलें.
- होली खेलने निकलने से पहले सनस्क्रीन क्रीम लगाना नहीं भूलें, क्योंकि तेज धूप में आपकी त्वचा झुलस सकती हैं और रंग काला पड़ सकता है.
- बाजार में उपलब्ध सिंथेटिक रंगों में हानिकारक केमिकल और शीशा भी हो सकता है, जिससे आपकी त्वचा और आंखों को नुकसान पहुंच सकता है. इसलिए त्वचा और बालों पर अच्छे से तेल लगाएं और हो सके तो प्राकृतिक रंगों या घर पर बने टेसू के फूल वाले रंग से होली खेलें. कानों के पीछे, उंगलियों के बीच में भी तेल अच्छे से लगाएं और नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाना नहीं भूलें. बालों में नारियल तेल डालकर अच्छे से मसाज करें, इससे आपके बाल रूखे भी नहीं होंगे.
- शरीर के अधिकांश हिस्सों को रंगों से बचाने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें, सूती रंग के ही कपड़े पहनें, क्योंकि भीगने पर सिंथेटिक कपड़े शरीर से चिपक जाते हैं और आपको उलझन महसूस हो सकती है.
- फलों और सब्जियों के छिलकों को सुखाकर उसमें टेल्कम पाउडर और संतरे के सूखे छिलकों के पाउडर को मिलाकर होली खेलना एक अच्छा विकल्प है. इसमें हल्दी पाउडर, जिंजर रूट पाउडर व दालचीनी पाउडर भी मिलाए जा सकते हैं, जो आपकी त्वचा के लिए हानिकारक साबित नहीं होंगे, लेकिन इन पाउडर को जोर से त्वचा पर मले नहीं, क्योंकि इससे लालिमा, खरोंच या दानें पड़ सकते हैं और त्वचा में जलन हो सकती है.
- होली खेलने के बाद सौम्य फेसवॉश या साबुन का ही इस्तेमाल करें, क्योंकि हार्श साबुन से त्वचा रूखी हो सकती है, नहाने के बाद मॉइश्चराइजर और बॉडी लोशन जरूर लगाएं.
- बालों को सौम्य हर्बल शैम्पू से अच्छी तरह से धुलें, ताकि अभ्रक युक्त और केमिकल वाले रंग बालों से अच्छी तरह से निकल जाएं, शैम्पू के बाद बालों का रूखापन दूर करने के लिए एक मग पानी में एक नींबू का रस मिलाकर धुलें या फिर बीयर से भी बाल धुला जा सकता है, इससे आपके बाल मुलायम रहेंगे.

क्या है होली और राधा-कृष्ण का संबंध

होली के पर्व का जिक्र आते ही मन रंगों से खेलने लगता है और प्रेम के इस पर्व में हर कोई राधा व कृष्ण हो जाना चाहता है। आप सोच रहे होगे कि राधा व कृष्ण का होली से क्या नाता है तो आइये जानते हैं। होली और राधा-कृष्ण का क्या संबंध है।

भगवान विष्णु ने जितने भी अवतार धारण किये हैं चित्रों के माध्यम से उन्हें सांवले रंग का दिखाया जाता है और भगवान श्री कृष्ण का तो नाम ही श्याम लिया जाता है। लेकिन उनका यह श्याम रंग बनने की कहानी है। दरअसल जब श्री कृष्ण के मामा कंस ने राक्षसी पुतना को जन्माष्टमी के दिन जन्मे शीशुओं को स्तन से विषपान करवाकर मरवाने के लिये भेजा तो श्री कृष्ण ने विषपान तो किया लेकिन भगवन का क्या बिगड़ना था, पुतना तो मारी गई लेकिन बाल गोपाल विषपान करने से श्याम वर्ण के हो गये। अब उन्हें यह चिंता सताने लगी कि इस श्याम रंग के साथ प्रिय सखी राधा सहित अन्य गोपियां उन्हें भाव नहीं देंगी। गौर वर्णीय राधा को जब भी वे देखते उन्हें स्वयं का श्याम वर्ण होना अखरने लगता। वे इसकी शिकायत अपनी मैया यशोदा से करते हैं वो गीत तो आपने भी सुना होगा यशोमति मैया से बोले नंदलाला, राधा क्यों गौरी मैं क्यूं काला। तो माता उन्हें प्रसन्न करने के लिये सुझाव देती हैं वह भी राधा के मुख पर वैसा ही रंग लगा दे जैसा वे चाहते हैं। बस माता की शय मिलने की देर थी, नटखट श्याम राधा सहित सभी गोपियों को रंगने लग जाते हैं। धीरे-धीरे उनकी यह शरारत फैलने लगती है और ऋतुराज वसंत के इस प्यार भरे मौसम में एक दूसरे पर रंग डालने की यह लीला एक प्रेममयी परंपरा के रूप में हर साल फाल्गुन के महीने में निभायी जाने लगती है। होली के दिनों में मथुरा वृंदावन का नजारा तो आज भी देखते ही बनता है।

क्या है महत्व

वैसे यह श्री राधा व भगवान श्री कृष्ण की होली पर खेली गई यह प्रेम लीला एक प्रतीक भर है कि यह रंग कोई भौतिक रंग नहीं है बल्कि भक्ति का रंग है। भगवान का रंग है, सद्भावना का रंग है, विश्वास का रंग है जिनसे होली खेली जाती है। और जो होली जलाई जाती है वह संदेह की, अंहकार की, वैरभाव की, ईर्ष्या की होली जलाई जाती है जिसके उपरांत ही निष्काम प्रेम की कामना पूर्ण होती है और अपने आराध्य श्री कृष्ण की अपने ठाकुर जी की कृपा प्राप्त होती है।

संन्यास लेने से पहले रोहित की नजर वनडे विश्व कप खिताब पर होगी : दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर

दुबई (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग का मानना है कि रोहित शर्मा अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं। रोहित की कप्तानी में भारत ने वनडे विश्व कप को छोड़कर आईसीसी के बाकी टूर्नामेंट जीते हैं। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम 2023 में घरेलू धरती पर खेले गए वनडे विश्व कप को जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन फाइनल में उसे आस्ट्रेलिया से हार का सामना करना पड़ा था।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि रोहित अपने भविष्य के लक्ष्यों को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ने कहा, 'जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने (चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में) अच्छी पारी खेली थी।'

पोंटिंग ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है।' पोंटिंग ने कहा, 'मेरे लिए इसका मतलब यह है कि उनके मन में 2027 में होने वाले अगले वनडे विश्व कप में खेलना लक्ष्य होना चाहिए।'

रोहित ने 2021 में 34 वर्ष की उम्र में भारतीय टीम की कमान संभाली थी। उनके नेतृत्व में भारत ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। इससे पहले भारत ने पिछले साल रोहित की कप्तानी में ही वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रोहित की 83 गेंद पर खेली गई 76 रन की पारी की मदद से आसन जीत हासिल की।

रोहित ने संवाददाता सम्मेलन में संन्यास लेने की खबरों को सिरे से खारिज करते हुए कहा था, 'एक और बात, मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने जा रहा हूं, बस यह सुनिश्चित करना चाहता हूं कि कोई और अफवाह न फैले।' पोंटिंग ने कहा कि रोहित के दिमाग में अपने करियर को जारी रखने के पीछे वनडे विश्व कप जीतने की चाहत हो सकती है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि उनके दिमाग में यह बात होगी कि भारत उनकी

कप्तानी में पिछले वनडे विश्व कप के फाइनल में हार गया था। वह वनडे विश्व कप जीतने के लिए एक और कोशिश करना चाहते होंगे। जिस तरह से उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में शानदार पारी खेली उससे आप यह नहीं कह सकते हैं कि वह चुक गए हैं।'

150 वीं सालगिरह पर होगा एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का मुकाबला

सिडनी (एजेंसी)। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर आज से ठीक दो साल बाद 11 मार्च 2027 को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में एक महामुकाबला होगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें इस अवसर पर 11 से 15 मार्च 2027 तक एमसीजी में दिन-रात का एक टेस्ट मैच गुलाबी गेंद से खेलेंगी। सीए ने कहा है कि यह ऐतिहासिक मैच एमसीजी में दोनों टीमों के बीच होने वाला पहला दिन-रात का टेस्ट मैच होगा।

इस ऐतिहासिक स्टेडियम में ही साल 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला गया था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में शताब्दी टेस्ट मैच भी एमसीजी पर ही हुआ था। तब ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में 45 रन से जीत हासिल की थी। सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, ''एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक बड़े मैच का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन क्रात्रिम रोशनी में होगा जो खेल की समृद्ध विरासत और टेस्ट क्रिकेट के आधुनिक विकास दोनों का जश्न मनाने का एक शानदार तरीका होगा।'' उन्होंने आगे कहा, ''इससे अधिक से अधिक दर्शकों की उपस्थिति तय करने में भी मदद मिलेगी साथ ही इस मैच का आनंद लेना भी एक अच्छा अनुभव होगा।'' ऑस्ट्रेलियाई टीम नवंबर में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली 2025-26 एशेज सीरीज की मेजबानी करेगी। इसी सीरीज का अंतिम टेस्ट मैच दिन-रात का टेस्ट होगा, जो टेस्ट क्रिकेट की 150वीं सालगिरह पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक 13 दिन-रात के टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से 12 मैचों में उसने जीत हासिल की थी। इनमें से आठ मैचों का आयोजन एडिलेड में किया गया था।

शुभमन गिल फरवरी महीने के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने गए

दुबई (एजेंसी)। भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को फरवरी महीने के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला के मैचों में बल्ले से यादगार प्रदर्शन करने वाले गिल ने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पछाड़ते हुए बुधवार को यह पुरस्कार जीता।

गिल ने फरवरी में पांच वनडे मैचों में 101.50 की औसत और 94.19 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाए। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में दो अर्धशतक और एक शतक जड़कर भारत को 3-0 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने नागपुर में खेले गये पहले एकदिवसीय में 87, कटक में खेले गये दूसरे एकदिवसीय में 60 और फिर अहमदाबाद में खेले गये तीसरे वनडे में 112 रन बनाए।

अहमदाबाद में 102 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के जड़कर वह प्लेयर ऑफ द मैच के साथ श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने में सफल रहे। उन्होंने इस शानदार लय को चैंपियंस ट्रॉफी में भी जारी रखा। दुबई में भारत के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 101 रन की पारी खेलने के बाद उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन बनाए। भारत यह दोनों मैच आसानी से जीतने में सफल रहा। गिल के लिए यह तीसरा आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान है। उन्होंने इससे पहले 2023 में दो बार (जनवरी और सितंबर) में इसे जीता था।

अगर मेरे पास पावर होती तो आईपीएल का यह नियम बदल देता : संजू सैमसन

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईपीएल 2025 सीजन से पहले राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने कहा कि अपने करीबी दोस्त विकेटकीपर-ओपनर जोस बटलर को जाने देना उनके लिए सबसे मुश्किल काम था और अगर उनके पास आईपीएल में कोई नियम बदलने की शक्ति होती तो वह खिलाड़ियों को कभी रिलीज न करने का होता।

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले सैमसन, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल और शिमरोन हेटमायर को रिटेन किया जिसका मतलब था कि उनके पास बटलर को रिटेन करने के लिए कोई स्लॉट नहीं था, जो अब 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी सीजन में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलेंगे।

सैमसन ने कहा, 'आईपीएल आपको एक टीम का नेतृत्व करने और उच्चतम स्तर पर खेलने का अवसर देता है, लेकिन यह आपको घनिष्ठ मित्रता बनाने की भी अनुमति देता है। जोस बटलर मेरे सबसे करीबी दोस्तों में से एक हैं। हमने सात साल तक एक साथ खेला, एक लंबी बल्लेबाजी साझेदारी बनाई। हम एक-दूसरे को बहुत अच्छी तरह से जानते थे और हमेशा संपर्क में रहते थे। वह मेरे लिए बड़े भाई की तरह थे।'

उन्होंने कहा, 'जब मैं कप्तान बना, तो वह मेरे उप-कप्तान थे और उन्होंने टीम का नेतृत्व करने में मेरी बहुत

बड़ी भूमिका निभाई। उन्हें जाने देना मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण चीजों में से एक रहा है। यहां तक कि इंग्लैंड श्रृंखला के दौरान मैंने उन्हें रात के खाने पर बताया कि मैं अभी भी इससे उबर नहीं पाया हूं। अगर मैं आईपीएल में एक चीज बदल सकता, तो मैं खिलाड़ियों को रिलीज करने का नियम बदलूंगा।'

सैमसन ने कहा, 'हालांकि इसके अपने सकारात्मक पहलू हैं, व्यक्तिगत स्तर पर आप वर्षों से बनाए गए कनेक्शन और रिश्ते खो देते हैं। यह मेरे लिए पूरी फ्रैंचाइजी, मालिकों, कोचों और राजस्थान से जुड़े सभी लोगों के लिए कठिन रहा है। जोस हमारे लिए परिवार था।'

साथ ही, सैमसन ने जुरेल, पराग और हेटमायर जैसे प्रमुख खिलाड़ियों को बनाए रखने के प्रभाव पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'बेशक, यह एक बड़ी भूमिका निभाता है। पहले से ही टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ियों का होना एक बेहतरीन कनेक्शन बनाता है। यह मेरा काम आसान बनाता है क्योंकि हम मैदान पर और बाहर दोनों जगह एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं और इससे टीम के बेहतर समन्वय में मदद मिलती है।'

आईपीए की तैयारियों के लिए कोलकाता पहुंची केकेआर

कोलकाता ।कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम 22 मार्च से शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों के लिए कोलकाता पहुंच गयी है। टीम को यहां 12 मार्च से ईडन गार्डन्स में एक अभ्यास सत्र में भाग लेना है। इस कैंप से टीम को तैयारी का अंतिम अवसर मिलेगा। इस प्री-सीजन कैंप में नए कप्तान और मजबूत कोचिंग स्टाफ के नेतृत्व में रणनीति को बेहतर बनाने और टीम के तालमेल को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। इस बार मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित, सहायक कोच ओटिस गिब्सन और टीम मेंटर ड्वेन ब्रावो के मार्गदर्शन में टीम आईपीएल नये उत्साह से उतरेगी। गत विजेता टीम 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला करेगी। केकेआर ने आईपीएल फाइनल में चार बार भाग लिया है, जिसमें से तीन बार (2012, 2014, 2024) चैंपियनशिप जीती है। वह 2021 सत्र में उपविजेता रही थी। केकेआर ने इस सत्र के जिए जहां अजिंक्य रहाणे को कप्तान बनाया है। वहीं आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तानी सौंपी है।

आईसीसी रैंकिंग में रोहित तीसरे नंबर पर पहुंचे

दुबई । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं जबकि भारत के ही शुभमन गिल शीर्ष पर बने हुए हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी खेली थी इससे उन्हें दो स्थानों का लाभ मिला है। वहीं टूर्नामेंट में 218 रन बनाने वाले अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पांचवें स्थान पर हैं। वहीं उपन्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को भी रैंकिंग में लाभ मिला है। डेरिल मिशेल एक स्थान के लाभ के साथ ही छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि रचिन रविंद्र 14 पायदान की छलांग लागाकर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन फिलिप्स भी छह पायदान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। कप्तान मिशेल सेंटनर को टूर्नामेंट में नौ विकेट लेने के कारण छह स्थान का लाभ मिला है वह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं माइकल ब्रेसवेल 10 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय स्पिनरों कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा की रैंकिंग भी बेहतर हुई है। किया है। कुलदीप तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि जडेजा पांच विकेट लेने के बाद 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

स्टोक्स को सीमित ओवरों के लिए भी कप्तान बना सकता है ईसीसी

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स को एकदिवसीय और टी20 टीम की कप्तानी भी दे सकता है। चैम्पियंस ट्रॉफी में टीम के खराब प्रदर्शन के बाद जोस बटलर ने इंग्लैंड की टीम की सीमित ओवरों की टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। ऐसे में अब बोर्ड नए विकल्पों पर विचार कर रहा है। वहीं ब्रेंडन मैकुलम टीम के कोच बने रहेंगे। मैकुलम टेस्ट के साथ ही सीमित ओवरों प्रारुप में भी कोच हैं और स्टोक्स से उनका अच्छा समन्वय है। ऐसे में माना जा रहा है कि ये जोड़ी इंग्लैंड क्रिकेट को आगे ले जाने का प्रयास करेगी।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर रॉब की के अनुसार, स्टोक्स ने संकेत दिया है कि वह इंग्लैंड की सीमित ओवरों के प्रारुप की भी कप्तानी संभाल सकते

हैं। ईसीबी के अधिकारी ने हालांकि कहा कि इस बारे में कोई भी फैसला जल्दबाजी में नहीं लिया जाना चाहिए। पिछले 11 में से 10 मैच हारने के बाद बटलर को कप्तानी छोड़नी पड़ी। ऐसे में माना जा रहा था कि यदि अगली पीढ़ी को कमान मिलती है तो हैरी ब्रूक टीम के उपकप्तान होने के कारण सबसे बड़े दावेदार रहेंगे। रॉब की अभी सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। स्टोक्स ने जो रूट से टेस्ट टीम की कमान संभालने के बाद से ही एक अच्छे कप्तान के तौर पर अपने को साबित किया है पर बढ़ती उम्र और खराब फिटनेस उनका कमजोर पक्ष है। अभी भी वह हैमस्ट्रिंग समस्या से परेशान हैं। कुछ ही समय पहले घुटने की बड़ी सर्जरी भी उनको करानी पड़ी थी। स्टोक्स को लेकर रॉब की ने कहा है कि ये मूर्खतापूर्ण बात होगी अगर हम टेस्ट कप्तान पर विचार नहीं करते। वहीं जब स्टोक्स को लेकर पूछा गया कि इस प्रस्ताव पर उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी, तो इस रॉब की ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने उनसे इस बारे में बात नहीं की है। मैंने उनसे दूसरे दिन कहा था कि आप व्हाइट-बॉल कप्तानी के लिए विचाराधीन हैं। इस पर उनका रुख संकेतों में सकारात्मक दिखा।

ऋषभ की बहन की शादी में पहुंचे धोनी, रैना सहित कई क्रिकेटर

मसूरी ।भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की बहन साक्षी पंत की शादी में यहां पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी सहित कई क्रिकेट खिलाड़ी पहुंचे। इस दौरान धोनी और सुरेश रैना ने जमकर डांस किया। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। ऋषभ की बहन की पिछले साल सगाई हुई थी। ऋषभ चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे और वह सोमवार को ही भारत पहुंचे थे। इसके बाद वह परिवार के सदस्यों के साथ शादी समारोह में शामिल हुए। वहीं धोनी भी ऋषभ को काफी पसंद करते हैं। इसी कारण वह अपनी पत्नी के साथ मंगलवार को ही देहरादून पहुंचे थे। धोनी इससे पहले जनवरी 2024 में लंदन में हुए सगाई समारोह में भी शामिल हुए थे। इसके अलावा भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और बल्लेबाजी सुपरस्टार विराट कोहली के भी शादी समारोह में शामिल होने की संभावना है। ऋषभ की बहन साक्षी की शादी कारोबारी अंकित चौधरी से हो रही है। शादी समारोह में देहरादून जाने से पहले धोनी ने चेन्नई में सीएसके कैंप में हिस्सा लिया और आईपीएल 2025 के लिए अपनी तैयारियां शुरू कीं। वहीं ऋषभ आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्हें जनवरी में लखनऊ स्थित फ्रेंचाइजी का नया कप्तान बनाया गया था।

टीम इंडिया को आगे का सत्र है बेहद व्यस्त आईपीएल के बाद इंग्लैंड से खेलेगी टीम

मुम्बई ।आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद अब भारतीय टीम का आगे का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। कुछ दिनों के आराम के बाद टीम के अधिकतर खिलाड़ी 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के 18 वें सत्र में खेलते दिखेंगे। वहीं इसके बाद टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसेस 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत होगी। भारतीय टीम इस बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में नहीं पहुंच पाई है इसलिए उसका लक्ष्य नये सत्र की अच्छी शुरुआत करना रहेगा। भारत 18 साल के अंतराल के बाद पटौदी ट्रॉफी जीतना भी चाहेगा क्योंकि 2021-22 में वे इसे बहुत कम अंतर से हार गए थे। यह सीरीज रेड-बॉल क्रिकेट में देश के लिए नई शुरुआत भी कर सकती है क्योंकि 2024-25 सीजन में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इसमें एक नया कप्तान टीम की कमान संभाल सकता है। वहीं सफेद गेंद क्रिकेट में ध्यान टी20आई क्रिकेट पर रहेगा क्योंकि 2026 टी20 विश्व कप अगला आईसीसी टूर्नामेंट है। भारत का लक्ष्य इसमें अपने घरेलू मैदान पर अपने खिताब की रक्षा करना होगा। इस प्रतियोगिता की सहमेजबानी श्रीलंका भी करेगा। अगले 12 महीनों में, भारत नौ टेस्ट मैच और 12 वनडे मैच खेलेगा। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम एशिया कप और टी20 विश्व कप के मैचों के अलावा 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेलेगी। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर 21 जून से 4 अगस्त 2025 के बीच 5 टेस्ट मैच खेलेगी। अगस्त में ही भारत को बांग्लादेश के दौरे पर 3 वनडे और इतने ही मुकाबलों की टी20 सीरीज खेलनी है। वहीं सितंबर 2025 में एशिया कप का आयोजन किया जाना है। वेस्टइंडीज की टीम 2 टेस्ट मैच खेलने अक्टूबर में भारत दौरा करेगी।

शेन बॉन्ड की जसप्रीत बुमराह को चेतावनी, यह करियर खत्म करने वाला हो सकता है

नई दिल्ली (एजेंसी)। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज और मुंबई इंडियंस (एमआई) के पूर्व गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की सर्जरी जिस जगह हुई थी, उसी जगह पर एक और चोट लगने से उनका करियर खत्म हो सकता है और उन्होंने कहा कि भविष्य में वह उन्हें एक बार में दो से ज्यादा टेस्ट मैच खेलते हुए नहीं देखना चाहेंगे।

बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट से जूझ रहे हैं, जिसकी वजह से वह रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के लिए मशहूर अभियान से बाहर हो गए। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा 'राष्ट्रीय खजाना' कहे जाने वाले इस गेंदबाज ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के दौरान भारत के लिए अकेले संघर्ष किया, जिसमें उन्होंने पांच मैचों में 32 विकेट लिए, इससे पहले इस साल जनवरी में सिडनी में अंतिम टेस्ट मैच में वह तनाव से संबंधित चोट से पीड़ित हो गए थे। उन्होंने तब से कोई प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है और भारत के विजयी ICC चैंपियंस ट्रॉफी अभियान को भी मिस किया है।

बुमराह बेंगलुरु में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपना रिहैब पूरा कर रहे हैं और 22 मार्च से शुरू होने वाले आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के दौरान मुंबई इंडियंस (MI) के लिए उनकी उपलब्धता पर कोई स्पष्टता नहीं है। बुमराह को पहली बार पीठ में चोट नहीं लगी है, क्योंकि मार्च 2023 में उनकी इसके लिए सर्जरी हुई थी। शेन बॉन्ड ने पहले MI के साथ गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया था और वर्तमान में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजी कोच हैं। उन्होंने कहा कि बुमराह के कार्यभार को एक और चोट से बचने के लिए सावधानीपूर्वक प्रबंधन की आवश्यकता है।

बुमराह के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'जब वह स्कैन के लिए सिडनी गए थे, तो कुछ संदेश आ रहे थे कि उन्हें मोच और इस तरह की अन्य चीजें हैं। मुझे चिंता थी कि यह मोच नहीं होगी, यह उस क्षेत्र (पीठ) के आसपास की हड्डी की चोट हो सकती है। मुझे लगा कि अगर ऐसा था तो वह चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर सकते हैं।'

बॉन्ड ने इस बात पर प्रकाश डाला कि टी20 से टेस्ट क्रिकेट में तेजी से बदलाव में खतरे का क्षेत्र है। पूर्व तेज गेंदबाज ने इसे एक चुनौती के रूप में उजागर किया क्योंकि भारत 25 मई को आईपीएल समाप्त होने के बमुश्किल एक महीने बाद पांच टेस्ट मैचों के लिए इंग्लैंड दौरे की तैयारी कर रहा है। बॉन्ड ने कहा, 'देखिए, मुझे लगता है कि बूम ठीक हो जाएंगे, लेकिन यह सिर्फ (कार्यभार) प्रबंधन (मायने रखता है)। दौरों और आगे के कार्यक्रम को देखते हुए उन्हें आराम देने के अवसर कहां हैं, लेकिन वास्तव में खतरे की अवधि कहां है? और अक्सर ऐसा होता है कि आईपीएल से टेस्ट चैंपियनशिप में बदलाव एक जोखिम होगा।'

उन्होंने अपनी बात समाप्त करते हुए कहा, 'आप जहां भी जाते हैं, खासकर टी20 से टेस्ट मैच में, यह चुनौतीपूर्ण होता है। अगर आप एकदिवसीय श्रृंखला खेल रहे हैं, तो यह आम तौर पर बहुत बुरा नहीं होता है। आप सप्ताह में तीन मैच खेलेंगे, आपको अभ्यास करना होगा, आप लगभग 40 ओवर (रेंज) में होंगे, यह वैसे भी टेस्ट मैच के सप्ताह के काफी करीब है। लेकिन टी20 में खासकर आईपीएल में जब आप सप्ताह में तीन मैच खेल रहे होते हैं, तो दो दिन की यात्रा

होती है, आपको एक प्रशिक्षण सत्र मिल सकता है, अगर आप भाग्यशाली हैं तो आप 20 ओवर गेंदबाजी कर सकते हैं। यह टेस्ट मैच के आधे या आधे से भी कम लोड के बराबर है, जो तब एक बड़ी छलांग है और आप लगातार दो दिन गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं। जब आप इससे बाहर निकलते हैं तो यह एक बड़ी छलांग है।'

भारत का इंग्लैंड दौरा काफी कड़ा होगा जिसमें 28 जून से 3 अगस्त के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। बॉन्ड ने कहा कि भारत को बुमराह पर उतना काम का बोझ नहीं डालना चाहिए, जितना उन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर डाला था, उन्होंने कुल 151.2 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें मेलबर्न में बॉक्सिंग डे पर खेले गए चौथे टेस्ट के दौरान 52 ओवर शामिल हैं, जो टेस्ट मैच में उनका सबसे अधिक ओवर था।

चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद पाकिस्तानी क्रिकेटरों को झटका, मैच फीस में भारी कटौती, सुविधाओं में भी कमी

स्पोर्ट्स डेस्क ।पाकिस्तान ने चैम्पियंस ट्रॉफी को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी और हाईब्रिड मॉडल के तहत (भारत के सभी मैचों सहित फाइनल दुबई में) टूर्नामेंट सफल भी रहा। लेकिन अब घरेलू क्रिकेटरों पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने गाज गिराई है और खिलाड़ियों की मैच फीस में भारी कटौती व सुविधाओं में कटौती कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी ने आगामी राष्ट्रीय टी20 चैंपियनशिप में भाग लेने वाले क्रिकेटरों की मैच फीस 100,000 पाकिस्तानी रुपए प्रति मैच से घटाकर 10,000 प्रति मैच कर दी है जबकि रिजर्व खिलाड़ियों को प्रति मैच 5000 रुपए मिलेंगे। टूर्नामेंट 14 मार्च से शुरू हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक पीसीबी में घरेलू क्रिकेट के प्रमुख अब्दुल्ला खुर्रम नियाज़ी पिछले कुछ महीनों में घरेलू खिलाड़ियों के लिए 'सुविधाओं में कटौती' कर रहे हैं। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है, 'जिन खिलाड़ियों को पहले पांच और चार सितारा होटलों में रहने की सुविधा दी जा रही थी, उन्हें अब सस्ते आवास की सुविधा दी जा रही है। फीस के अलावा उनके लिए हवाई यात्रा भी कम कर दी गई है।' इतना ही नहीं खिलाड़ियों और अंपायरों को पिछले सीजन का बकाया भुगतान अभी तक नहीं मिला है। बोर्ड ने बोर्ड की नीति के अनुसार पूर्व टेस्ट क्रिकेटरों के लिए वार्षिक पेंशन वृद्धि भी लागू नहीं की है। हालांकि बोर्ड के भीतर प्रशासक उच्च वेतन प्राप्त करना जारी है। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं और यहां तक कि हाल ही में संपन्न चैंपियंस कप के लिए 5 टीमों के साथ नियुक्त किए गए मेंटरों मिस्बाह उल हक, वकार यूनिस, शोएब मलिक, सरफराज अहमद और सकलैन मुश्ताक को प्रति माह लगभग 5 मिलियन रुपये का भुगतान किया जा रहा है।

एक नजर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को एम्स से मिली छुट्टी

नई दिल्ली : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) से छुट्टी मिल गई है। बुधवार को एम्स द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को हृदय संबंधी बीमारियों के कारण 9 मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। एम्स में चिकित्सा दल द्वारा आवश्यक देखभाल के बाद उनकी स्थिति में संतोषजनक सुधार हुआ और 12 मार्च को उन्हें छुट्टी दे दी गई। उन्हें अगले कुछ दिनों तक पर्याप्त आराम करने की सलाह दी गई है। उल्लेखनीय है कि 9 मार्च को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। उपराष्ट्रपति को सीने में दर्द के बाद एम्स में भर्ती कराया गया।

उर्वशी रौतेला बनीं रोल्स रॉयस खरीदने वाली बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस

मुंबई : उर्वशी रौतेला बॉलीवुड में एक लोकप्रिय अभिनेत्री हैं। उर्वशी हमेशा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। अपनी एक्टिंग के साथ-साथ उर्वशी की बोल्डनेस की भी लगातार चर्चा हो रही है। उर्वशी ने हाल ही में एक नई कार खरीदी है। उर्वशी ने हाल ही में रोल्स रॉयस की लग्जरी कार प्रीमियम एसयूवी, रोल्स रॉयस कलिनन खरीदी है। इस शानदार कार की कीमत करीब 12 करोड़ रुपये है। बॉलीवुड में किसी भी अभिनेत्री के पास यह कार नहीं है। उर्वशी यह कार खरीदने वाली पहली अभिनेत्री बन गई हैं। इसके साथ ही उर्वशी ने इंस्टाग्राम की फोर्ब्स रिच लिस्ट में भी जगह बना ली है। अंबानी, शाहरुख खान के पास है ये काररोल्स-रॉयस की यह कार बॉलीवुड फिल्मों में भी नजर आ चुकी है और कई मशहूर हस्तियों के पास पहले से ही यह शानदार गाड़ी मौजूद है। शाहरुख खान, विवेक ओबेरॉय, अजय देवगन और अल्लू अर्जुन जैसी हस्तियों के पास भी यह कार है। इसके अलावा, भारत के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी के गैराज में भी रोल्स-रॉयस की कई गाड़ियां शामिल हैं।

मणिपुर में विभिन्न उग्रवादी संगठनों के 11 सदस्य गिरफ्तार

इंफाल : मणिपुर पुलिस ने विभिन्न अभियानों में अलग-अलग उग्रवादी संगठनों से जुड़े 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इंफाल ईस्ट जिले के खोरे चिंगंगबम लैकै इलाके से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो सक्रिय कैडर खोंगबामतबम नानाओ मैतेई उर्फ खंगानबा (25) और क्षेत्रिमयुम रोशन सिंह उर्फ किलर (25) को गिरफ्तार किया। इसी तरह, मणिपुर पुलिस और 5/9 जीआर ने इंफाल ईस्ट जिले के संजेमबम खुल्लेन गांव के पास से केवाईकेएल के एक सक्रिय सदस्य कोन्जेंगबम इबोतोंचा मैतेई (54) को गिरफ्तार किया। वह जबरन वसूली में संलिप्त था। उसके पास से 7.62 एमएम की एके राइफल की 45 गोलियां, एक मोबाइल फोन और एक वॉलेट जब्त किया गया। इसके अलावा, पुलिस ने विश्नुपुर जिले के कुम्बी-पीएस क्षेत्र से पीआरईपीएके (प्रो) के एक कैडर, लैशराम टोम्बा उर्फ सुरेश मैतेई (36) को गिरफ्तार किया, जो काकचिंग और विश्नुपुर जिलों के लोगों से जबरन वसूली में शामिल था। उसके पास से एक हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। लमसांग-पीएस, इंफाल वेस्ट जिले के तेरा उरक इलाके में केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के अस्थायी शिविर पर छापा मारकर सात सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। इनमें पेबम बिशोरजीत सिंह (27), केशम बिशोरजीत सिंह (28), वारेपम प्रेमानंद सिंह (37), याम्बेम शीतल सिंह (35), डब्ल्यूएम अरिफ खान (24) और लोइतोंगबम हेम्बा सिंह (35) शामिल हैं।

जार्ज का दावा : केरल की चार सौ नहीं, चार हजार लड़कियां हुई हैं 'लव जिहाद' का शिकार

एजेंसी

नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम : केरल के वरिष्ठ भाजपा नेता पीसी जॉर्ज ने मंगलवार को राज्य में बड़े पैमाने पर लव जिहाद और नार्कोटिक्स जिहाद के बारे में एक बार फिर चौंकाने वाला दावा किया है। उनका कहना है कि पिछले साल पूरे केरल से चार हजार से अधिक लड़कियाँ गायब हुई हैं, जिनमें से ज्यादातर ह्यलव जिहादह्न का शिकार हुई हैं। अकेले कोट्टायम जिले के मीनाचिल तालुका से ही चार सौ से अधिक लड़कियाँ गायब हुई हैं। सात बार विधायक रहे केरल के सम्मानित नेता पीसी जॉर्ज ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में यह भी दावा किया कि उनका राज्य केरल इस्लामिक स्टेट(आईएसआईएस) के लिए भर्ती का केंद्र बन गया है। पिछले साल

केरल से चार हजार से अधिक लड़कियाँ गायब हुई हैं। खास बात है कि सभी मुस्लिम युवाओं के साथ भागी हैं। इस बात के भी मजबूत प्रमाण हैं कि वे सीरिया, जॉर्डन और अफगानिस्तान में ह्यसेक्स स्लेवह्न बनकर रह गई हैं। उल्लेखनीय है कि केरल में लव जिहाद और नार्कोटिक्स जिहाद की बढ़ती घटनाओं पर चर्चा करने के लिए बिशप जोसेफ कल्लारंगट्टू के द्वारा सोमवार को आयोजित बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्यों में से पीसी जार्ज भी एक थे। केरल कांग्रेस से सात बार विधायक रहे पीसी जार्ज इन दिनों लव जिहाद और नार्कोटिक्स जिहाद के खिलाफ मुहिम चलाए हुए हैं। वे दावा करते हैं कि उनके पास अपनी बातों को प्रमाणित करने के लिए पुख्ता सुबूत हैं। पीसी जार्ज के बयानों पर कम्युनिष्ट खेमें के साथ मुस्लिम लीग और पीएफआई उन पर हमलावर होती है और उनके खिलाफ मामले दर्ज कराए जाते हैं। वहीं पीसी जॉर्ज का कहना है कि लड़कियों को अपने साथ भगाने वाले एजेंटों को राज्य से राजनीतिक और आधिकारिक समर्थन मिल रहा है। बिशप कल्लारंगट्टू इन्हीं विषयों को लेकर स्वयं इस्लामिक कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। बिशप राज्य में ईसाई परिवारों को लव जिहाद और नार्कोटिक्स जिहाद के बारे में जागरूक कर रहे हैं। दूसरी पिनरई विजयन के नेतृत्व वाली माकपा सरकार इन सारे दावों को नकार रही है। वह लव जिहाद और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ खुलकर सामने आने के बिशप कल्लारंगट्टू और पीसी जार्ज के खिलाफ मामले दर्ज करा रही है। विजयन सरकार का कहना है कि ये लोग केरल में विभिन्न समुदायों के बीच दरार और धार्मिक नफरत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। जार्ज के खिलाफ भी ह्यघृणास्पद भाषणह्नके आरोपों के तहत कई मामले दर्ज किए हैं। मंगलवार को जॉर्ज ने एक बार फिर दावा किया था कि मीनाचिल (कोट्टायम) से 400 से ज्यादा लड़कियां गायब हैं और ये सभी लव जिहाद का शिकार हुई हैं। हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में जार्ज ने कहा कि आधिकारिक चैनलों के माध्यम से एकत्र किए गए डेटा और जानकारी के आधार पर ही वे यह खुलासा कर रहे हैं।

आईसीजी के जहाज 'सक्षम' ने सेशेल्स की यात्रा के साथ समुद्री सहयोग को किया मजबूत

एजेंसी

नई दिल्ली : भारतीय तटरक्षक बल के अपतटीय गश्ती पोत 'सक्षम' ने बुधवार को सेशेल्स के विक्टोरिया पोर्ट पहुंचा, जिसका उद्देश्य समुद्री सहयोग को मजबूत करना और क्षेत्रीय साझेदारी को बढ़ावा देना है। बंदरगाह पर प्रवास के दौरान जहाज का चालक दल कई पेशेवर बातचीत में शामिल होगा। यह मुलाकातें अंतर-संचालन को बढ़ाने, आपसी सीख को बढ़ावा देने, भारत और सेशेल्स के बीच समुद्री संबंधों को और ज्यादा मजबूत करने के लिए डिजाइन की गई हैं। आईसीजी के कमांडर अमित उनियाल ने बताया कि प्रवास के दौरान चालक दल की गतिविधियों में उच्च स्तरीय मुलाकातें, संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास और अपने सेशेल्स समकक्षों के साथ खेल आयोजन शामिल हैं। भारत की

वैश्विक दक्षिण देशों के साथ समुद्री साझेदारी को मजबूत कर रहा है भारतीय तटरक्षक बल

आउटरीच पहलों के अनुरूप राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट वॉकथॉन और समुद्र तट सफाई गतिविधि में भाग लेंगे, जो भारत सरकार के 'पुनीत सागर अभियान' में योगदान देगा। यह अभियान पर्यावरणीय स्थिरता और समुद्री संरक्षण के उद्देश्य से चलाया गया है। उन्होंने बताया कि आईसीजीएस सक्षम ने असम राइफल्स के 10 कर्मियों को भारतीय तटरक्षक-असम राइफल्स संबद्धता कार्यक्रम के तहत शामिल किया है। यह पहल अंतर-एजेंसी सहयोग को सुगम बनाने के साथ ही असम राइफल्स कर्मियों को

समुद्री अभियानों का अनुभव दिलाएगी, जिससे दोनों बलों के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान होगा। सेशेल्स की अपनी यात्रा के बाद आईसीजीएस सक्षम मेडागास्कर जाएगा, जहां वह कूटनीतिक संबंधों तथा हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में तटरक्षक बल के बीच सहयोग को बढ़ाएगा। आईसीजीएस सक्षम की यह यात्रा समुद्री सुरक्षा, क्षेत्रीय सहयोग और आईओआर में देशों के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। साथ ही वैश्विक दक्षिण देशों के साथ समुद्री साझेदारी को मजबूत करने के इरादे से भारत के वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है) के दृष्टिकोण को भी उजागर करती है। यह यात्रा आईओआर में विश्वसनीय समुद्री भागीदार के रूप में भारत की भूमिका उजागर करती है, जो सद्भावना और सहयोग के माध्यम से आपसी हितों को आगे बढ़ाएगी।

सीआईआई का उपाध्यक्ष बने रूपक बरुआ

कोलकाता : रूपक बरुआ को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बरुआ पेशे से वुडलैंड्स अस्पताल के एमडी और सीईओ हैं। उन्होंने 1980 के दशक में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में काम करना शुरू किया और धीरे-धीरे प्रगति की। उन्होंने कोलकाता के कुछ शीर्ष निजी अस्पतालों में सेवा दी है। मार्केटिंग में मास्टर डिग्री हासिल करने के बाद, उन्होंने सिंगापुर मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी और अहमदाबाद और बैंगलोर में भारतीय प्रबंधन संस्थानों से प्रबंधन विकास कार्यक्रम पूरा किया, साथ ही दो शीर्ष स्कूलों से प्रबंधन विकास कार्यक्रम भी पूरा किया। इससे पहले, रूपक बाबू सीआईआई की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा समिति के परिषद सदस्य, भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स की स्वास्थ्य सेवा समिति के राष्ट्रीय विशेषज्ञ और एसोसिएशन ऑफ हॉस्पिटल्स ऑफ ईस्टर्न इंडिया के अध्यक्ष थे।

रोहिंग्या-बांग्लादेशियों पर दिल्ली में एक्शन, 24 गिरफ्तार

एजेंसी

नई दिल्ली : अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई तेज हो गयी है। हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली पुलिस कमिश्नर के बीच एक अहम बैठक हुई थी, जिसमें दिल्ली की सुरक्षा और अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों-रोहिंग्याओं का मुद्दा प्रमुख रहा। इस बैठक के बाद पुलिस ने इन घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। दक्षिण पूर्वी जिला पुलिस ने 11 बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया, जबकि दक्षिण जिला पुलिस ने 13 अन्य बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को गिरफ्तार किया। कुल मिलाकर दिल्ली पुलिस ने 24 बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 4 महिलाएं और 2 बच्चे शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए ये लोग विभिन्न कामों जैसे सफाई और कूड़ा बीनने के कामों में लगे हुए थे। दक्षिण रेंज के ज्वाइंट सीपी संजय कुमार जैन ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि यह लोग पिछले कई सालों से दिल्ली में रह रहे थे। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि ये लोग भारत में किस रास्ते से आए थे और दिल्ली तक कैसे पहुंचे। संजय कुमार जैन ने कहा कि दोनों जिलों में लगभग 6000 लोगों के दस्तावेज की जांच की गई है। जिनमें से इन 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं डीसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस की इस मुहिम का उद्देश्य अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिगों और रोहिंग्याओं को पहचान कर उन्हें देश से बाहर भेजना है। यह कार्रवाई दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस की ओर से एक बड़ी पहल मानी जा रही है, जो नागरिकों की सुरक्षा के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

भारत के अलावा कई देशों से म्यांमार में फंसे लोग मजबूरन कर रहे साइबर ठगी

एजेंसी

लखनऊ : विदेश में अच्छी नौकरी का झांसा देकर म्यांमार बुलाकर साइबर ठगी के जाल में फंसाए गए 530 भारतीयों को दस मार्च को सकुशल भारत वापस लाया गया है। इनमें से 64 उत्तर प्रदेश के हैं, जो अन्य जिलों के रहने वाले हैं। इन लोगों से यूपी एसटीएफ, समेत सुरक्षा जांच एजेंसी की टीमों ने पूछताछ की। भारतीय नागरिकों ने बताया कि म्यांमार में साइबर ठगी कराई जाती थी और पूरे दिन में एक भी शिकार उनके हाथ नहीं लगता था तो उन्हें कई तरह से प्रताड़ित किया जाता था। चार घंटे सोने को और बाकी समय काम कराया जाता था। उन्होंने म्यांमार में अपने साथ हुई बर्बरता की आपबीती बयां की। कुछ लोग तो अपने ऊपर हुए सितम की दास्ता बयां करते हुए रोने लगते थे। अपर

पुलिस महानिदेशक (एडीजी) कानून व्यवस्था व एसटीएफ अमिताभ यश के नेतृत्व में टीमों ने म्यांमार से भारत लाए गए लोगों से पूछताछ की। इस दौरान इन लोगों ने बताया कि टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से अन्तरराष्ट्रीय संगठित गिरोह, साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह के सम्पर्क में आये थे। उन्हें अधिक वेतन का झांसा देकर कम्पयूटर डाट आपरेटर, कॉल हैडलर समेत कई विभिन्न प्रकार की नौकरियां बतायी गई थी। इसके लिए ऑनलाइन इंटरव्यू लिया और पास होने पर व्हाट्सएप, टेलीग्राम और मेल के जरिए नियुक्ति पत्र भेजा गया था। बैकांक पहुंचने पर गिरोह के लोगों उन्हें म्यांमार बार्डर के एक होटल में ठहराया गया। अगले दिन गिरोह के दूसरे लोग म्यांमार थाईलैंड बार्डर की नदी पार करके एक स्थान पर ले जाया गया। यहां पर रहने के लिए हॉस्टल, ट्रेनिंग सेंटर बना रखे थे। उन लोगों के यहां पर पहुंचने पर उनके पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज छिपा लेते थे।

भारत को 2030 तक 600 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखना चाहिए : सीईईडब्ल्यू

एजेंसी

नई दिल्ली : भारत को बिजली की बढ़ती मांग को विश्वसनीय और किफायती ढंग से पूरा करने के लिए अपनी स्वच्छ ऊर्जा क्षमता को 2030 तक 600 गीगावाट तक बढ़ाना होगा। यह जानकारी काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की नई रिपोर्ट हाउ कैन इंडिया मीट इट्स राइजिंग पॉवर डिमांड? पाथवेज टू 2030 से सामने आई है। इसे बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल डायलॉग ऑन पॉवरिंग इंडियाज फ्यूचर कार्यक्रम में जारी किया गया। यह अपनी तरह का पहला अध्ययन

है, जिसने 2030 में प्रत्येक 15 मिनट के लिए भारत के पॉवर सिस्टम डिस्पैच का मॉडल बनाया है। इससे सामने आया है कि अगर बिजली की मांग केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के पूर्व-आकलन के अनुरूप बढ़ती है तो भारत की मौजूदा, निमार्णाधीन और नियोजित बिजली उत्पादन क्षमता 2030 में बिजली जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त होगी। हालांकि यदि आगामी पांच वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग या तेज आर्थिक विकास के कारण बिजली की मांग मौजूदा अनुमानों से अधिक तेजी से बढ़ी तो सीईईडब्ल्यू के अध्ययन के अनुसार 2030 तक अक्षय ऊर्जा की उच्च हिस्सेदारी के साथ 600 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता का रास्ता सबसे उपयुक्त और किफायती विकल्प होगा। इसमें 377 गीगावाट सौर ऊर्जा, 148 गीगावाट पवन ऊर्जा, 62 गीगावाट जलविद्युत और 20 गीगावाट परमाणु ऊर्जा शामिल होगी। यह अध्ययन ऐसे समय में आया है, जब फरवरी 2025 में देश में बिजली की मांग रिकॉर्ड 238 गीगावाट तक पहुंच गई और असामान्य उच्च तापमान के कारण आने वाले गर्मी के महीनों में पीक डिमांड 260 गीगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है, जो पूर्व आंकलन से अधिक है। केंद्रीय विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने कहा कि हमने गैर-जीवाश्म ईंधन की क्षमता बढ़ाने और 2070 तक नेट जीरो तक पहुंचने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। ये लक्ष्य विकसित भारत के लिए आवश्यक हैं। गैर-जीवाश्म क्षमता 2014 में 76 गीगावाट से लेकर 2025 में 220 गीगावाट पहुंचने तक, हमारी स्वच्छ ऊर्जा की यात्रा शानदार रही है। पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और सीईईडब्ल्यू के ट्रस्टी डॉ. सुरेश प्रभु ने कहा कि भारत का ऊर्जा परिवर्तन उसकी आर्थिक महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप होना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें

तेल खनन से जुड़े विधेयक को मिली संसद की मंजूरी

नई दिल्ली : लोकसभा ने बुधवार को प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम की खोज और निकासी को नियंत्रित करने वाला विधेयक पारित कर दिया। ऑयलफील्ड्स (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 इससे जुड़े 1948 के अधिनियम का स्थान लेने के लिए लाया गया है। राज्यसभा इसे पिछले साल दिसंबर में पारित कर चुकी है। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। यह विधेयक खनिज तेल की परिभाषा को विस्तार देता है और स्पष्ट करता है कि इसमें कोयला, लिग्नाइट या हीलियम इसमें शामिल नहीं है। इसमें खनन पट्टे पर देने, केंद्र सरकार को कई मामलों पर नियम बनाने का अधिकार देने, कुछ विषयों को अपराध के दायरे से हटाने और दंड तय करने के प्रावधान शामिल हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने विधेयक को पेश करते और चर्चा का जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि विधेयक से राज्यों के अधिकार और सार्वजनिक-निजी क्षेत्र के बीच समान अवसर प्रभावित नहीं होंगे। तेल विधेयक का उद्देश्य पट्टे के कार्यकाल और स्थिति दोनों के संदर्भ में परिचालन में स्थिरता प्रदान करके भारत में निवेश करने में रुचि रखने वाली वैश्विक तेल कंपनियों की सबसे बड़ी शिकायतों में से एक को हल करना है। पुरी ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा पर ध्यान केन्द्रित कर काम कर रही है। इसके लिए हमारी उपलब्धता, सुलभता और निरंतरता की तीन विषयों पर केन्द्रित नीति है। भारत एक बड़ा उपभोक्ता बाजार है। हम सस्ती दरों पर कहीं से भी तेल और गैस खरीदने को तैयार हैं। वर्तमान में हम 39 देशों से तेल आयात कर रहे हैं। बड़ा बाजार होने के नाते हम दामों पर अच्छा मोल-भाव भी कर लेते हैं। सुलभता और सस्ती दरों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने तेल कीमतों में पिछले दो सालों में कर कटौती कर कमी लाने का प्रयास किया है। भाजपा शासित राज्यों ने भी ऐसा किया है लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों ने कोई रियायत नहीं दी है।

भारत में मिलेगी अमेरिका जैसी इंटरनेट स्पीड, जियो ने स्पेसएक्स से किया समझौता



नई दिल्ली : देश की दिग्गज मोबाइल कंपनी रिलायंस जियो ने एलॉन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ साझेदारी शुरू करने का ऐलान किया है। इस समझौते के तहत स्पेसएक्स के जरिए स्टारलिंक की हाई स्पीड इंटरनेट सर्विस भारतीय उपभोक्ताओं को मिल सकेगी। हालांकि अभी स्पेसएक्स को भारत में स्टारलिंक सर्विस बेचने की मंजूरी नहीं मिली है। सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ही यह समझौता प्रभावी होगा। आपको बता दें कि 11 मार्च को ही रिलायंस जियो की कंपीटीटर भारती एयरटेल ने भी स्पेसएक्स के साथ इसी तरह के समझौते का ऐलान किया था। रिलायंस जियो के मुताबिक कंपनी स्टारलिंक के इंस्ट्रूमेंट्स को अपने रिटेल स्टोर्स और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए आम उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराएगी। इसके साथ ही उपभोक्ताओं के लिए इंस्टॉलेशन और सर्विस एक्टिवेशन की प्रक्रिया को भी आसान बनाया जाएगा। समझौता के बाद रिलायंस जियो ने एक बयान में बताया कि स्पेसएक्स के साथ हुई साझेदारी का मुख्य उद्देश्य भारत के ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी भरोसेमंद ब्रॉडबैंड सेवाएं पहुंचाना है। स्टारलिंक देश के सबसे चुनौती पूर्ण स्थान में भी हाई स्पीड और सस्ती इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराके जियो एयर फाइबर और जियो फाइबर का सहायक बनेगा। रिलायंस जियो के ग्रुप सीईओ मैथ्यू उमेन ने समझौते के बाद कहा कि कंपनी का उद्देश्य हर भारतीय को हाई स्पीड और सस्ती इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराना है। ऐसे में स्पेसएक्स के साथ रिलायंस जियो की साझेदारी भारत में निर्बाध ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिए एक ऐतिहासिक कदम होगा। वहीं बयान में स्पेसएक्स की प्रेसिडेंट और सीओओ ग्विन शॉटवेल की ओर से कहा गया है कि उनकी कंपनी भारत में जियो के डिजिटल विस्तार में योगदान देने को लेकर उत्साहित है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार की ओर से इस संबंध में जल्द ही सभी मंजूरी मिल जाएगी। इसके बाद उनकी कंपनी भारत में भी हाई स्पीड इंटरनेट सर्विस उपलब्ध करा सकेगी। माना जा रहा है कि भारत में स्पेसएक्स की स्टारलिंक सुविधा शुरू हो जाने के बाद फिक्स्ड ब्रॉडबैंड की इंटरनेट स्पीड पर काफी असर पड़ेगा।

टेक्नो होली रंगोत्सव : रंग, त्यौहार और शानदार जीत का दमदार जश्न

नई दिल्ली : होली सिर्फ रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि जश्न, अपनापन और खुशियों का मौका भी है। इस बार टेक्नो, जो अपनी इनोवेशन और बेहतरीन सिग्नल कनेक्टिविटी के लिए जाना जाता है, इस त्यौहार को रंगोत्सव के साथ और भी खास बना रहा है, जहाँ खूब धमाल होगा, मस्ती होगी और ढेर सारे सरप्राइजेस भी। त्यौहार की खुशियों को दुगना करने के लिए टेक्नो ग्राहकों को शानदार इनाम जीतने का सुनहरा मौका दे रहा है। 7 मार्च से लेकर 31 मार्च, 2025 के बीच जो भी ग्राहक नजदीकी रिटेल स्टोर से कोई भी टेक्नो स्मार्टफोन खरीदेंगे, उन्हें सिर्फ एक दफ कोड स्कैन करके और अपनी डिटेल सबमिट करके लकी ड्रॉ में शामिल हो सकते है और खास बात यह है कि 24 खुशकिस्मत विजेताओं को नया स्कूटर, गोल्ड वाउचर और लेटेस्ट टेक्नो स्मार्टफोन जीतने का मौका भी मिलेगा। लकी ड्रॉ का रिजल्ट 4 अप्रैल, 2025 को घोषित किया जाएगा, तो हो जाए तैयार जश्न के लिए। होली का जश्न सिर्फ ग्राहकों तक ही सीमित नहीं है। टेक्नो अपने रिटेल पार्टनर्स के सहयोग और विश्वास की कद्र करता है और इसलिए त्यौहार की खुशी उनके साथ भी बाँट रहा है। टेक्नो की ग्रोथ में उनके योगदान उनके भरोसे और समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए, ब्रांड ने खासतौर पर रिटेल पार्टनर्स के लिए भी लकी ड्रॉ का आयोजन किया है, जहाँ उन्हें खास तोहफे जीतने का मौका मिलेगा। टेक्नो हमेशा से अपने रिटेल नेटवर्क को अहमियत देता आया है और भारतीय संस्कृति से जुड़ी ऐसी पहल के माध्यम से इन रिश्तों को और मजबूत करता रहता है। लेकिन, मजा यहीं खत्म नहीं होता। टेक्नो अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी होली का रंग जमाए रखेगा, जहाँ ढेरों सरप्राइजेस और कॉन्टेस्ट की झलकियाँ मिलती रहेंगी।

इंदौर में वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस इंग्लैंड पुरस्कार समारोह का समापन हुआ

इंदौर : इंग्लैंड के विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त संगठन वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस ने मध्य प्रदेश के इंदौर मैरियट होटल में 'पुरस्कार समारोह 2025' का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम उत्कृष्टता का उत्सव था, जिसमें समाज में असाधारण योगदान देने वाले विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह में पूरे भारत से नेताओं, नवप्रवर्तकों और परिवर्तन करने वालों की एक प्रतिष्ठित सभा ने भाग लिया। इस अवसर पर बॉलीवुड की मशहूर हस्तियां, विभिन्न उद्योगों की प्रभावशाली हस्तियां और सामाजिक कार्यकर्ता भी मौजूद थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्यमित्र भार्गव (महापौर, इंदौर) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशाल कपूर (फिल्म निमार्ता और बॉलीवुड फैशन आइकन) ने की। विशेष अतिथियों में कमल घिमिरे (भारतीय टीवी अभिनेता), अनिल जेठवानी (भारत सरकार), जूही भार्गव (उच्च न्यायालय, अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता), माला सिंह ठाकुर (सामाजिक कार्यकर्ता) और गजेंद्र नारंग (रियल एस्टेट विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता) शामिल थे।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**